
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 29
फरीदाबाद, रविवार, 03 मार्च, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आईपीएलः सीएसके का अभ्यास शिविर शुरू

पेज - 12

ANIL GENERATOR
SILENT GAS GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1500 KVA
DUAL FUEL GAS KIT DUNGS GERMANY FITMENT IN 250 KVA TO 1500 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
250 KVA Gas Generator Leyland authorised Channel Partner
Add : 20/6, Mathura Road, Nuchem Compound, Faridabad | Ph : 0129-4873365
Mob : 9811066365, 9311066365
E-mail : anil.kapoor74@gmail.com
Surendra.kapoor74@gmail.com

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 24.00°C
न्यूनतम 16.00°C

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी आज मंत्रिपरिषद की बैठक लेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन मार्च को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जो उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान इस तरह की संभवत: अंतिम बैठक होगी। प्रधानमंत्री प्रमुख नीतिगत व शासन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर संपूर्ण मंत्रिपरिषद की बैठकें करते रहे हैं, लेकिन रविवार को होने वाली बैठक अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग अगले कुछ दिनों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। बैठक यहां चाणक्यपुरी डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में सुषमा स्वराज भवन में होगी। बैठक में सरकार के प्रदर्शन समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जा सकती है। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने अपनी विकास योजनाओं के दम पर लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का विश्वास व्यक्त किया है।

## भाजपा की पहली चुनावी लिस्ट जारी, 195 नाम शामिल

# काशी से मोदी, गांधीनगर से अमित शाह लड़ेंगे चुनाव

## हरियाणा की लिस्ट 5 से 7 मार्च के बीच आने की संभावना

**पहली लिस्ट में 28 महिलाएं, 47 युवा, 27 एससी, 18 एसटी और 57 ओबीसी शामिल**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**करीब** तीन महीने तक चले आंतरिक सर्वे और ऑब्जरवर्स की गोपनीयत रिपोर्ट के बाद आखिकार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पहली लिस्ट जारी कर दी। इनमें 195 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। पहली लिस्ट में 28 महिलाएं, 47 युवा, 27 एससी, 18 एसटी और 57 ओबीसी प्रत्याशी शामिल किए गए हैं। लिस्ट के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी फिर से वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे।

ज्योतिरादित्य सिंधिया को एमपी के गुना से और शिवराज सिंह को विदिशा से टिकट दिया है। इस लिस्ट में उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 20, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, झारखंड की 11, छत्तीसगढ़ की 11, केरल की 12, तेलंगाना की 9, असम की 11, दिल्ली की 5, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन, अरुणाचल की दो, गोवा की एक, त्रिपुरा की एक, अंडमान की एक, दमन और दीव की एक सीट शामिल हैं।

पहली लिस्ट में वाराणसी से नरेंद्र मोदी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से विष्णु पद रे, अरुणाचल प्रदेश से किरेन रिजजू, अरुणाचल पूर्व से तापिर गाओ, करीमगंज से कृपानाथ मल्लाह, सिलचर से परिमल शुक्लाबैद्य, ऑटोनोमस जिला अजजा से अमर सिंग तिस्सो, गुवाहटी से बिजुली कलिता मेधि, मंगलदोई से दिलीप सैकिया, तेजपुर से रंजित दत्ता, नौगांव से सुरेश बोरा, कलियाबोर से कामख्या प्रसाद तासा, जोरहाट से तोपोन कुमार गोगोई, डिब्रूगढ से सर्वानंद सोनोवाल, लखीमपुर प्रधान बरुआ, सरगुजा से चिंतामणि महाराज, रायगढ़ से श्री राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चंपा से कमलेश जांगडे, कोरबा से सरोज पांडे, बिलासपुर से तोखन साहू, राजनंदगांव से संतोष पांडे, दुर्ग से विजय बघेल, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद से रूप कुमारी चौधरी, बस्तर से महेश कश्यप, कांकेर से भोजराज नाग, दमन एंव दीप से लालूआई पटेल, चांदनी चौक से श्री प्रवीण खंडेलवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत, दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूडी, उत्तर गोवा से श्रीपद येस्सो नाईक, कच्छ से विनोदभाई लखमाशी चावड़ा, बनासकांठा से (डॉ.) रेखाबेन हितेशभाई चौधरी, पाटण से भरतसिंहजी दाभी, गांधीनगर से अमित शाह, अहमदाबाद पश्चिमी से दिनेशभाई कोडरभाई मकवाना, राजकोट से परषोत्तम रुपाला, पोरबंदर से मनसुखभाई मंडाविया, जामनगर से पुनमबेन माडम, आणंद से मितेशभाई रमेशभाई पटेल, खेड़ा से देवुसिंह चौहान, पंचमहल से राजपालसिंह महेंद्रसिंह जाधव, दाहोद से जसवन्तसिंह भाभोर, भरूच से मनसुखभाई वसावा, बारडोली से प्रभुभाई नागरभाई वसावा, नवसारी से सी.आर. पाटिल, उधमपुर से डॉ. जितेंद्र सिंह, जम्मू से जुगल किशोर शर्मा, राजमहल से ताला मरांडी, दुमका से सुनील सोरेन, गोड्डा से निशिकांत दुबे, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, रांची से संजय सेठ, जमशेदपुर से विदयुत बरण महतो, सिंहभूम से गीता कोड़ा, खूंटी से अर्जुन मुंडा, लोहारदगा से समीर उराँव, पलामू से विष्णु दयाल राम, हजारीबाग से मनीष जयसवाल, कासरगोड से एम.एल. अश्विनी, कण्णूर से सी. रघुनाथ, वडकरा से प्रफुल्ल कृष्ण, काजिक्कोड से एम.टी. रमेश, मलप्पुरम से डॉ. अब्दुल सलाम, पोन्नानी से निवेदिता सुब्रमण्यन, पालक्कड से सी. कृष्णकुमार, त्रिशूर से सुरेश गोपी, अलपुझा से शोभा सुरेंद्रन, पत्तनमतिट्टा से अनिल के. एंटनी, अट्टिंगल से वी. मुरलीधरन, तिरुवनंतपुरम से राजीव चन्द्रशेखर, मुरैना से शिवमंगल सिंह तोमर, भिंड से संध्या राय, ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाहा, गुना से ज्योदिरादित्य सिन्धिया, सागर से लता वानखेड़े, टीकमगढ़ से वीरेन्द्र खटीक, दमोह से राहुल लोधी, खजुराहो से वी.डी. शर्मा, सतना से श्री गणेश सिंह, रीवा से जनार्दन मिश्र, सीधी से डॉ. राजेश मिश्रा, शहडोल से हिमाद्री सिंह, जबलपुर से आशिष दुबे, मंडला से फगगन सिंह कुलस्ते, होशंगाबाद से दर्शन सिंह चौधरी, विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, भोपाल से अलोक शर्मा, राजगढ़ से रोडमल नागर, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी, मंदसौर से सुधीर गुप्ता, रतलाम से अनिता नागर सिंह चौहान, खरगोन से गजेन्द्र पटेल, खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटिल, बैतूल से दुर्गा दास उइके, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल, चुरू से देवेन्द्र झाझरिया, सीकर से स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, अलवर से भूपेंद्र यादव, भरतपुर से रामस्वरूप कोली, नागौर से ज्योति मिर्धा, पाली से पी.पी. चौधरी, जोधपुर से गजेन्द्र सिंह शेखावत, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, जालौर से लुम्बाराम चौधरी, उदयपुर से मन्नालाल रावत, बांसवाड़ा से महेंद्र मालवीय, चित्तौड़गढ़ से सी.पी .जोशी, कोटा से ओम बिड़ला, झालावाड़-बारां से दुष्यन्त सिंह, करीमनगर से बंडी संजय कुमार, निजामाबाद से अरविन्द धर्मपुरी, जहीराबाद बी.बी. पाटिल, मल्काजगिरि ईटेला राजेंदर, सिंकदराबाद से जी. किशन रेड्डी, हैदराबाद से (डॉ.) माधवी लता, चेलवेल्ला से कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, नगरकुर्नूल पी. भरत, भोंगीर से बोरा नरसैयाह गौड़, त्रिपुरा पश्चिम से बिप्लब कुमार देब, टेहरी गढ़वाल से माला राज्य लक्ष्मी शाह, अल्मोडा से अजय टम्टा, नैनीताल-उधमसिंह नगर से अजय भट्ट, कैराना से प्रदीप कुमार, मुज्फ्फरनगर से डॉ. संजीव कुमार बालियान, नगीना से ओम कुमार, रामपुर से घनश्याम लोधी, संभल से परमेश्वर लाल सैनी, अमरोहा से कंवर सिंह तंवर, गौतमबुद्धनगर से डॉ. महेश शर्मा, बुलन्दशहर से डॉ. भोला सिंह, मथुरा हेमा मालिनी, आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी से राज कुमार चाहर, एटा से राजवीर सिंह (राजू भैया) सहित 195 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं।

सूत्रों की मानें तो भाजपा 10 मार्च तक 50 फीसदी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर सकती है। 2019 के चुनाव में भी पार्टी ने यही किया था। पिछली बार लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा से कुछ हफ्ते पहले भाजपा ने 21 मार्च को 164 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया था।



### हरियाणा की लिस्ट में एक दो नाम चौंकाने वाले हो सकते हैं

**पहले** संभावना जताई जा रही थी कि पहली लिस्ट में हरियाणा से भी तीन-चार नामों की घोषणा हो सकती है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। माना जा रहा है कि हरियाणा की लिस्ट में भी एक-दो नाम चौंकाने वाले हो सकते हैं। इन दिनों हरियाणा की सबसे ज्यादा चर्चित सीट फरीदाबाद लोकसभा है। यहां प्रदेश चुनाव समिति ने केंद्रीय चुनाव समिति के पास दो नाम भेजे हैं, जिसमें एक मौजूदा सांसद कृष्णपाल गुर्जर का है जबकि दूसरा नाम पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल का है। इस सीट पर तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर प्रदेश चुनाव समिति की लिस्ट के अनुसार बाहर हो गए हैं, हालांकि नागर अब भी अपने नाम को लेकर आश्वस्त है कि उन्हें एमपी टिकट मिल सकती है।

## नफे सिंह राठी के तीन हत्यारों की फोटो सार्वजनिक, वारदात में यूज कार मिली

**एजेंसी।** रेवाड़ी

**हरियाणा** में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी के तीन हत्यारों की हरियाणा पुलिस ने फोटो जारी की है। आशीष उर्फ बाबा नांगलोई, दीपक उर्फ नकुल सांगवान और अतुल नजफगढ़ की सूचना देने वाले को पुलिस ने एक-एक लाख रुपये देने का ऐलान किया है। वहीं हत्याकांड में यूज हुई कार रेवाड़ी जंक्शन की कार पार्किंग से बरामद हो गई है।

एसपी अर्पित जैन ने इसकी पुष्टि की। रेवाड़ी जीआरपी थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि स्टेशन के बिल्कुल बगल वाली पार्किंग में ये कार 25 फरवरी की रात खड़ी की गई थी। आरोपियों ने पार्किंग की पर्ची भी कटवाई हुई है। कार को झज्जर पुलिस को सौंप दिया गया है। आरोपी उसी रात रेवाड़ी जंक्शन से किसी ट्रेन में सवार होकर फरार हुए है। पुलिस की टीमें स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी हुई है। झज्जर एसपी अर्पित जैन ने बताया कि हत्या में यूज हुई कार एक से दूसरे लोगों के पास गई। कुछ लोगों को राउंडअप किया गया है। परिवार को धमकी देने वाले राजस्थान के रहने वाले दिलीप सिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि अभी शुरुआती पूछताछ में उसका किसी गैंगस्टर के साथ कोई संपर्क नहीं पता लगा।



दीपक उर्फ नकुल सांगवान | अतुल नजफगढ़ | आशीष उर्फ बाबा नांगलोई

## भाजपा ने योग्यता पर विचार किए बिना उम्मीदवार उतारे : आप

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर के राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने के अनुरोध का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल ने बिना योग्यता और लोगों के लिए काम करने की प्रतिबद्धता पर विचार किए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारती है। पूर्वी दिल्ली से भाजपा के सांसद गंभीर ने पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से उन्हें अपने राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया ताकि वह अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें। लोकसभा चुनावों के लिए पूर्वी दिल्ली से आप के उम्मीदवार कुलदीप कुमार के साथ संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने दावा किया कि गंभीर का अनुरोध खुलासा करता है कि भाजपा इस वर्ष चुनाव में उन्हें नहीं उतार रही। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि गंभीर ने पूर्वी दिल्ली के अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपने पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान कुछ नहीं किया।



## झारखंड में स्पेनिश टूरिस्ट से आठ युवकों ने किया गैंगरेप

**एजेंसी।** दुमका

**झारखंड** के दुमका में शुक्रवार देर रात स्पेन की महिला से गैंगरेप हुआ। वारदात कुरमाहाट इलाके में हुई, स्पेनिश महिला टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। महिला की उम्र 30 साल है। महिला दुमका में घूम रही थी। रात होने पर पति के साथ एक खेत में टेंट लगाकर आराम कर थी तभी उसके साथ वारदात हुई।

विरोध करने पर आरोपियों ने कपल के साथ मारपीट भी की। गैंगरेप में कुंजी गांव के 7-8 युवकों के शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। वारदात के बाद महिला खुद बाइक चलाकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। इधर मामला बजट सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में भी उठा। भाजपा विधायक अमित मंडल ने इसे प्रदेश के साथ-साथ देश की बदनामी बताया। स्पेन से आए पति-पत्नी पहले पाकिस्तान गए थे, वहां से बांग्लादेश होते हुए झारखंड के दुमका पहुंचे थे। महिला अपने पति के साथ बाइक से टूर पर निकली है। दोनों दुमका होते हुए भागलपुर की ओर जा रहे थे, लेकिन रात होने पर हंसडीहा बाजार से पहले एक सुनसान जगह पर टेंट लगाकर सो गए। इसी दौरान आसपास के कुछ युवक वहां पहुंचे और उन्होंने महिला के साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने केस दर्ज करके युवकों की तलाश शुरू कर दी है।



**पति के साथ दुमका में टेंट लगाकर सो रही थी**

**खुद बाइक चलाकर हॉस्पिटल पहुंची**

## हिमाचल में सुक्खू की कैबिनेट मीटिंग में बवाल

# दो मंत्री बैठक छोड़कर बाहर निकले, डिप्टी सीएम मनाकर लाए


**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार में नया बवाल शुरू हो गया है। विधायकों के बाद अब मंत्रियों ने सीएम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को कैबिनेट मीटिंग के दौरान हंगामा हो गया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और राजस्व मंत्री जगत नेगी अचानक कैबिनेट की मीटिंग छोड़कर बाहर निकल गए। इसके बाद डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री बाहर आए। उन्होंने पूछा कि मंत्री कहां हैं?। जब उन्हें मंत्री के बाहर जाने का पता चला तो वे दौड़े-दौड़े गए और मंत्री रोहित ठाकुर को मनाकर वापस लाए।

सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट मीटिंग में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई थी। तब जगत नेगी मीटिंग से उठकर बाहर चले गए। बाद में रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग से जुड़ी कुछ एजेंडा आइटम कैबिनेट में लगाने का आग्रह किया, लेकिन मुख्यमंत्री ने अगली कैबिनेट लाने की बात कही। इससे रोहित ठाकुर नाराज हो गए और कैबिनेट मीटिंग से उठकर बाहर चले गए। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि मेरा बेटा आज पहली बार हॉस्टल गया है, इसलिए वह जाना चाह रहे थे। तब मुझे बोला गया कि एजेंडा पूरा करके जाएं। जब रोहित से आंखें लाल होने की वजह पूछी गई तो उन्होंने कहा कि हम पहाड़ी आदमी हैं, इसलिए जल्दी भावुक हो जाते हैं। उनकी आंखें हमेशा लाल रहती हैं।

मंत्री जगत नेगी ने कहा कि उनका टूर प्रोग्राम पहले से तय था। इसलिए वह मुख्यमंत्री को बताकर काफी पहले मीटिंग से बाहर आ गए थे। बाद में मीटिंग में क्या हुआ, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। कैबिनेट मीटिंग के बाद स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि रोहित ठाकुर की कोई नाराजगी नहीं है। वह कुछ डॉक्यूमेंट भूल गए थे, इसलिए बाहर आए थे। उधर, मंत्री विक्रमादित्य पहले ही सीएम सुखविंदर सुक्खू से नाराज चल रहे हैं। वह इस मीटिंग में हिस्सा लेने के बजाय दिल्ली गए हैं। इससे पहले भी चर्चा हुई थी कि वह मीटिंग बीच में छोड़कर चंडीगढ़ में बागी विधायकों से मिलने चले गए थे।

उधर, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के बागी विधायक राजेंद्र राणा ने शनिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्यशैली से घुटन महसूस कर रहे पार्टी के नौ और विधायक उनके संपर्क में हैं। राणा ने कांग्रेस के पांच अन्य विधायकों के साथ राज्यसभा चुनावों में क्रॉस वोटिंग की थी। विधानसभा में कटौती प्रस्ताव और वित्त विधेयक पर मतदान से अनुपस्थित रहने को लेकर उन्हें सदन से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। राणा ने एक साक्षात्कार में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मित्र राज्य में सरकार चला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचित प्रतिनिधि, विशेष रूप से मंत्री घुटन और अपमानित महसूस कर रहे हैं।



## राजस्थान में सात आईएएस अधिकारियों के तबादले

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने शनिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सात अधिकारियों के तबादले किए। कार्मिक विभाग ने एक आदेश जारी कर यह जानकारी दी। आदेश के मुताबिक, भवानी सिंह देथा को प्रमुख शासन सचिव (युवा मामले व खेल विभाग) के पद पर नियुक्त किया गया है। आदेश में बताया गया कि शासन सचिव (स्कूल शिक्षा व भाषा) नवीन जैन को शासन सचिव (आयोजना) और आईएएस घनेन्द्र भान चतुर्वेदी को सीकर का नए संभागीय आयुक्त नियुक्त किया गया है। आदेश के मुताबिक, डॉ. मोहन लाल यादव को शासन सचिव (महिला व बाल विकास विभाग) का पदभार सौंपा गया है।

## हिमाचल के मनाली में एवलांच

# नेहरू कुंड के पास सड़कों पर कई गाड़ियां पलटीं, कोई हताहत नहीं हुआ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**जम्मू**-कश्मीर और हिमाचल में एक मार्च से बर्फबारी हो रही है। इससे कई सड़क ठप हो गई हैं। दोनों राज्यों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। हिमाचल में लगातार हो रही बर्फबारी के बीच मनाली में शनिवार को एवलांच (हिमस्खलन) हुआ। इससे नेहरू कुंड के पास मनाली-सोलंगनाला रोड पर कई गाड़ियां पलट गईं। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि मलबे के कारण सड़क पर आवाजाही बंद कर दी गई है।

देश में पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश हो रही है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटे से बारिश-बर्फबारी हो रही है। खराब मौसम के चलते राजौरी जिले में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बनिहाल और रामबन सेक्टर के बीच कई जगह लैंडस्लाइड हुई। इससे श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद हो गया। बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह, मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़, बांदीपोरा-गुरेज और कुपवाड़ा-तंगधार सड़कों पर भी ट्रैफिक रुका हुआ है। हिमाचल के अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्पा, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में 4 से 6 इंच से ज्यादा बर्फबारी हो चुकी है। अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा 228 सड़कें बंद हैं। बीती रात मध्य प्रदेश और दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी हुई। उत्तर प्रदेश में तेज आंधी के साथ भारी बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने शनिवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। बिहार, गुजरात, छत्तीसगढ़, सिक्किम, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में बूंदाबांदी की संभावना है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। दिल्ली में आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। पंजाब में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का अलर्ट है।



### जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी, रेड अलर्ट

पंजाब और हरियाणा में गरज के साथ बौछारें, बिजली गिरने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ बारिश होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। गुजरात और उत्तरी मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में और छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश संभव है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी से बहुत भारी बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में ओलावृष्टि का भी अलर्ट है।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 03 मार्च, 2024



# गो सेवा करने से सफल हो जाता है जीवन : मनधीर



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस के आवेदक मनधीर सिंह मान पलवल के चांदहट गांव के रागनी कंपटीशन में पहुंचे। जहां गांव वालों ने माला पहनकर व शॉल उढ़ाकर आदर सत्कार किया। इस मौके पर मनधीर सिंह मान ने 15000 की योगदान राशि भेंट स्वरुप गौशाला को दी और महाराज जी से आशीर्वाद लिया।

मान ने सभी सरदारी का दिल से धन्यवाद किया और कहा कि गो माता के लिए आस्था रखते हुए जो प्रेम की ज्योत जलाई है, उसका दिल से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने रागनी का आनंद लिया और कलाकारों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान ने गो हत्या को सबसे बड़ा पाप बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गो सेवा वो सेवा है, जिसे स्वयं श्री कृष्ण भगवान भी करके गए हैं, क्योंकि समुद्र मंथन के दौरान कामधेनु नाम का एक रत्न निकला था, जिसकी सभी संताने ये गोवंश है। उनकी रक्षा करना भी हमारा कर्त्तव्य है।

# लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें युवा : सीटीएम

## नेहरू कॉलेज में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**शनिवार** को राजकीय नेहरू महाविद्यालय में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वीप एक्टीविटी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीटीएम अंकित कुमार ने की। नगराधीश ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व यानी 18वीं लोकसभा आम चुनाव आने वाले हैं। इसमें सभी युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है तथा अपने परिजनों एवं जान पहचान वालों को इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित भी करना है।

जिला प्रशासन की ओर सभी मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन जागरुकता के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसमें आप सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

सीटीएम अंकित कुमार नेहरू कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। सीटीएम अंकित कुमार ने वहां उपस्थित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप गतिविधियों के साथ युवा क्लबों, महिला मंडलों और स्वैच्छिक संस्थाओं को भी शामिल करें। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न स्तरों पर युवाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करें, जिसके माध्यम से मतदान के महत्व के बारे में नागरिकों को अवगत करवाया जा सके और मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। जिले में नोडल अधिकारियों और अन्य टीमों के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं, ताकि निष्पक्ष तौर पर निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सके। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में पहले के मुकाबले अधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें। पिछले चुनाव में जिन क्षेत्रों में कम मतदान रहा है, उनके लिए विशेष योजना बना कर वहां मतदान प्रतिशत को और अधिक बढ़ाने का प्रयास जिला प्रशासन करेगा। महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नए मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा सके।

राजकीय नेहरू कॉलेज की प्रिंसिपल रुचिका खुल्लर ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं तथा अन्य सभी योग्य लोग अपना-अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में अपना-अपना नाम चेक कर लें। अगर नाम नहीं है तो फिर आवेदन करें। मतदान करने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य है। मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत 12 पहचान पत्र में से किसी एक का उपयोग कर मतदान कर सकते हैं। कार्यक्रम में इलेक्शन तहसीलदार सहित अन्य मौजूद थे।

# मैराथन के पल-पल के फोटो वेबसाइट पर होंगे अपलोड

**चप्पे-चप्पे पर रहेगी सुरक्षा सूरजकुंड रोड पर ट्रेफिक रहेगा बंद**

## ओएसडी सीएम पंकज नैन, डीसी विक्रम सिंह ने सूरजकुंड मेला ग्राउंड पहुंचकर किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सीएम** ओएसडी आउटरिच प्रोग्राम डीआइजी पंकज और डीसी विक्रम सिंह ने तमाम प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के साथ फरीदाबाद हॉफ मैरथन के ग्राउंड और रोङ का निरक्षण किया। सूरजकुंड मेला ग्राउंड में पहुंच कर मौके का जायजा लिया और सारी व्यवस्थाओं को क्रॉस चैक किया गया।

रविवार को फरीदाबाद महानगर में होने वाले हॉफ मैराथन को बहुत बड़े स्तर पर दिल्ली एनसीआर में जिला, प्रदेश व देश तथा विदेशों से सराहा जा रहा है।

डीआइजी पंकज नैन और डीसी विक्रम सिंह ने शनिवार को सूरजकुंड मेला ग्राउंड पहुंचकर मैराथन रूट, मंच, ग्राउंड , स्टेज, फ्लैग मार्च सहित तमाम व्यवस्थाओं की जांच बारिकी से की। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद हाफ मैराथन में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन अब तक धावकों द्वारा हो चुका है। हालांकि गुरुवार 29 फरवरी को मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन का कार्य भी बंद कर दिया गया। यही नहीं फरीदाबाद हाफ मैराथन को अब वर्ल्ड रनिंग एजेंसी एआईएमएस द्वारा भी सर्टिफाइड कर दिया गया है। वहीं भागीदारों को टी शर्ट और किट भी उपलब्ध कराई गई है।

एजेंसी द्वारा मैराथन रूट की रियल मैपिंग की गई है और 21 व 10 किलोमीटर की मैराथन में जो भी व्यक्ति दौड़ेगा वह मैराथन खत्म होने के तीन घंटे बाद अपना रियल टाउम सर्टिफिकेट डिजिटली डाउनलोड कर सकता है। यह सर्टिफिकेट पूरे विश्व में किसी भी मैराथन में शामिल होने के लिए मान्य होगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि मशहूर खिलाड़ी जैसे मैरी कोम, मनु भाकर, लोकेश राजपूत के आलावा बहुत से फिल्मी कलाकार भी फरीदाबाद हाफ मैराथॉन में विशेष भागीदारी करेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद हाफ मैराथन



पूरे देश के लिए नए रिकॉर्ड स्थापित करते जा रहा है। उन्होंने बताया कि मैराथन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। फरीदाबाद के अलावा देशभर के अन्य हिस्सों, यूके, कीनिया व कई अन्य देशों से भी लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है और वह मैराथन में शामिल होने के लिए पहुंच भी गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि मैराथन में 21 व 10 किलोमीटर दौड़ में शामिल होने वालों को जहां डिजिटल रियल टाइम सर्टिफिकेट मिलेगा, वहीं पांच किलोमीटर में हिस्सेदारी करने वाले भी पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। जिला उपायुक्त ने बताया कि मैराथन के प्रत्येक पल की फोटोग्राफी करवाई जाएगी। यह लाखों की संख्या में फोटो वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। कोई भी व्यक्ति अपना चेस्ट नंबर या रियल टाइम सेल्फी डालकर इन फोटो को डाउनलोड कर सकता है। यह फोटो डाउनलोड करने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड कर फेस रिकोगनाइजेशन के माध्यम से फोटो प्राप्त कर सकता है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं एक मार्च से सूरजकुंड मेला परिसर के दिल्ली गेट की तरफ एक एक्सपो का आयोजन किया गया है। इस एक्सपो से जिन लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है, उन्होंने अपनी टीशर्ट व रियल टाइम मशीन प्राप्त कर ली हैं।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर रूट निर्धारित कर दिया गया है। यह मैराथन सूरजकुंड परिसर स्थित दिल्ली गेट से शुरू होगी। इसके बाद यह एनएचपीसी कॉलोनी, मानव रचना इंस्टीट्यूट, श्री सिद्धदाता आश्रम, जिमखाना क्लब, सेक्टर-21 डी मार्केट होते हुए वापिस सूरजकुंड पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि पूरे रूट पर जगह-जगह स्टेज लगाई जाएंगी और वहां धारकों का उत्साह बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक मंडलियां भी मौजूद रहेंगी। इसके बाद ही मेडिकल व एमरजेंसी मदद भी उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे। मैराथन के दौरान पूरे रूट पर यातायात बंद रहेगा। इस अवसर पर फाइनल रिहर्सल में ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ओपी नरवाल, एडीसी आनंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान आदि मौजूद रहे।

# ग्रिल से लटका मिला नवजात का शव

## डीसीए सोसाइटी पर फेंका गया था, जांच में जुटी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अजरौंदा** गांव में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक नवजात शिशु को किसी ने जान से मारने की नीयत से टेलीफोन एक्सचेंज के पास डीसीए सोसाइटी की दीवार के पर फेंकने की कोशिश की, लेकिन नवजात बच्चा दीवार में लगी ग्रिल में फंसकर अटक गया और उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी आज सुबह स्थानीय लोगों को मिली। जिसके बाद यह खबर अजरौंदा गांव में आग की तरह फैल गई। आसपास के लोग ग्रिल में लटके बच्चों के शव को देखने के लिए इकट्ठा हो गए। मामले की सूचना सेक्टर-15 पुलिस चौकी को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रिल में अटके हुए नवजात बच्चे के शव को कब्जे में लेकर फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

इस मामले में गांव के रहने वाले राजवीर, अशोक ने जानकारी देते हो बताया कि वह लोग घटना की सूचना मिलने के बाद ही यहां पहुंचे हैं, लेकिन जिस किसी ने भी



इस कृत्य को अंजाम दिया है। पुलिस उसे तलाश कर सजा जरूर दिलाए, ताकि यह औरों के लिए एक सबक हो। गांव की रहने वाली महिला संतोष और राजवती ने बताया कि यह घटना इंसानियत को संसार करने वाली है। जिस किसी ने भी इस घटना को अंजाम दिया है, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। फिलहाल इस मामले में मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि बच्चों को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, ताकि इस घटना को अंजाम देने वाले दोषियों तक पहुंचा जा सके।



## अनगंपुर में लगाया वोटर कार्ड शिविर

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड के अनगंपुर गांव स्थित महाशय श्रीचंद पब्लिक स्कूल में नए वोटर कार्ड के लिए शिविर लगाया गया। इस मौके पर गांव के काफी संख्या में लोगों ने अपना वोटर कार्ड बनवाया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुबोध महाशय भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि वोटर कोर्ड बनावाने के लिए पहुंची भारी भीड़ देखकर लगता है कि लोगों में जागरूकता आ रही है और लोग आगामी लोकसभा चुनाव में अपना वोट डालने के लिए उतावले हैं। उन्होंने कहा कि मताधिकार का सही प्रयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। इसलिए हमें हर हाल में अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।

## युवा एडवोकेट की मौत पर कोर्ट का कार्य संस्पेंड

**फरीदाबाद।** युवा एडवोकेट प्रमोद शर्मा की वाहन दुर्घटना में हुई मौत पर जिला अदालत पर वकीलों ने शनिवार को अदालत का वर्क सस्पेंड रखा। युवा एडवोकेट की मौत की सूचना मिलते ही बार एसोशिएशन फरीदाबाद की आपात बैठक हुई। जिसमें शर्मा की मौत पर अदालतों का कार्य स्थगित रखने का फैसला लिया गया।

# अपनी वाणी से कार्यकर्ताओं में सीएम ने भरी ऊर्जा : नागर



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** विधानसभा कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पल्ला चौक सेक्टर-37 स्थित अपने इस कार्यालय पर विधायक राजेश नागर सैकड़ों समर्थकों एवं प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे। सीएम मनोहर लाल ने मौजूद सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी चुनाव व्यवस्थाओं में लग जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर देनी है। इसके लिए हमें हरियाणा की सभी दस सीटों को जिताकर भेजना है। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर हर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन कर सीएम मनोहर लाल ने हम सभी में अपनी ओजस्वी वाणी से ऊर्जा का संचार किया है। हमारा संगठन और सभी समर्थक पूरी तरह से तैयार हैं और पार्टी के सभी पदाधिकारी, विधायक और मंत्रीगण लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को लेकर बैठक करने लगे हैं। हम पिछली बार से भी अधिक वोटों के साथ जीत के प्रति आश्वस्त हैं और देश की खुशहाली व तरक्की में सहयोग करेंगे। हमारा लोकसभा प्रत्याशी तिगांव विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक वोट प्राप्त करेगा। आज जिस प्रकार देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें अंत्योदय के लिए योजनाओं को लागू कर रही हैं।

# जनता भाजपा की जुमलेबाजी को पहचान चुकी है

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग की कार्यकारिणी पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनन्द कौशिक के सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विचार विभाग के चेयरपर्सन विनोद कौशिक ने की। इस अवसर पर डॉ. कृष्णचंद रल्हान प्रभारी हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग एवं राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विचार विभाग मुख्य अतिथि तथा ऋषि पांडे महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विचार विभाग तथा बलजीत कौशिक महासचिव हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. कृष्णचंद रल्हान ने प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में भाजपा की नीतियों के खिलाफ लोगों में गुस्सा फूट रहा है। देश के प्रधानमंत्री सिर्फ जुमलेबाजी करने में निपुण हैं। उन्हें आम लोगों से किये वायदों को पूरा करने की कोई पर परवाह नहीं है। केवल जनता को गुमराह कर रहे हैं। आज देश व प्रदेश की जनता भाजपा की जुमलेबाजी व झूठे वायदों को पहचान चुकी है।

इस अवसर पर बलजीत कौशिक ने कहा कि प्रदेश की जनता पिछले दस वर्षो से भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है। प्रदेश का हर वर्ग किसान, गरीब मजदूर, युवा, बुजुर्ग, महिला, सरकारी कर्मचारी आदि सभी दुखी हैं। अब प्रदेश की जनता बदलाव लाना चाहती है और भाजपा को शासन से उखाड़कर फेंक देना चाहती है।

# एस्लोन इंस्टीट्यूट ने अंतर कॉलेज प्रतियोगिता की मेजबानी की




**फ़रीदाबाद।** एस्लोन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद ने अंतर-कॉलेज खेल प्रतियोगिता, रणभूमि-2024 के पहले दिन के कार्यक्रम कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। जिससे वातावरण में खेल भावना का ऊर्जावान माहौल भर गया। इस रोमांचक खेल महाकुंभ में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के 50 से अधिक संस्थानों के 600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, रस्साकशी, फुटबॉल, विभिन्न ट्रैक रेस (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर), रिले रेस (4×100 मीटर), भाला फेंक सहित विविध प्रकार के खेल शामिल थे और गोला फेंक. डिस्कस थ्रो, कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, लंबी कूद और ऊंची कूद जैसे विषयों को शामिल किया गया। जिससे एथलीटों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान किया गया।

रणभूमि-2024 में पूरे क्षेत्र के कॉलेजों के जोशीले प्रदर्शन देखने को मिले, जिसमें प्रतिभागियों ने गौरव और मान्यता की तलाश में अपनी प्रतिभा और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया। यह आयोजन न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है, बल्कि युवाओं के बीच सौहार्द और खेल भावना को भी बढ़ावा देता है।

# समाजसेवी कत्याल ने बच्चों संग मनाया जन्मदिवस



**फरीदाबाद।** व्यापार मंडल फरीदाबाद के वरिष्ठ-उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय कत्याल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर-1 फरीदाबाद में हवन-यज्ञ का आयोजन किया।

इस हवन यज्ञ में मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया, अजय कत्याल एवं उनके पुत्र संचित कत्याल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने आहुति डाली और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर राजेश भाटिया ने कहा कि अजय कत्याल एक नेक दिल इंसान है, जो सदैव लोगों की सेवा में समर्पित रहते है। व्यापार मंडल फरीदाबाद टीम में उपाध्यक्ष के पद पर आसीन कत्याल जी हमेशा दुकानदारों व व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करते हैं। इस अवसर पर अजय कत्याल ने अपने जन्मदिवस पर सभी का आभार जताते हुए कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीता है, वही सच्चा इंसान होता है और वह हमेशा लोगों के सुख-दुख में भाग लेते रहते हैं।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**कोई बेटी के करने हाथ पीले क़र्ज़ लेता है**
**चुकेगा क़र्ज़ कैसे फ़िक्र में दिन- रात जीता है**
**कोई रोता कोई हँसता ये इक गाथा अनंती है**
**कोई शादी से पहले ही करोड़ों फूँक देता है**

# फरीदाबाद में बीजेपी के छह चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ






**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शनिवार** को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंह के माध्यम से लोकसभा चुनाव-2024 के निमित्त फरीदाबाद जिले की सभी छह विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, सीमा त्रिखा, राजेश नागर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़ और फरीदाबाद जिले के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। पृथला का मथुरा रोड कैली गांव, फरीदाबाद का कार्यालय विधायक नरेंद्र गुप्ता, ए61 सेक्टर-11, एनआईटी का 60 फीट रोड जवाहर कॉलोनी, बड़खल का कार्यालय विधायक सीमा त्रिखा, 5 एफ बीपी, बीके चौक एनआईटी, बल्लभगढ़ का केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, सेक्टर-2 प्लॉट 11-12 व तिगांव का कार्यालय विधायक राजेश नागर, बाई पास रोड पल्ला चौक पर उद्घाटन हुआ। पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर के कैली स्थित कार्यालय में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पृथला विधानसभा प्रभारी वजीर सिंह डागर द्वारा किया गया। वजीर सिंह डागर ने कहा कि आज पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है, मोदी-मनोहर सरकार ने विकास के मामले में इस देश और प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है। वहीं फरीदाबाद में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने विकास मॉडल प्रस्तुत किया है, जो फरीदाबाद पूर्व की सरकारों में विकास के मामले में पिछड़ गया था, आज श्री गुर्जर के प्रयासों से फिर से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों व शहरों में समान रूप से विकास कार्य चल रहे हैं। लोग इस सरकार से खुश हैं और आने वाले चुनावों में फिर से देश प्रदेश में कमल खिलाने का मन बना चुके हैं। दीपक डागर ने कहा कि उनका प्रयास है कि वह पार्टी के नारे फिर से मोदी सरकार-400 पार को चरितार्थ करें और कृष्णपाल गुर्जर को जिताने का काम करें।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा श्रवण पुत्र इशवर निवासी गांव रोन जिला सागर थाना गना कोटा, मध्य प्रदेश हाल निवासी मकान नम्बर 16, सेक्टर 02, बल्लभगढ़ दिनांक 29.02.2024 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, सफेद बाल, कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र 64 साल है, मुकदमा नम्बर 125 दिनांक 29.02.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना शहर बल्लभगढ़ : 9582200132**
**इन्चार्ज पुलिस चौकी अग्रसेन चौक बल्लभगढ़ : 9582200170**
**अनुसन्धान अधिकारी, एच.सी. रूपेश : 9050099150**

# एडवांस्ड कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**औरंगाबाद** पलवल स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ओपनिंग समारोह में मुख्य अतिथि सुनीता दलाल, भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी और सुरेखा डागर, जिला बाल कल्याण अधिकारी पलवल ने शिरकत की। समारोह की क्लोजिंग सेरेमनी में मुख्य अतिथि डॉ ब्रह्मजीत सिंह रांगी अतिरिक्त उपायुक्त पलवल रहे।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल, चेयरपर्सन डॉ. पूनम गोयल और एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल द्वारा सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 800 मीटर रेस, रिले रेस, लांग जंप, जेवलिन थ्रो, शॉटपुट, लेमन स्पून रेस, थ्री लेग रेस में भाग लेकर अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर किया। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किये। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के अतिरिक्त उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किये।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल द्वारा अपने संबोधन में खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत ही महत्व है। खेल विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धाओं को जन्म देते हैं और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी अतिरिक्त उपायुक्त पलवल ने अपने संबोधन में कहा कि जो भी कार्य करें वह निष्ठा, लगन व पूर्ण समर्पण के साथ करें। रचनात्मकता से करें तथा उद्यमी बनें। सुनीता दलाल ने कहा कि छात्रों को नशे की प्रवृति से दूर रहना चाहिए और माता पिता की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। सुरेखा डागर ने कहा कि आज लड़कियां भी सभी क्षेत्रों में देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहीं हैं। सभी छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए।

संस्थान के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल ने खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना करते हुऐ कहा कि हरियाणा श्रेष्ठ खिलाड़ियों की खान है। यहां के खिलाड़ियों ने भारत को विश्व में एक नई पहचान दी है। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर व शिक्षण संस्थान की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने खेल प्रतिस्पर्धाओं को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। इस अवसर पर फार्मेसी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अपर्णा राणा एवं डिप्टी रजिस्ट्रार माया जांगिड़ ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# दाखिले को लेकर अभिभावकों को जागरूक करेंगे शिक्षक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** के पीएम श्री स्कूलों में नए सत्र में 10 फीसदी दाखिला बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अप्रैल से स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं के विषय में भी अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। इन स्कूलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम को पढ़ाया जाता है।

जिले के बल्लभगढ़ खंड में तीन और फरीदाबाद खंड में एक राजकीय स्कूलों को पीएम श्री स्कूल में तब्दील कर दिया गया है। इनमें से तीन स्कूल को वर्ष 2021 में सीबीएसई की मान्यता दिलवाई गई थी, जबकि एक स्कूल में वर्ष 2024 फरवरी में दिलाई गई है। इन सभी स्कूलों में निजी स्कूल की तर्ज पर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। इन स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं से लेकर खेल के मैदान तक तमाम सुविधाएं केंद्र और राज्य सरकार के खजाने से दी जा रही हैं। पीएम श्री स्कूल के संयोजक मोहन सिंह ने बताया कि जिले में तीन पीएम श्री स्कूल हैं। प्रत्येक पीएम श्री स्कूल में करीब 16 सौ से 20 हजार विद्यार्थी हैं। इन स्कूलों में न्यूनतम 10 फीसदी विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए स्कूल के अध्यापक छात्रों के अभिभावक से संपर्क कर दाखिले के लिए जागरूक करेंगे।

पीएम-श्री स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को जल्द बेहतर टेक्नोलॉजी के साथ अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिलेगा। जिसे लेकर जिले के तीन पीएम-श्री स्कूलों में 60 लाख रुपए खर्च किए हैं। स्कूलों को अपग्रेड किया जा रहा है। इन स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब और एक स्कूल में आधुनिक लैब भी तैयार किया जाएगा।

जिले के सभी पीएम श्री स्कूलों में अगले सत्र से छात्रों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए स्कूल के मुखिया अभिभावकों को भी जागरूक करेंगे। -आशा दहिया, जिला शिक्षा अधिकारी

# प्रदेशस्तरीय यात्रा को राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने बघौला से दिखाई झंडी

## कहा, प्रदेश में बसपा लोकसभा चुनावों में किसी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बसपा** के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने कहा कि प्रदेश में आने वाले चुनावों में उनका किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं होगा। उनकी पार्टी और कार्यकर्ता इतने सक्षम हैं कि हम अपने आप से लोकसभा में सभी सीटों को आसानी से निकालेंगे। पार्टी के हरियाणा में पिछले चार साल से सभी स्तर के पदाधिकारी लगातार काम कर कर रहे हैं। आाकाश आनंद बघौला गांव से संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

आकाश आनंद ने कहा कि यह यात्रा हरियाणा से शुरू की गई है, लेकिन आने वाले दिनों में इस यात्रा को देशभर में भी शुरू किया जाएगा। प्रत्येक राज्य में इस तरह के कार्यक्रम रखे गए हैं। इस यात्रा के माध्यम से बसपा पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। यात्रा को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं में काफी जोश देखने को मिला। पृथला विधानसभा के गांव बघौला से यह यात्रा राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद के नेतृत्व में रवाना हुई। इससे पूर्व पंडित त्रिलोकचंद मोहना ब्राह्मण सभा फरीदाबाद के अध्यक्ष, समाजसेवी ज्ञान देव, पूर्व महासचिव ब्राह्मण सभा बृजमोहन वशिष्ठ, महेश चंद, महेंद्र शर्मा व बघौला से मास्टर चंदर मास्टर व मामचंद ने बसपा सुप्रीमो आकाश आनंद का पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। इस मौके पर बसपा नेता सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि अब प्रदेश में बसपा की पार्टी अपना परचम लहराएगी। इस अवसर केंद्रीय प्रदेश प्रभारी रणधीर सिंह बेनिवाल, कुलदीप सिंह बालयान, प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सोरखी, प्रदेश महासचिव मनोज चौधरी, बसपा के वरिष्ठ नेता किशन ठाकुर, इकराम खान, सरदार उपकार सिंह के अलावा प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। रैली अलावलपुर, कटेसरा, अमरपुर, मोहना, छांयसा, चंदावली, होते हुए एनआईटी विधानसभा में पहुंची। जगह जगह बसपा सुप्रीमो आकाश आनंद का फूल मालाओं से स्वागत किया।

प्रदेश में संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा की शुरुआत करके बसपा ने हरियाणा से चुनावी बिगुल बजा दिया है। जो प्रदेश के सभी लोकसभा इलाकों से होकर गुजरेगी। बसपा सुप्रीमो आकाश आनंद ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से जहां बसपा पार्टी को काफी हद तक मजबूती मिलेगी, वहीं युवाओं को भी इसके जरिए जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके जरिए प्रदेश में बसपा अपनी ताकत दिखाएंगी। सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद के नेतृत्व में यह यात्रा प्रदेश के सभी दस लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

# ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर एक की मौत व दो घायल

## केएमपी एक्सप्रेस-वे पर टोल बूथ के निकट ट्रक ट्रोलर ने पीछे से मारी टक्कर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**केएमपी** एक्सप्रेस-वे पर टोल बूथ के निकट ट्रक ट्रोलर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। कैंप थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात ट्रक ट्रोलर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

कैंप थाना प्रभारी कुलदीप के अनुसार, जिला हाथरस के नंगला बनारसी हाल कैलाश नगर पलवल निवासी भूपेंद्र ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका भाई पवन व टीटू ट्रैक्टर ट्राली से गढ़ी हरसरुप गुडगांव के लिए जा रहे थे। जब वह केएमपी एक्सप्रेस-वे पर टोल बूथ के निकट पहुंचे तो पीछे से तेज गति से लापरवाही से चलाते हुए आए एक ट्रक ट्रोलर ने उनके ट्रैक्टर में टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में वह और टीटू घायल हो गए, जबकि उसके भाई पवन को गंभीर चोटें लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक ट्रोलर चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। कैंप थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपकर ट्रक ट्रोलर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# छेड़छाड़, अश्लील फोटो खींचने पर 10 साल की सजा

## अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत राणा ने सुनाई सजा, पांच लाख का जुर्माना भी लगाया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**अतिरिक्त** सत्र न्यायाधीश प्रशांत राणा की विशेष फास्ट ट्रैक अदालत ने वर्ष 2020 में छात्रा से छेड़छाड़ करने और अश्लील फोटो खींचने वाले युवक को दोषी ठहराते हुए दस साल की सजा सुनाई है। युवक पर पांच लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। कैंप थाना पुलिस ने मामले में युवक के विरुद्ध पोक्सो एक्ट, छेड़छाड़, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज लिया था।

शिकायतकर्ता की तरफ से पैरवी कर रहे जिला न्यायवादी विकास शर्मा व विशेष लोक अभियोजक हरकेश कुमार के अनुसार मामले में वर्ष 2020 में कैंप थाना अंतर्गत रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी पुत्री 11वीं कक्षा की छात्रा थी। उसकी नाबालिग बेटी को अमित नाम का युवक आए दिन परेशान करता था। युवक के खिलाफ उन्होंने एक शिकायत महिला थाना में दी थी, जिसका बाद में राजीनामा हो गया था।

इसके बाद भी अमित अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। उसकी पुत्री की अश्लील फोटो खींचकर उसके पति के फोन पर भेजी। इससे वह डर और सहम गए। वह आरोपी के माता-पिता के पास गए, मगर उन्होंने उनकी नहीं सुनी। इसके बाद उन्होंने अपनी शिकायत पुलिस में दी थी। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि पीड़िता को हरियाणा पीड़ित मुआवजा योजना से तीन लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।

# असामाजिक तत्वों ने खंडित की डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा

**पलवल।** हसनपुर थाना क्षेत्र के चव्वन का नंगला गांव में असामाजिक तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। जिससे समाज के लोगों में रोष फैल गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर काफी संख्या में एकत्रित हो गए और आक्रोश जाहिर किया। हसनपुर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले को शांत किया। हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, चव्वन का नंगला गांव निवासी ओमबीर ने दी शिकायत में कहा है कि गांव में बाबा साहेब की प्रतिमा को किसी ने खंडित कर दिया है।

# इलेक्ट्रॉनिक शॉप से लाखों का सामान चोरी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**मलाई** बस स्टैंड पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान का ताला तोड़कर कार में सवार चार चोर लाखों रुपये का सामान और 75 हजार रुपये नकद चोरी करके ले गए। चोरों की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई, जिससे चारों चोरों की पहचान हो गई। उटावड़ थाना पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर चार नामजद चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

उटावड़ थाना प्रभारी टेक सिंह के अनुसार, मलाई गांव निवासी सलीम ने दी शिकायत में कहा है कि वह रात करीब नौ बजे अपनी दुकान को बंद करके अपने घर चला गया। सुबह जब वह नमाज के लिए गया तो उसने देखा कि उसकी दुकान के बाहर काफी भीड़ लगी हुई ती। पीड़ित वहां पहुंचा तो देखा तो दुकान का शटर टूटा हुआ था और दुकान से लाखों रुपये का समान जैसे एसीडी, टीवी, सीसीटीवी कैमरे, इनवर्टर, बैट्री व अन्य सामान गायब था। उसने जब दुकान में रखे पैसों को देखा तो दुकान से 75 हजार रुपये भी चोरी हो चुके थे।

पीड़ित ने जब सीसीटीव कैमरे में देखा तो एक सफेद रंग की कार में 4-5 व्यक्ति थे, जो सीसीटीवी फुटेज में तीन आदमी दिखाई दे रहे हैं और बाकी गाड़ी में ही बैठे हुए हैं। जब उन्होंने पता किया तो फुटेज में जो आदमी दिखाई दे रहे हैं। उनमें जिला नूंह के फिरोजपुर नमक गांव निवासी वारिश, शहजाद, सलीम व आजाद को पहचान लिया। आरोप है कि उनके पास कट्टा और अवैध हथियार भी थे। पुलिस ने पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर चार नामजद सहित अन्य के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

## आगरा से मानेसर जा रहा था दंपति, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पति घायल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बाइक** पर आगरा से मानेसर ड्यूटी पर जा रहे पति-पत्नी की बाइक को केजीपी एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया। पुलिस ने घायल के पिता की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

सदर थाना प्रभारी मलखान सिंह के अनुसार, जिला आगरा यूपी के बमान गांव निवासी विरेंद्र सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि वह मजदूरी करता है। उसका बेटा पुष्पेंद्र व उसकी पत्नी मीना मानेसर में प्राईवेट नौकरी करते हैं। जिनके दो बच्चे है, दोनों बच्चे हमारे पास घर पर गांव बमान में ही रहते हैं। पुष्पेंद्र व मीना कभी-कभी अपने बच्चों व उनसे मिलने के लिए गांव आ जाते है।

पीड़ित का कहना है कि उसका बेटा पुष्पेंद्र व मीना उनसे व बच्चों से मिलने के लिए गांव बमान आए थे और रात में गांव में ही रूके थे। सुबह जब दोनों पति-पत्नी बाइक पर सवार होकर वापस अपनी ड्यूटी पर मानेसर जा रहे थे। जब वह केएमपी एक्सप्रेस-वे पर चिरावटा गांव के निकट पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया।

# घर के पास से छात्र को अगवा कर पीटा

**फरीदाबाद।** भारत कॉलोनी निवासी एक छात्र को घर के पास से ही कुछ युवक कार में डालकर ले गए। आरोपियों ने छात्र को बुरी तरह से पीटा और 40 हजार रुपये लूट लिए। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों को इकट्ठा होते देख आरोपी उसे सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित अमित यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तिगांव स्थित एक पॉलिटेक्निक शिक्षण संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहा है। मनीष और बीरा उसे ले गए।

# डॉ. बीआर अंबेडकर कॉलेज में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**नेहरू** युवा केंद्र पलवल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीपक मंगला रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या अर्चना वर्मा, बाबूलाल शर्मा, विमल कुमार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का विषय विकसित भारत-2047 है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना की गई। उसके उपरांत जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक द्वारा मुख्य अतिथि को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि व सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। साथ ही जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद के बारे में मुख्य बिंदुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मॉक संसदीय सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही युवाओं को नारी शक्ति, माई भारत पोर्टल व विकसित भारत, मिलेट, लीडरशिप के आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि दीपक मंगला ने भी संसदीय सत्र में युवाओं की नेतृत्व कला की सराहना की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व के गुणों का विकास करना है, ताकि वो अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकें तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान कर सकें। युवाओं को उनके संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और उन्हें विकास प्रक्रिया में सबसे आगे लाने के लिए प्रेरित करना तथा राष्ट्रीय निर्माण के लिए युवा ऊर्जा का उपयोग करना सीखें। इस वर्ष आस पड़ोस युवा संसद का आयोजन विकसित भारत में युवाओं की भूमिका को ध्यान में रखते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा पूरे भारतवर्ष में किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रोफेसर राजू कुमार द्वारा नया भारत, नई पहल पर सभी प्रतिभागियों से वार्ता की।

# संक्षिप्त समाचार

## फसलों को सुरक्षित बनाने में सक्षम हैं उत्पाद : सहरावत



**पलवल।** धानुका एग्रीटेक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र पलवल में वितरकों एवं डीलरों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पलवल, मेवात और फरीदाबाद जिले के वितरकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता धानुका एग्रीटेक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के सीईओ आरजी अग्रवाल ने की। इस मौके पर बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक एवं केंद्र के सलाहकार डॉ. बीएस सहरावत भी मौजूद थे। आरजी अग्रवाल ने वितरकों व डीलरों को संबोधित करते हुए कहा कि धानुका द्वारा बनाए गए सभी उत्पाद फसलों को सुरक्षित बनाने में सक्षम हैं। धानुका द्वारा निर्मित उत्पाद खेती की लागत को कम करने तथा फसल की उपज में वृद्धि करने में मदद करते है। उन्होंने कहा कि पलवल जिले में स्थापित किए गए धानुका एग्रीटेक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों, कीटनाशकों एवं बीजों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. अजीत सिंह तोमर ने नए प्रोडक्ट के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. बीएस सहरावत ने ई किसान प्रशिक्षण, गांवों को गोद लेना और कीटनाशक विक्रेताओं के बारे में जानकारी सांझा की।

## आज से चलाया जाएगा पल्स पोलियो अभियान : नेहा सिंह



**पलवल।** जिला में रविवार से पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की जाएगी, जोकि पांच मार्च तक चलाया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नेशनल पल्स पोलियो अभियान तीन मार्च से शुरू किया जाएगा। जिले को पोलियो मुक्त बनाने की दिशा में सभी विभाग मिलकर कार्य करें। वहीं नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. नरेश गर्ग ने बताया कि जिले में तीन से पांच मार्च तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। पहले दिन बूथ एक्टिविटी होगीं, जिसमें पांच वर्ष तक के बच्चों को बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिले में 884 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें जिले के लगभग एक लाख 85 हजार 416 बच्चों को इस राउंड में दवाई पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि चार मार्च और पांच मार्च को डोर टू डोर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवाई पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 47 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है, जोकि सभी जिला के स्लम एरिया, कंस्ट्रक्शन साइट और ईंट भट्ठों पर जाकर बच्चों को दवाई पिलाने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि 72 ट्रॉंस्पिट टीम भी बनाई गई है। जो कि बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर आने वाले बच्चों पल्स पोलियो अभियान के तहत दवाई पिलाने का कार्य करेंगे।

## बेहतरीन कार्य के लिए शिक्षकों को किया सम्मानित



**पलवल।** होडल क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए जीवन ज्योति इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष वीरपाल गहलौत, प्रधानाचार्य सुशील वर्मा तथा शिक्षक वर्ग से कमल किशोर सहरावत हिंदी अध्यापक, गजराज गणित अध्यापक तथा हैप्पी सौरोत कंप्यूटर साइंस अध्यापिका को विशेष रूप से नगर परिषद होडल के वाइस चेयरमैन वीरेंद्र सिंह, पार्षद भगत सिंह तथा दिगंबर सिंह ने विद्यालय पहुंचकर सम्मानित किया। इस उपलक्ष में वीरेंद्र सिंह ने होडल क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालय की प्रशंसा की। समाज सेवक मुकेश ने बताया कि विद्यालय के सभी अध्यापक एड़ी चोटी का जोर लगाकर सभी विद्यार्थियों पर कड़ी मेहनत करते हैं तथा उनके चहुंमुखी विकास के लिए विशेष भूमिका निभाते हैं। पार्षद भगत सिंह तथा दिगंबर ने बताया कि कंपटीशन की भावना को बच्चों में भरने के लिए विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करवाकर विद्यालय ने थोड़े समय में ही होडल क्षेत्र में बहुत ज्यादा नाम कमा लिया है। जिसके कारण सभी अभिभावक स्कूल की कार्यशैली से बहुत प्रभावित हैं तथा अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए जीवन ज्योति इंटरनेशनल स्कूल को सर्वोत्तम विकल्प मानते हैं। स्कूल के अध्यक्ष वीरपाल गहलौत ने वाइस चेयरमैन वीरेंद्र सिंह, पार्षद भगत सिंह व दिगंबर तथा समाजसेवी मुकेश का हार्दिक धन्यवाद किया।

## दुकानदार से मारपीट कर किया घायल

**पलवल।** नांगलजाट गांव के बस स्टैंड पर दुकान पर बैठे दुकानदार से मारपीट कर करने का मामला प्रकाश में आया है। बहीन थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चार नामजद के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बहीन थाना प्रभारी रेणु शेखावत के अनुसार, नांगल जाट गांव निवासी कुलदीप ने दी शिकायत में कहा है वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही निवासी पुष्पी, करतार, पदम व महेश उसकी दुकान पर आकर गुंडागर्दी करने लगे। बिना किसी बात के उसके साथ लात-घुसों से मारपीट करनी शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिए। आरोपी उसे पीटते हुए घर में खींच कर ले गए और जान से मारने की कोशिश की। ईंट-पत्थरों मारकर उसे घायल कर दिया, जिसके बाद उसे वहां मौजूद गांव के लोगों ने उन लोगों बचाया। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से उसे धमकी देकर फरार हो गए।

## मानव सुपर 21 के अगले बैच के लिए चयन परीक्षा 16 को

**फरीदाबाद।** मानव सुपर-21 मिशन के तहत मानव सेवा समिति द्वारा मानव भवन सेक्टर-10 में संचालित नीट व आईआईटी कोचिंग के अगले बैच के लिए चयन परीक्षा 16 मार्च को मानव भवन में दोपहर दो बजे आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मिशन संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा है कि अभी हाल में हुई जेईई मेंस की परीक्षा में मानव सुपर 21 के तीन छात्रों ने 97, 96, 90 परसेंटाइल अंक प्राप्त करके मानव सुपर 21 का नाम रोशन किया है। समिति का प्रयास रहेगा कि ऐसी सफलता आगे सभी को मिलती रहे। चयन परीक्षा के आधार पर शुरू के 21 मेधावी छात्रों का चयन करके एक अप्रैल से उनकी कोचिंग शुरू कर दी जाएगी। 11वीं व 12वीं मेडिकल, नॉन मेडिकल के जो विद्यार्थी चयन परीक्षा में भाग लेना चाहते हैं। वे 10 मार्च तक अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी मानव भवन में जमा करा कर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं, किसी भी जानकारी के लिए 9810499060 पर संपर्क करें।

## छात्रवृत्ति योजना के आवदनों में से जल्द दूर करवाएं त्रुटि

**पलवल।** डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाने के लिए विशेष छूट प्रदान की गई है। विद्यार्थियों के लिए इस योजना का लाभ उठाने के लिए निर्धारित की गई तिथि को 31 जनवरी बढ़ाकर 15 मार्च तक कर दिया गया है। अब आवेदक 15 मार्च तक अपना आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के अंतर्गत इस वर्ष उत्तीर्ण हुए दसवीं कक्षा के सभी वर्गों जैसे-अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक ए व बी) एवं अन्य सभी समुदाय के विद्यार्थी व बारहवीं तथा स्नातक के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किए गए हैं। जिनमें से बहुत से ऐसे आवेदन भरे गए हैं, जिनके दस्तावेज स्कीम की हिदायत अनुसार पूर्ण नहीं करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनके आवेदन पत्र अपूर्ण हैं व जिला कल्याण कार्यालय द्वारा जिन आवेदनों पर आपत्ति लगाई गई है, वे छात्र अपने आवेदन पर लगी त्रुटि को जल्द से जल्द दूर करवाएं, ताकि योजना का लाभ उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए पुराना कोर्ट परिसर स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय पलवल से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन छात्रों ने अभी तक छात्रवृत्ति हेतू आवेदन नहीं किया है, वे 15 मार्च तक अपना आवेदन करके स्कीम का लाभ उठा सकते हैं।

# पीएम मोदी 11 मार्च को गुरुग्राम से करेंगे द्वारका एक्सप्रेस वे का उद्घाटन


गुरुग्राम में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए गुरुग्राम विधानसभा कार्यालय के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


तिरंगा लाइट्स से सजाया गया गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस वे।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## लोकसभा चुनाव के लिए गुरुग्राम में कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे मुख्यमंत्री

## तिरंगा लाइट्स से सजा दिया गया है गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेसवे

**दिल्ली-गुरुग्राम** के यातायात जाम को खत्म करने के लिए केंद्र व हरियाणा सरकार के बड़े प्रोजेक्ट द्वारका एक्सप्रेस वे आमजन के लिए खुलने जा रहा है। इसका काउंटडाउन शुरू हो गया है। संभवतः आगामी 11 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुग्राम आकर द्वारका एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे। इस तरह से एक माह में दूसरी बार प्रधानमंत्री हरियाणा में आएंगे। शनिवार को गुरुग्राम भाजपा कार्यालय गुरुकमल में लोकसभा चुनाव के लिए गुरुग्राम विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी दी। उद्घाटन को लेकर ही द्वारका एक्सप्रेसवे को तिरंगा लाइट्स से सजा दिया गया है।

बहुप्रतिक्षित यह प्रोजेक्ट अब लगभग बनकर तैयार हो गया है। हरियाणा की सीमा में तो इसका काम काफी पहले पूरा हो चुका है। बीतें दिनों केंद्रीय सडक् एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रीय राज्यमंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत इक्षसह के अनुरोध पर गुरुग्राम की सीमा में द्वारका एक्सप्रेसवे पर से अवरोधक हटाकर इसे चालू करने के निर्देश जारी किए थे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनावों की घोषणा आगामी 11 मार्च के बाद होने की सम्भावना है। इससे पहले कई बड़े प्रोजेक्ट जनता को समर्पित किए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक है गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेसवे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले तीन-चार दिन में हरियाणा की सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों की घोषणा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव लड़ने के लिए करीब 200 प्रत्याशियों का चयन हो चुका है। एक तरफ तो भारतीय जनता पार्टी चुनावी मोड में आकर पूरी तरह से तैयार है, दूसरी तरफ कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। वहां नेताओं को हाईकमान जबरदस्ती चुनाव लड़वाना चाहता है और नेता चुनाव से भाग रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी चुनावी मोड में है और कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत, सरकार की योजनाओं के बल पर ही नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

### तीन लाख से ज्यादा पन्ना प्रमुख बनाए गए हैं जो चुनाव में दिन-रात एक कर देंगे

**कार्यालय** के उद्घाटन के संदर्भ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन का मतलब यही है कि आज से पार्टी सौ फीसदी चुनावी मोड में आ गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश पैदा करते हुए कहा कि प्रदेश ही सभी 10 लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी को जीतनी हैं। हर कार्यकर्ता को अब चुनाव के कार्य में सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में तीन लाख से ज्यादा पन्ना प्रमुख बनाए गए हैं, जो चुनाव के कार्य में दिन-रात एक कर देंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जो भी जिम्मेदारी उन्हें मिले, उसे शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। किसी काम को छोटा या बड़ा नहीं समझना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें, इसके लिए ही हमें काम करना है। पीएम ने दुनिया में भारत को मजबूत करने का काम किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि जनता के बीच जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताएं। जनता को समझाएं कि क्यों बीजेपी को ही चुना जाए। बिना पर्ची, बिना खर्ची नौकरियों का जिक्र करें। बुजुर्गों की घर बैठे बन रही पेंशन का जिक्र करें। आम और खास के पास जाकर उनका मन जीतें। भाजपा के लिए मत देने को तैयार करें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दुनिया भर में 500 बड़ी कंपनियां हैं, जिनमें से 400 कंपनियों के कार्यालय गुरुग्राम में हैं। यह हमारे लिए गर्व और गौरव की बात है। पिछले 10 वर्षों में गुरुग्राम एक आइकन शहर बनकर दुनिया के सामने आया है। यहां की तस्वीर बदल गई है। सीएम ने यहां तीन तलाक, अनुच्छेद 370 का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने जो कह दिया, वही उनकी गारंटी है। इसलिए आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व स्वीकार कर रही है। राम मंदिर का निर्माण होने के बाद दुनिया को बड़ा संदेश पहुंचाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा जीवन फाउंडेशन ने लगाया 11वां मेडिकल कैंप


गुरुग्राम के राजीव नगर में मेडिकल कैंप का शुभारंभ करतीं गंगा जीवन फाउंडेशन की निदेशक रितु चौधरी व फाउंडेशन निदेशक ज्योति कटारिया।

**गुरुग्राम।** गंगा जीवन फाउंडेशन द्वारा 11वां मेडिकल कैंप शिवा अस्पताल के सहयोग से राजीव नगर में लगाया गया। इस मेडिकल कैंप का उद्घाटन संस्था की निदेशक रितु चौधरी व ज्योति कटारिया ने किया। कैंप में 203 लोगों ने ब्लड प्रेशर, शुगर, डाइट, वजन, आंखों की जांच निःशुल्क कराई। संस्था की निदेशक रितु चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर निःशुल्क चश्में भी वितरित किए गए। जिसका सारा खर्चा गंगा जीवन फाउंडेशन द्वारा किया गया। संस्था की फाउंडर निदेशक ज्योति कटारिया ने बताया कि फिजिशियन, हड्डी रोग,स्त्री रोग विशेषज्ञ व नेत्रों की जांच निःशुल्क की गई। इस अवसर पर डॉ. अनुराग शोभरी, डॉ. नितेश गुप्ता, डॉ. ममता, डॉ. मंजू कटारिया, डॉ. दीप्ति जायसवाल, डॉ. खुशबू कुमारी, डॉ. अभिजीत, सुनील कुमार यादव, संतोष, नेहा, सुमन, रश्मी, बबलू, लक्ष्मी आदि मौजूद थे।

### मर्सिडीज कार सवार ने स्कूटी सवार को कुचला, मौत


पुराना रेलवे रोड पर स्कूटी में टक्कर मारने वाली मर्सिडीज कार व चकनाचूर स्कूटी।

**गुरुग्राम।** शनिवार को यहां पुराना रेलवे रोड पर एक बार फिर से तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। अल सुबह यहां प्रेम मंदिर के पास एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार की चपेट में स्कूटी सवार आ गया। इस हादसे में स्कूटी सवार की मौत पर ही मौत हो गई। स्कूटी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी केखिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 5.30 बजे न्यू कालोनी थाना क्षेत्र में धोबी घाट के निकट एक मर्सिडीज कार नंबर-यूपी-16-बीक्यू-7111 को चालक तेज रफ्तार से ले जा रहा था। जैसे ही वह प्रेम मंदिर से ठीक पहले धोबी घाट के पास पहुंचा तो मर्सिडीज कार की जोरदार टक्कर स्कूटी एचआर-26-डीवी-4359 से हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी व उसका चालक काफी दूर जाकर गिरे। इस घटना में जहां स्कूटी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई, वहां स्कूटी सवार की गंभीर चोटें लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। प्राथमिक जांच में पता चला कि स्कूटी चालक राकेश वर्मा (59) निवासी सुभाष नगर था। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति को भी चोटें आई हैं। न्यू कालोनी पुलिस थाना में मर्सिडीज कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### संस्कृत मॉडल स्कूल में 28 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा

**सोहना।** स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने नये सत्र 2024-25 के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी करते हुए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी की लिखित परीक्षा 28 मार्च को होगी। जिसका परिणाम 30 मार्च को घोषित किया जाएगा। परीक्षा हिन्दी, अग्रेंजी और गणित विषय पर होगी। स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने शनिवार को नये सत्र में दाखिला प्रक्रिया की सूची जारी कर दी है। मॉडल स्कूल में दाखिल लेने वाले विद्यार्थी को प्रवेश लेने से पहले लिखित परीक्षा देनी होगी। यह लिखित परीक्षा 28 मार्च होगी। परीक्षा देने वाले विद्यार्थी को दाखिला फार्म 15 से 25 मार्च तक स्कूल में ही मिलेंगे।

# संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा का जोरदार स्वागत


शनिवार को सोहना के गांव बादशाहपुर टैठड़ में पहुंची रथ यात्रा का स्वागत करते हुए हुए ग्रामीण और आशीर्वाद देती हुई महिलाएं।

**सोहना।** बहुजन समाज पार्टी की संविधान बचाओं सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा का जिला गुरुग्राम खंड सोहना के गांव बादशाहपुर टैठड़ में जोरदार स्वागत किया। यह रथ यात्रा सोहना के दर्जनभर गांवों में होते हुए दोपहर बाद गुरुग्राम नगर निगम में प्रवेश कर गई। बहुजन समाज पार्टी की रथ यात्रा जिला फरीदाबाद से शनिवार को गुरुग्राम में प्रवेश किया। बसपा की यह संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा पार्टी के राष्ट्रीय सहलाकार आकाश आनंद के नेतृत्व में हरियाणा के सभी 22 जिला का दौरा करेगी। जिसका समापन 10 मार्च को रोहतक में होगा।

शनिवार को सोहना खंड के गांव बादशाहपुर टैठड़ में सभी ग्रामीण और आस पास के गांवों से आए सैकडों की संख्या में रथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सहलाकार आकाश आनंद ने इस रथ यात्रा को काशीराम के सम्मान में बताते हुए संविधान को बचाने के लिए एकजुट हो जाने की ऐलान किया। इस अवसर पर बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सौरखी ने कहा भाजपा के शासन का लमें महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही हैं युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। किसान यदि अपनी मांगों मनवाने के लिए धरना पर बैठना चाहते है। उन्हे बैठने नही दिया जा रहा हैं। जब देश के सबसे बड़े कमरे वर्ग के साथ भाजपा सरकार इतना कुछ कर सकती है। देश हित में कहा काम कर सकती है। कांग्रेस को पूंजीपत्यिों का साथ देने का नाम देने वाली आज केंद्र की सरकार अमीरों को अमिर बनाने में लगी है।

आज देश के संविधान पर बार-बार उंगलियां उठाई जा रही है। आरक्षण को समाप्त करने पर केंद्र की सरकार तुली है। जब केंद्र की सरकार 80 करोड़ लोगों को फ्री में अनाज दे रही है। तो देश की 140 करोड़ जनता में से अमीर और सम्पन्न लोगों की संख्या कीतनी है। आज देश का 80 करोड़ जनता के पास खाने के लिए दाने नहीं है। इसका मतलब आप निकाले कि जिस देश की 60 जनता को फ्री में अनाज मिल रहा है। वह देश कितना विकसित होगा।

**यहां से निकली रथ यात्रा** :सोहना खंड के गांव बादशाहपुर टैठड़ से शुरू हुई संविधान बचाओं सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा लाला खेड़ली, मंडावर, निमौठ, हरचंदपुर, दौला, अभयपुर, दमदमा, खेड़ला, बहलपा, सहजावास, रिठौज के बाद गुरुग्राम नगर निगम के सबसे पहले गांव भोंडसी में प्रवेश कर गई।

# गुरुग्राम विस चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में जनसमूह के साथ पहुंचे नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-17 माधव सेवा केंद्र से गुरुकमल भाजपा कार्यालय में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में साथियों, कार्यकर्ताओं के साथ जाते नवीन गोयल।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शनिवार को गुरुग्राम लोकसभा चुनाव के निमित गुरुग्राम विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस समारोह में व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल शनिवार को सेक्टर-17 स्थित माधव सेवा केंद्र से सेंकड़ों कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ पैदल ही गुरुकमल कार्यालय में पहुंचे। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल भी साथ रहे।

पार्टी के झंडे लहराते हुए, भारत माता के जयकारे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जयकारे लगाते हुए साथी, कार्यकर्ता नवीन गोयल के साथ चले। नवीन गोयल ने कार्यकर्ताओं का जोश स्वयं भी नारे लगाते हुए दुगुना किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अपने भाषण के माध्यम से दी गई जानकारी को सांझा करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि आगामी 11 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मां शीतला की धरती गुरुग्राम में आकर द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। यह गुरुग्राम ही नहीं बल्कि दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान के लिए भी खुशी की बात है। क्योंकि इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद भारी वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज से लोकसभा चुनावों की एक तरह से विधिवत शुरुआत कर दी है।

इन चुनावों के निमित यहां पर गुरुग्राम विधानसभा का कार्यालय शुरू किया गया है। कार्यकर्ताओं को चुनाव में दी जाने वाली गाइडलाइंस व अन्य जानकारियों इसी कार्यालय से दी जाएंगी। गुरुग्राम विधानसभा में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया यहां से संचालित होंगी। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में जिस तरह से विकास की गंगा बहाई है, उससे तस्वीर साफ है कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी विजय हासिल करके देश की सबसे बड़ी पंचायत में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीसरी बार जन-जन के प्रिय नेता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

# दक्षिण एशियाई फुटबॉल चैंपियनशिप में भारत ने भूटान को हराया

## गुरुग्राम की खिलाड़ी श्वेता कर रही हैं भारतीय टीम का नेतृत्व

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


दक्षिण एशियाई अंडर-16 महिला-2024 में फुटबॉल चैंपियनशिप के दौरान मैदान पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम।

**काठमांडू** नेपाल में दक्षिण एशियाई अंडर-16 महिला-2024 में फुटबॉल चैंपियनशिप में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने भूटान को 7-0 से हराकर इतिहास रच दिया। चैंपियनशिप की ओपनिंग के दौरान खेले गए मैच में भारत ने भूटान की टीम पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। भारत की महिला टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। भारत की टीम का नेतृत्व हरियाणा की खिलाड़ी श्वेता कर रही हैं। उनके साथ पूरी टीम के बुलंद हौंसलों से भारत की टीम को ऐतिहासिक विजय मिली।

भारत की तरफ से प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख भारतीय फुटबॉल दल सूरज पाल अम्मू टीम के साथ रहे। मैच के दौरान उन्होंने टीम का हौंसला बढ़ाया। अम्मू ने विजयी भारत की महिला टीम को शुभकामनाएं दी। अगामी मैच में भी जीत के लिए प्रेरित किया। भारत की इस जीत पर सभी भारतीयों को गर्व है। हरियाणा में भी इस जीत पर हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियो द्वारा खुशी मनाई जा रही है। इस ऐतिहासिक जीत पर आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष ने भी सूरज पाल अम्मू एवं समस्त टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

# लोकसभा चुनाव का आज से बिगुल बज गया है, गुरुग्राम से होगी 6 लाख मतों से जीत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में शनिवार को भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री फणिन्द्रनाथ शर्मा विधानसभा स्तर के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए।

**लोकसभा** तैयारी को लेकर सोहना में विधानसभा चुनाव कार्यालय का प्रदेश संगठन मंत्री फणिन्द्रनाथ शर्मा ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुग्राम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को 6 लाख वोटों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। शनिवार को सोहना के भाजपा ने लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाते हुए विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालय की शुरुआत की। जिसका उद्घाटन प्रदेश संगठन मंत्री फणिन्द्रनाथ शर्मा ने रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर सोहना विधायक संजय सिंह, सोहना मंडल अध्यक्ष गौरव चुग, पार्टी कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह, हरबीर अधाना, नरेश सैनी, अधिवक्ता धर्मचंद सैनी, राकेश रोहिल्ला पार्षद आदि मौजूद थे। कार्यालय उद्घाटन पर सोहना के विधायक संजय सिंह ने कहा कि आज प्रदेश ही नहीं देश में भारतीय जनता पार्टी को ही जनता सत्ताशीन तीसरी बार करने जा रही है। उन्होने कहा कि भाजपा पहली ऐसी पार्टी है। जिसका प्रत्याशी का चुनाव में बाद में आएगा और चुनाव जीतने के लिए पूरी तैयारियां कर ली है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालेगे। विपक्ष के नाम का नामूनिशा ही मिट जाएगा। विधायक ने कहा कि आज से ही लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। बूथ स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक चुनाव जीतने की तैयारियां शुरु हो गई है। पन्ना प्रमुख आज से घर-घर जाकर मतदताओं को पार्टी के विकास की जानकारी देने का काम करेंगे।

# आईआईएफएल फाइनेंस के 'लेडीज फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला में गोल्ड लोन लेने वाली महिलाओं को पुरस्कार दिए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**भारत** की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाइनेंस ने केवल महिला ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय 'लेडीज फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला अभियान पेश किया है। अपनी तरह के इस अनोखे अभियान में 5 मार्च से 12 मार्च, 2024 के बीच भारत में किसी भी आईआईएफएल फाइनेंस शाखा से गोल्ड लोन लेने वाली महिला ग्राहकों को जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। इसके अलावा आईआईएफएल फाईनेंस विजेताओं को बंपर पुरस्कार भी प्रदान करेगा, जिसमें सोने के सिक्के शामिल हैं।

आईआईएफएल फाइनेंस लोन एस्सेट के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन कंपनी है। आईआईएफएल फाइनेंस से लोन लेने वाले 85 लाख ग्राहकों में 25 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक महिलाएं हैं, और उनकी संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि बढ़ती अर्थव्यवस्था में और ज्यादा महिलाएं उद्यमिता का मार्ग अपना रही हैं। गोल्ड भारत में हर महिला का अभिन्न हिस्सा होता है, और यह गोल्ड लोन फाइनेंस की मदद से उद्यमिता का सपना पूरा करने में काफी कारगर साबित हुआ है। यह अभियान 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आस-पास की अवधि में चलाया जा रहा है। आईआईएफएल फाइनेंस में हेड, गोल्ड लोन बिजनेस, सौरभ कुमार ने कहा, ''महिला उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए आईआईएफएल फाइनेंस में हमने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत का पहला गोल्ड लोन मेला लॉन्च किया है, जो महिला ग्राहकों के लिए समर्पित है। हम भारत में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वो अपनी नजदीकी आईआईएफएल फाइनेंस शाखा में आएं, और कम ब्याज दर एवं निश्चित उपहार के साथ गोल्ड लोन प्राप्त करें।'' आईआईएफएल फाईनेंस की भारत में 4,600 शाखाएं हैं। यह कंपनी के ब्रांड एवं व्यवसायिक सिद्धांत, 'सीधी बात' के साथ पारदर्शी व्यवहार के लिए मशहूर है।

आईआईएफएल फाइनेंस पूरे साल गोल्ड लोन मेला लगाता है, और अपने मौजूदा एवं नए ग्राहकों तक पहुंचकर उन्हें आकर्षक ब्याज दरों पर गोल्ड लोन प्रदान करता है। साथ ही, यह आभारस्वरूप उन्हें पुरस्कार भी देता है। आईआईएफएल फाइनेंस भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी संस्थानों में से एक है। इसके पास 77,000 करोड़ से ज्यादा के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं।

## नारायण सेवा संस्थान करेगा 6 से 12 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा

**गुरुग्राम।** नारायण सेवा संस्थान की सहायतार्थ आगामी 6 से 12 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा सेक्टर-4 स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित की जाएगी। श्री भागवत भक्त मंडल गुरुग्राम के संयोजन में सायं 4 से 7 बजे तक होने वाली इस कथा में डा. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज अपने मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा करेंगे। वर्षों से नर सेवा नारायण का ध्येय लेकर चल रहे नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक चेयरमैन कैलाश मानव ने लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। दिव्यांगों के लिए काम करने वाले नारायण संस्थान की ओर से देशभर में शिविर लगाकर दिव्यांगों को ना केवल कृत्रिम उपकरण दिए जाते हैं, बल्कि बहुतों के ऑपरेशन करके उनके टेढ़े-मेढ़े हाथ-पांव भी ठीक किए जाते हैं।

# एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड पर जमा नाले का पानी दे रहा हादसों को न्योता

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गुरुग्राम-सोहना** एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड पर फिर से नाले का गंदा पानी जमा होने लगा है। जिससे जान लेवा सड़क हादस होने का खतरा बना हुआ है। परिषद की तरफ से एनएचएआई को जमा गंदे पानी की निकासी के लिए पत्र लिखाने का दावा किया जा रहा है।

गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर एक बार फिर से सर्विस रोड पर नाले का गंदा पानी जमा होने लगा है। उक्त गंदा पानी शहर की चुंगी नंबर एक से सोहना ढाणी मोड के बीच सड़क पर दो से तीन जगह जमा होता है। करीब छह माह सर्विस रोड के साथ बना गंदे नाले का पानी नहीं आने से राहत मिली हुई थी। लेकिन एलिवेटेड मार्ग पर बना फुट ऑवर ब्रिज के निकट नाले का पानी सर्विस रोड पर जमा होने लगा है।

यह पानी सर्विस रोड़ के करीब 100 फुट लंबाई व 8 फुट चैड़ाई में जमा हो रहा है। पानी जमा होने से सड़क पर गड्ढा बनने और वाहनों से पानी की छीटें पैदल चलने वालों को लग रही है।

**नाले की नहीं होती सफाई** : सर्विस रोड़ के साथ बना नाले की आज तक सफाई नहीं हुई है। जिसके कारण नाले का पानी ऑवर फ्लो होकर सर्विस रोड़ पर जमा हो रहा है। स्थानीय नागरिक राजकुमार का कहना है कि मार्ग का निर्माण के दौरान बना नाले का आज तक एक बार सफाई नहीं हुई।

नाले में पानी का ढहलान सही न होने से नाले का पानी सर्विस रोड़ पर आ रहा है। बरसात के मौसम यह और भी अधिक जमा हो जाता है। जमा पानी के पास से यहा के शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का वाहन चालकों से आए दिन बहस हो रही है। जिसका कारण तेजी से निकलने वाले वाहन से गंदे पानी की छीटें कपड़ों को खराब कर देती है।


गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड पर जमा नाले का गंदा पानी।

नगर परिषद सीमा क्षेत्र में एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड़ पर जमा होने वाले पानी की शिकायत पिछले एक साल से बार-बार आ रही है। जल्द ही परिषद की तरफ से एनएचएआई को पत्र लिखकर सर्विस रोड पर जमा पानी का समाधान करने की मांग की जाएगी।

**( दिगंबर सिंह-जेई नगर परिषद )**

सर्विस रोड पर जमा होने वाले नाले के पानी की जानकारी उन्हें नहीं है। लेकिन उक्त पानी का सर्विस रोड पर जमा नहीं होने दिया जाएगा।

**( बृजेश मिश्रा-एजेंसी प्रबधंक-एजेंसी प्रबंधक )**

# विधानसभा प्रभारी भानीराम मंगला के सानिध्य में हुआ भाजपा विधानसभा कार्यालय का उद्धघाटन

## कार्यालय पर उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री खट्टर का वर्चुअल लाइव कार्यक्रम सुना

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका



विधानसभा प्रभारी भानीराम मंगला का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।



मुख्यमंत्री खट्टर का वर्चुअल लाइव कार्यक्रम सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

**शनिवार** दोपहर बारह बजे गुरुग्राम गुरु कमल कार्यालय से प्रदेश के मुखिया मनोहर लाल खट्टर के कर कमलों द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर रखते हुए हरियाणा राज्य के नब्बे विधानसभाओं में वर्चुअल लाइव कार्यक्रम द्वारा भाजपा विधानसभा कार्यालय खोले गए।

इसी क्रम में मंडलाध्यक्ष रमेश आर्य के सौजन्य से सिविल लाइंस रोड पर स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर के भवन में फिरोजपुर झिरका विधानसभा प्रभारी पूर्व गौ सेवा आयोग भानीराम मंगला के सानिध्य में भाजपा मंडल कार्यालय का उद्धघाटन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल के सभी प्रकोष्ठ, मोर्चा, आईटी सेल, सोशल मीडिया की टीम एवं पदाधिकारियों ने मिलकर विधानसभा प्रभारी भानीराम मंगला के गले में माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके उपरांत समस्त कार्यकर्ताओं ने प्रोजेक्टर पर संचलित मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का वर्चुअल लाइव प्रोग्राम सुना। वहीं भानीराम मंगला ने समस्त कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बात में कोई संदेह नहीं है। हरियाणा की 10 लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी को मिलने जा रही है। लेकिन हमारा परम कर्तव्य यह बनता है कि भाजपा पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ने वाला लोकसभा प्रत्याशी ज्यादा से ज्यादा बहुमत से विजय हो सके। इसके उपरांत उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया और उन्होंने बताया कि आज हर गरीब को प्रधानमंत्री द्वारा गैस सिलेंडर, मुफ्त शिक्षा,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना,पीएम मोदी हेल्थ आईडी कार्ड,स्वामित्व योजना,आयुष्मान सहकार योजना,प्रधानमंत्री कुसुम योजना, स्वनिधि योजना, अन्त्योदय अन्न योजना, नेशनल एजुकेशन पालिसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिसका लाभ हरियाणा राज्य के सभी समुदाय के लोगों को मिल रहा है। जिसके कारण भारत विकास के पथ पर अग्रसर है। इस मौके पर भाजपा नेता नसीम अहमद, विधानसभा संयोजक राजकुमार गर्ग, जिला सचिव अशोक गुर्जर, पूर्व निगरानी कमेटी चेयरमैन नरदेव आर्य, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अग्रसेन गोयल, नपा चेयरमैन मनीष जैन, पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन सुनील जैन, मंडल महामंत्री ओम प्रकाश साहू एवं सुभाष साहू, नवीन जैन, पार्षद महेंद्र कौशिक, जिला आईटी सेल प्रभारी जतिन बुसरी, महिला मोर्चा प्रदेष सचिव अंजुबाला, रचना शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष योगेश गुप्ता मंडल मंत्री योगेश बंसल शाहिद काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रही हैं अनेक योजनाएं

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि समाज में प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। जोखिम पूर्ण परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चों की उचित देखभाल व अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्पॉन्सरशिप योजना की शुरू की है। इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित बच्चे को 4 हजार रुपये प्रति माह आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य बच्चों के जीवन में पढ़ाई की अलख जगाते हुए उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि इस योजना का लाभ कई प्रकार के बच्चे ले सकते हैं।

इस स्कीम का लाभ लेने के लिए बच्चे की मां विधवा या तलाकशुदा हो या बच्चा परिवार द्वारा परित्यक्त हो। इसके अलावा बच्चा अनाथ हो और विस्तारित परिवार के साथ रह रहा हो। बच्चे के माता-पिता जीवन को खतरे में डालने वाली टर्मिनल बीमारी से ग्रस्त हों। यह लाभ परिवार में केवल दो बच्चों को ही मिल सकता है।

# बिस्सर अकबरपुर महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण को लेकर छात्राओं को किया जागरूक



पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के गांव बिस्सर-अकबरपुर में स्थित महिला महाविद्यालय में शनिवार को नारी सशक्तिकरण को लेकर छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अनिल लठवाल ने कहा कि बिना नारी सशक्तिकरण के विकसित राष्ट्र का सपना अधूरा है। छात्राओं को सामाजिक, शैक्षणिक एवं महिला अपराध के विरुद्ध जागरूक किया।

छात्राओं को 45 मिनट की लैपटाप पर फिल्म दिखाकर उन्हें उनके अधिकारों की प्रति बताया गया। अनिल लठवाल ने कहा नारी निंदा मत करो नारी नर की खान-नारी से पैदा हुए राम कृष्ण भगवान इस आदर्श पर एक लंबा व्याख्यान दिया गया। साथ ही छात्राओं को भ्रूण हत्या के साथ सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

बताया की नारी सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत का सपना भी अधूरा है। नारी को सामाजिक, शैक्षणिक आधार पर मजबूत होना होगा। इसके अलावा हिंदी के प्रोफेसर सरवन कुमार ने छात्राओं को बताया कि प्रतिवर्ष आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।जिसके उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक अभियान चलाकर बेटियों को अधिकारों की प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवक्ता मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# तरह-तरह रंग-बिरंगे फूलों से महका जेल परिसर





पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** जेल अधीक्षक बिमला देवी के मार्गदर्शन व जेल उप अधीक्षक रेशम सिंह के अथक प्रयासों से नूंह जेल प्रांगण में रंग-बिरंगे विभिन्न प्रकार के फूलों के बगीचे तैयार किए गए हैं। जेल परिसर में प्रवेश करते ही गेंदा, गुलाब, आईस, पटूनिया, गुलदावरी व अन्य प्रकार के सुंदर-सुंदर फूलों की महक व उनकी खिलावट सभी को आनन्द व खुशी का अहसास करवाती है।

जेल अधीक्षक बिमला देवी ने बताया कि जेल में लगभग 100 प्रकार के इन खिले हुए फूलों के बगीचे, क्यारियां व 5 पार्कों से प्रकृति की अद्भुत सुंदरता व मानव मस्तिष्क में उसके प्रभाव का अलग ही अनुभव होता है। उन्होंने बताया कि इन हरे-भरे सुंदर पार्कों से जहां जेल परिसर की सुन्दरता बढ़ी है, वहीं कैदियों व बंदियों की मनोस्थिति में भी प्रकृति की इस सुंदरता का सकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जेल परिसर में लगाए गए विभिन्न प्रकार के इन फूलों के पौधे दिल्ली व गुडगांव से मंगाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जेल परिसर में फूलों के बगीचों व पार्कों को तैयार करने में जेल बंदियों की बड़ी भूमिका है। इससे न केवल जेल परिसर की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि जेल बंदियों को एक सकारात्मक और रचनात्मक कार्य में शामिल होने का अवसर मिला है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जेल बंदियों को सामाजिक रूप से फिर से समाज में सम्मिलित करना है और उन्हें जीवन में नई उम्मीद और सकारात्मकता का महसूस करने का मौका देना है। उन्होंने कहा कि जिन जेल बंदियों ने इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई हैं, जेल प्रशासन उनकी प्रशंसा करता है। यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि रचनात्मक



सोच और सामाजिक सहयोग से हम किसी भी परिस्थिति को पार कर सकते हैं।

# प्रदेश में पहली बार 9 मार्च को शहीद हसन खां मेवाती जयंती पर होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारत सरकार में मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन के सदस्य चौधरी जाहिद हुसैन ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2014 में सत्ता संभालते ही सर्व-समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाने का निर्णय लेकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया और इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने शहीद हसन खां मेवाती जयंती को राज्य स्तर पर मनाने का फैसला लिया है। जिसके अंतर्गत समाज के हर वर्ग से जुड़े महापुरुषों की जयंती मनाई जा रही है।

भाजपा नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच और मार्गदर्शन में जब से सरकार ने संत महापुरुषों की जयंतियों व यादगार दिवसों को सरकारी तौर पर मनाने की पहल की है, तो सर्व समाज के लागों ने इन कार्यक्रमों में भाग लेकर समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। सरकार की यह पहल युवाओं को प्रेरणा देते हुए उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे ले जाने की भी एक पहल है। इसी उद्देश्य से सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना चलाई है।जिसके तहत अब तक प्रदेशभर में अनेक महापुरुषों के सम्मान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इसी कड़ी में हरियाणा में पहली बार राजा शहीद हसन खां मेवाती जयंती पर नूह में 09 मार्च को भव्य राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस समारोह में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। राजा हसन खां मेवाती के जीवन व आदर्शों को युवा पीढ़ी को अपनाना चाहिए। उनकी इन्हीं सोच को हर नागरिक को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और जरूरतमंद व गरीब व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए, तभी समाज, प्रदेश व देश उन्नति करेगा। हसन खां मेवाती का इतिहास जितना गौरवशाली और महान है। समारोह को सफल बनाने के लिए मेवाती समाज में खासा उत्साह है।

# पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा, पूछताछ में आरोपी ने माना रेप की कोशिश की थी



पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिले** के फिरोजपुर झिरका खंड के एक गांव में कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने और शव को दफनाने का मामला प्रकाश में आया था। पुलिस ने शनिवार को अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। अब्बास नाम के आरोपी को मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने कबूला की उसने हत्या से पहले रेप की कोशिश की है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का पुलिस अभी इंतजार कर रही है। दूसरी तरफ ग्रामीण इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा कर रहे हैं। आरोपी मृतक लड़की का परिजन बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खंड के एक गांव में 28 फरवरी को कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली सात वर्षीय एक बच्ची अपने घर से लापता हो गई। जिसे गांव में ढूंढने पर जब नहीं मिली, तो उस बच्ची के गुमशुदगी की रिपोर्ट गत 29 फरवरी को फिरोजपुर



झिरका थाने में दर्ज करा दी गई । पुलिस द्वारा इस मामले में गहनता से छानबीन की गई तो गांव में ही एक परिजन पर शक होने पर सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपी ने सारी कहानी बयां कर दी। आरोपी युवक द्वारा खेत में दफनाए हुए शव को भी पुलिस की मौजूदगी में बरामद किया गया। सीन आफ क्राइम टीम भी इस दौरान मौके पर रही।

थाना प्रबंधक अमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक बच्ची के पिता ने तीन दिन पूर्व दिन पूर्व अपने घर से लापता हो गई । जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट स्थानीय थाना फिरोजपुर झिरका में 29 फरवरी को दर्ज कराई गई ।

# प्राइवेट भवन में चल रहा आधार सेवा केंद्र

## सरकारी दरों से अधिक रुपए वसूल रहे थे आधार सेवा केंद्र संचालक

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका




**प्रदेश** सरकार द्वारा कॉमन सर्विस सेंटर आधार सेवा केंद्र लोगों को सुविधा देने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से काम कर रही है लेकिन क्षेत्र में ज्यादातर कॉमन सर्विस सेंटर पर रेट लिस्ट मुख्य द्वार पर नहीं लगी होने के चलते सीएससी संचालक और आधार सेवा केंद्र संचालक सरकारी दरों को दरकिनार करते मनमाने रेट वसूल कर क्षेत्र की जनता के साथ धोखा कर रहे हैं। लोगों का आरोप है की आवाज उठाने वाले लोगों के कार्य करने में देरी और कागजों में कमी का बहाना बनाकर यह संचालक उन्हें मजबूरी वश अधिक पैसा देने के लिए विवश कर देते हैं।

क्षेत्र के जुनैद , सोएब, इरस्साद सहित कई लोगों ने कहा कि आधार कार्ड अपडेट करने के लिए सरकार द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। सरकार द्वारा हाल ही में भारी संख्या में बीपीएल कार्ड बनाए गए हैं और 10 वर्ष पुराने आधार कार्डों को अपडेट करने का भी कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के प्रत्येक परिवार के लोग अपना आधार अपडेट करने के लिए आधार केंद्र के लगातार चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जहां पर सरकार की दरों को दरकिनार करते हुए आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर 100 से 150 रुपए वसूले जा रहे हैं। मोबाइल नंबर, पता और नाम चेंज करने के भी 100 रुपए प्रति व्यक्ति वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा बायोमैट्रिक अपडेट करने के नाम पर 100 से 150 रुपए प्रति उपभोक्ता से लिए जा रहे हैं । यही नहीं आधार सेवा केंद्र प्राइवेट स्थान पर चलाए जा रहे हैं । यही नहीं लोगों का यह भी कहना है कि ग्रामीण हल्का में चलने वाली मशीन भी शहरी क्षेत्र में चलाई जा रही है। लोगों का आरोप है कि आधार सेवा केंद्र पर कार्यरत कर्मचारी बिना मिली भगत के इस कार्य को नहीं कर रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि सारे मामले की गहनता से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए । शिकायत करने के बावजूद भी ऐसे प्राइवेट साधनों पर चलने वाले आधार सेवा केदो पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। इस बाबत जब मैनेजर कॉमन सर्विस सेंटर आरिफ राजाका से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्राइवेट स्थान पर कोई भी आधार केंद्र की मशीन नहीं चल सकती।

# संक्षिप्त समाचार

## सांसों को योग प्राणायाम से नियंत्रित किया जा सकता है



**करनाल।** योग एक ऐसी रोशनी है,जो एक बार जल गई तो कभी मंद नही होगी। आप जितना बेहतर अभ्यास करेंगे लौ उतनी ही तेज होगी। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख के नेतृत्व तिकोना पार्क सेक्टर 6 से सत्र की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई। शिक्षिका रीता कुमारी और ममता धवन ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम के साथ आसनों का अभ्यास करवाया। उसके बाद गुलाटी ने प्राणायाम सत्र करवाते हुए कहा कि जब श्वासे विचलित होती हैं तो मन अस्थिर हो जाता है,जब श्वासे नियंत्रित होती है,तो मन स्थिर हो जाता है। सांसों को योग प्राणायाम द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है।योग हमारी शक्ति,एकाग्रता, कार्यक्षमता को बढ़ाता है और मन को शांत करता है। दिनेश गुलाटी ने बताया कि सेक्टर 13ग्रीन बेल्ट योग कक्षा जो शीत ऋतु के कारण बलदेव स्कूल में स्थानांतरित कर दी गई थी मौसम परिवर्तन के। कारण कल से नियत स्थान सेक्टर 13में शिफ्ट कर दी जाएगी। इस अवसर पर रीता कुमारी, ममता धवन,भूपिंदर कुमार,नमिता,यशिका, सरोज, राजन भाटिया, गोकुल और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

## पुलिस वाहन में टक्कर मार गो तस्कर फरार

**तावडू।** नूंह तावडू के गांव गवारका में गो तस्करों और पुलिस के बीच टकराव होने का मामला सामने आया है।तस्करी कर एक पिक अप गाड़ी गोवंश को ले जा रहे गो तस्कर पुलिस टीम पर जान लेवा हमले का प्रयास करते हुए सरकारी वाहन टक्कर मार कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर तीन गोवंश को मुक्त कराया है तो सदर थाना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित एक अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अपराध की रोकथाम हेतु तावडू सीआईए टीम नगर के नूंह मार्ग बाईपास पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि गांव गवारका के रहने वाले शौकत,असरु, आसिफ अपने एक साथी के साथ पिकअप गाड़ी में गोवंश को लेकर राजस्थान चुहड़पुर जाएंगे। जिन्हें गांव के बाहर नाकाबंदी कर काबू किया जा सकता है। सूचना के मुताबिक पुलिस ने मौके पर पहुंच नाकेबंदी कर दी। थोड़ी देर बाद गांव की ओर से एक गाड़ी आती हुई दिखाई दी जिसे रुकने का इशारा किया तो चालक जान से मारने की नीयत से पुलिस वाहन में सीधी टक्कर मार भागने लगा। लेकिन थोड़ी आगे चलकर गो तस्करों की गाड़ी रुक गई। पुलिस जवानों ने पीछा करते हुए सभी को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन खेतों में फसल का फायदा उठाते हुए सभी फरार हो गए। वाहन की तलाशी लेने पर तीन गोवंश मिले। वाहन केबिन की तलाशी लेने पर एक कुल्हाड़ी और एक छुरी भी बरामद हुई। सदर थाना पुलिस ने गांव गवारका के रहने वाले शौकत,असरु, आसिफ सहित एक अन्य के विरुद्ध पुलिस पर जानलेवा हमला करने का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर किया है।

## 'दो बूंद हर बार-पोलियो पर जीत रहे बरकरार...'

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खडगटा ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 2024 का आयोजन 3 मार्च 2024 को किया जा रहा है, जिसमें 3 मार्च 2024 को बूथ पर तथा 4 एवं 5 मार्च 2024 को घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सघन पोलियो अभियान के तहत पूरे जिला को कवर किया जाए तथा एक भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि पोलियो अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नूंह जिला मुख्यालय सहित पुन्हाना, फिरोजपुर-झिरका, एवं तावडू में विद्यार्थियों द्वारा पोलियो जागरूकता रैली निकाली जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु 0 से 5 वर्ष तक के 3 लाख 401 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, जिसके लिए 1082 पालियो बूथ पर 265 सुपरवाइजर टीम तथा 3 हजार 825 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने 5 साल तक के बच्चों को 3 मार्च के दिन अपने नजदीकी बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं व अभियान को सफल बनाए।

## 5 मार्च को अयोध्या जाएगी ट्रेन, 1504 रामभक्त होंगे रवाना

**कुरुक्षेत्र।** अयोध्या जाने वाले राम भक्तों के लिए एक अच्छी खबर है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से 5 मार्च को रात 8 बजे अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना होगी। इस ट्रेन में 1504 राम भक्त अयोध्या के लिए रवाना होंगे। 5 मार्च की रात इस ट्रेन में सवार होकर जाने वाले राम भक्तों को मात्र 1175 रुपए आने जाने का किराया अदा करना पड़ेगा और इस 1175 रुपए में आना जाना 2 टाइम का ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर और शाम की चाय भी मिलेगी। मंगलवार की रात कुरुक्षेत्र से रवाना होकर यह ट्रेन बुधवार को दोपहर 12.55 पर रामनगरी अयोध्या पहुंचेगी, जहां राम लला के दर्शन करने व अयोध्या नगरी का भ्रमण करने के उपरांत सभी रामभक्त वीरवार को रात करीब 10 बजे आस्था एक्सप्रेस में सवार होकर कुरुक्षेत्र के लिए वापसी करेंगे। शुक्रवार 8 मार्च को ये ट्रेन दोपहर 2 बजे कुरुक्षेत्र स्टेशन पर पहुंचेगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान ने बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से 1504 रामभक्त 5 मार्च को अयोध्या जाने के लिए शाम 6.30 बजे कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। जहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा रामभक्तों को संबोधित करेंगे और रात करीब 8 बजे इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर अयोध्या के लिए रवाना करेंगे।

## थानेसर में सरस्वती नदी के लिए 29 करोड़ का बजट पास

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरस्वती धरोहर बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सरस्वती नदी को फिर से धरातल पर लाने की जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी थी, उसे पूरा करने के लिए विकास बोर्ड द्वारा पूरी मेहनत के साथ काम किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र शहर में सरस्वती नदी बीच से बहकर निकलती है। मगर कालांतर के समय से इसका क्षेत्र कम होता चला गया, लेकिन मनोहर लाल सरकार ने इस नदी की सुध ली और सरस्वती नदी रिजर्व नेशन प्रोजेक्ट बनाकर कुरुक्षेत्र में बड़ी सौगात देने का काम किया है। बोर्ड उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि पिपली से लेकी झांसा रोड तक सरस्वती को चौड़ा करके दोनों सिरों को पक्का किया जाना है। इस कार्यक्रम पर करीब 29 करोड़ की राशि का बजट पास किया गया है। सरस्वती नदी में जल के बहाव को बढ़ाने के लिए यह राशि मंजूर की गई है। उन्होंने कहा कि सरस्वती थानेसर शहर की पवित्र नदी कही जाने वाली नदी है। महाभारत का युद्ध सरस्वती के किनारे लड़ा गया यह सभी ग्रंथों में लिखा है। इस प्रोजेक्ट से शहर का सौंदर्यीकरण बड़े स्तर पर पहुंचेंगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश को विश्व स्तर पर ले जाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरस्वती नदी प्रोजेक्ट को यह 29 करोड़ की राशि चार चांद लगाएगी।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

मैं, प्रदीप पुत्र श्री वेद प्रकाश निवासी फाजिलपुर, सोनीपत 131001 ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम प्रदीप से बदलकर प्रदीप राणा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

I, Ravi Rana S/o Onkar Chand Rana R/o 1524, Sector 09, Faridabad, have changed my name to Ravi Dutt Rana.

I, Jitender Mohan S/o Lt. Sh. Deen Dayal Khera R/o Flat No 601, The Vijeta CGHS, Plot No 23-24, Near Community Center, Sector 02, Faridabad, I have changed my name to Jitender Khera for all future purposes.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# संदेशखाली प्रकरण

## शेख शाहजहां गिरफ्तार


**संदेशखाली** में भगोड़े आरोपी शेख शाहजहां की 55 दिन बाद गिरफ्तारी का श्रेय टीएमसी और भाजपा, दोनों ले रही हैं। संदेशखाली में सामूहिक बलात्कार व जमीनों पर कब्जे के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के फरार बाहुबली शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद भी पश्चिम बंगाल में राजनीति और गरमाने के आसार हैं। इससे ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार तथा भाजपा के बीच बयानबाजी और उग्र होगी। शेख शाहजहां 5 जनवरी से ही फरार था जब उसके घर पर राशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय-ईडी टीम ने छापा मारा था और टीम पर उग्र भीड़ ने प्राणघातक हमला कर दिया था। आखिरकार 55 दिन से फरार शेख को कोलकाता उच्च न्यायालय के इस आदेश के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया कि सीबीआई, ईडी या राज्य पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। लेकिन इस विलंबित घटनाक्रम ने राजनीतिक क्षेत्रों में तूफान पैदा कर दिया है। सत्तारूढ़ टीएमसी का कहना है कि उच्च न्यायालय द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर स्थगनादेश के मामले में विरोधाभासी स्थिति स्पष्ट करने के बाद उसे पकड़ा गया। लेकिन विपक्षी भाजपा का दावा है कि आरोपी को पुलिस बचा रही थी और उसकी गिरफ्तारी 'सुनियोजित' हैं क्योंकि 'हमने सरकार पर भारी दबाव डाला था।' पश्चिम बंगाल में इस नाटकीय घटनाक्रम से एक चीज स्पष्ट है कि शेख की गिरफ्तारी से उन प्रमुख शक्तियों में टकराव बढ़ गया है जो राज्य पर अपना राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित करना चाहती हैं। हालांकि, इस घटनाक्रम ने पूरे राज्य में सनसनी पैदा की है, पर इस पर तेजी से चले राजनीतिक दांवपेंच भी समझ में आते हैं। टीएमसी और भाजपा इस स्थिति का लाभ उठाना चाहते थे क्योंकि लोक सभा चुनाव बहुत निकट हैं और संदेशखाली प्रकरण दोनों पार्टियों के लिए 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। टीएमसी के लिए यह भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा कानून का शासन स्थापित करने के पक्ष में प्रतिबद्धता प्रकट करने का अवसर है। इसी कारण पार्टी ने बिना कोई समय गंवाये इस गिरफ्तारी को स्वच्छ प्रशासन और जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है।




दूसरी ओर भाजपा ने इस गिरफ्तारी को पश्चिम बंगाल की राजनीति में अपने बढ़ते प्रभाव के प्रमाण की तरह पेश किया है। पार्टी इसे अपने भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान तथा इस दावे की पुष्टि मानती है कि टीएमसी नीत सरकार में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। हालांकि, गहराई से गौर करने पर यह राज्य के उथलपुथल भरे राजनीतिक परिदृश्य में वर्चस्व स्थापित करने का संघर्ष है। शेख की गिरफ्तारी के साथ चुनावी प्रभुत्व के लिए संघर्ष और तेज हुआ है और हर पार्टी अपनी चुनावी संभावनायें बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन इस राजनीति में हमें भगोड़े बाहुबली की गिरफ्तारी के व्यापक प्रभावों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। राज्य की राजनीति में एक 'मुहरे' के रूप में सक्रिय शेख उस भयानक भ्रष्टाचार को रेखांकित करता है जो पश्चिम बंगाल के प्रशासन में प्लेग की तरह फैल गया है। शेख शाहजहां की गिरफ्तारी राज्य में स्वच्छ व पारदर्शी प्रशासन की खोज में आने वाली चुनौतियों की याद दिलाती है, भले ही संबंधित लोगों का राजनीतिक जुड़ाव चाहे जो हो। राज्य में दावों और जवाबी दावों के बीच सच्चाई यह है कि बंगाल का राजनेता वर्ग भ्रष्टाचार और राजनीति के अपराधीकरण जैसी समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है, जबकि इनसे राज्य की प्रगति व विकास को भयंकर नुकसान होता है।

# परिवर्तन केलिए लोकतंत्र में सामूहिक प्रयास तो जरूरी है

**आगे भविष्य में क्या होगा, यह तो अभी स्पष्ट रूप से कोई नहीं कह सकता, लेकिन इतना तो तय है कि जिस प्रकार छापेमारी के बल पर, सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स, का डर दिखाकर देश को भ्रमित किया जा रहा है, ऐसा इससे पहले किसी भी सरकार ने नहीं किया।**



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)




पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर पर लिखी किताब में वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय लिखते हैं कि चंद्रशेखर वेश बदलने में यकीन नहीं करते। प्रधानमंत्री बनने पर उसी धोती—कुर्ता में उन्हें कहीं पाकर आम आदमी का आत्मबल बढ़ा। सार्क में उनका भाषण परंपरा के मुताबिक लिखा गया था। उसे उन्होंने एक ओर रख दिया। वे धाराप्रवाह बोले। इसका तो इस लेख के लेखक भी स्वयं साक्षी रहा है, जब पंजाब के पठानकोट में 30 सितंबर 2001 को एक सम्मेलन के दौरान उनके साथ मंच साझा करने का अवसर मिला था। उन्होंने पोडियम पर रखे सारे भाषण को एक ओर रख दिया और धारा प्रवाह भाषण देना शुरू किया। उनकी वाणी के ओज को देख—सुनकर सब दंग रह गए थे। बिल्कुल ग्रामीण वेशभूषा का व्यक्ति जब इस प्रकार श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहा हो, तो स्वाभाविक रूप से उनका आत्मबल बढ़ता है। बदले भेष में मंच पर या सांसद के किसी भी सदन में कभी किसी ने नहीं देखा। यही तो आज चर्चा का विषय है जिससे सत्तारूढ़ भाजपा में खलबली मची है।

विपक्षी पार्टियों का कहना है कि यदि वर्तमान सरकार फिर से सत्तारूढ़ होती है, तो फिर देश में कभी कोई चुनाव होने वाला नहीं है। खासकर कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर काफी चिंतित है कि यदि यही सरकार फिर से सत्ता में आएगी, तो किस प्रकार सत्ता के बल पर विपक्ष को खत्म कर देगी और तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश को उद्यमियों के हाथों में गिरवी रख दिया जाएगा, इसे कोई नहीं जानता।

आगे भविष्य में क्या होगा, यह तो अभी स्पष्ट रूप से कोई नहीं कह सकता, लेकिन इतना तो तय है कि जिस प्रकार छापेमारी के बल पर, सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स, का डर दिखाकर देश को भ्रमित किया जा रहा है, ऐसा इससे पहले किसी भी सरकार ने नहीं किया। आजादी के बाद का इतिहास यदि देखा जाए, तो किसी सरकार के कार्यकाल में समाज से इन सरकारी हथकंडों के बल पर धन उगाही नहीं की गई। अभी पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को लेकर जो कुछ भी कहा, उससे तो यह बात साफ हो गई कि वर्तमान केंद्र सरकार ने तरह—तरह के नए—नए कानून बनाकर कालाधन को बढ़ावा दिया और अपनी पार्टी के लिए देश के लगभग हर जिले में अपना कार्यालय बनाया। यह सब जनता का दोहन ही तो है। अब आगे क्या होगा? इस बात को कहने के लिए विपक्ष सुप्रीम कोर्ट के दो फैसलों को उदाहरण के रूप में पेश करते हैं। पहला तो यह कि सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया। दूसरा चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में कराए गए हेरफेर को। कहते हैं कि यह इलेक्टोरल बॉन्ड तो काले धन के रूप में अकूत सत्तारूढ़ दल के पास पड़ा है और चंडीगढ़ मेयर चुनाव के हेरफेर को यह कहकर बताते हैं कि यह चोरी तो आज पकड़ी गई, अन्यथा जबसे भाजपा सत्ता में आई है, तभी से सत्तारूढ़ दल द्वारा इसी अवैध तरीके से चुनाव लड़ा और जीता है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस महागठबंधन को धता बताकर केंद्र में सत्तारूढ़ दल के साथ अपना पाला बदला, उससे तो लगने यही लगा था कि और बड़े—बड़े राजनीतिज्ञ अपना आकलन करने लगे कि अब महागठबंधन समाप्त हो गया। ऐसा इसलिए कि महागठबंधन तैयार करने में एक उनकी भी भूमिका महत्वपूर्ण थी, और सच में उसके एक स्तंभ माने जा रहे थे, लेकिन किस राजनीतिक लोभ के कारण उन्होंने अपना पाला बदला, देश इसे लेकर अभी भी संशय में है। इसी प्रकार देश के कई जाने—माने नेताओं का पलायन या हॉर्स ट्रेडिंग शुरू कर दी गई, जिससे लगने लगा कि अब महागठबंधन समाप्त हो जाएगा। लेकिन, यह तो मात्र उन नेताओं को महागठबंधन में परखना था कि वे उनके साथ हैं या नहीं। ऐसे बेपेंदी के लोग डर से उसी तरह समुद्र में कूद पड़े, जिस तरह पानी में डूबते जहाज से चूहे कूद पड़ते हैं। शायद इस नए गठबंधन से उनका भरोसा उठ गया अथवा वे नेता सत्तारूढ़ की इस धमकी से डर गए, जो सत्तारूढ़ की ओर से ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का दिखाया जाता है। यह बात समझ में नहीं आती कि आखिर ये नेता चुनाव काल में ही इतने भ्रष्ट क्यों हो जाते हैं, क्यों विपक्षियों के घर या दफ्तर पर छापे पड़ने लगते हैं। इसका एकमात्र उद्देश्य केवल धन एकत्र करना अथवा समाज में उनको अपमानित करना ही है। अगर ऐसा नहीं है, तो वह कौन सा कारण होता कि चुनाव काल में ही सभी विपक्षियों के यहां छापे पड़ने लगते हैं। उसमें भी यह बात समझ में नहीं आती कि क्या सभी भ्रष्टाचारी विपक्षी दलों में ही हैं? सत्तारूढ़ दल का एक भी व्यक्ति या नेता भ्रष्ट नहीं है?

विश्लेषक बताते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा में जाने, ममता बनर्जी का महागठबंधन में सीट के बंटवारों पर सहमत न होना, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का सीट के बंटवारे को लेकर जो बात बार—बार कही जा रही थी, वह ऐसे नेताओं से अपना पीछा छुड़ाना मात्र था, जो दो नावों पर सवार होकर दोनों पक्षों के जीत—हार का वजन टटोलने आए थे या फिर भाजपा के लिए जासूसी करने आए थे। जब महागठबंधन के नेताओं ने ऐसा भांप लिया कि जो भी आने—जाने वाले थे, उन्होंने अपना किनारा कर लिया है। फिर शांत मन से समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, टीएमसी से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मिल—बैठकर भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ने के अपने फैसले को आगे बढ़ाते हुए सीटों का बंटवारा कर लिया है।

यह एक उपलब्धि तो महागठबंधन की है ही, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा के लिए कठिन परीक्षा की घड़ी आ गई है। नीतीश कुमार के पलटी मारने से भाजपा में खुशी का माहौल इसलिए बन गया था कि उन्होंने यह कभी नहीं सोचा कि जिन्हे वे जिताऊ नेता के रूप में अपने दल में शामिल कर रहे हैं, वे क्या सचमुच वैसे हैं? ऐसा इसलिए क्योंकि नीतीश कुमार बिहार में अपना जनाधार लगभग खो चुके हैं और बिहार की जनता अब नए नेता के रूप में राजद के तेजस्वी यादव को तवज्जो देने लगे हैं। अब लोकसभा 2024 के चुनाव में यह देखना होगा कि देश की जनता तरह—तरह के पोज देने वाला वस्त्रादि बदलने वाले नेता को चुनकर अपनी गलती फिर से दोहराना चाहती है अथवा नए उत्साही, पढ़े—लिखे को अपना अमूल्य मत देकर अपने देश के विकास के मार्ग को प्रशस्त करना चाहती है। अब यह चुनाव होने में और देश का कायाकल्प होने का समय करीब आता जा रहा है, किसी दूसरे को भी देश चलाने का अवसर मिलना चाहिए। दस वर्ष तक गुमराह होकर सत्ता के प्रति विश्वास रखना अब खतरे के निशान को पार कर गया है। इसलिए देश में सत्ता परिवर्तन होना ही चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि यदि ऐसा नहीं किया गया, तो सरकार निरंकुश हो जाती है। ऐसी निरंकुश शासन व्यवस्था कई देशों में देखा भी गया है, लेकिन कहा यह भी जाता है कि एक—न—एक दिन बदलाव जरूर आता है, फिर चाहे श्रृष्टि हो या सरकार, सबमें बदलाव अवश्य आता है। अब जनता अपने भारत में भी जुमलों को सुन—सुनकर आजिज आ चुकी है, इसलिए उसके मन में बदलाव की मानसिकता तो है, लेकिन यह तो जनतंत्र है। जब तक समाज का बहुमत नहीं होगा, किसी एक की सोच से कोई बदलाव होने वाला नहीं है। परिवर्तन के लिए लोकतंत्र में सामूहिक प्रयास तो आवश्यक है ही।

# वैश्विक एजेंडे के बीच घरेलू राजनीति

> **पीएम मोदी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक, भारत-अमेरिका संबंधों को ऊपर उठाना और इसे भारत-प्रशांत संदर्भ में स्थापित करना है।**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक गुरु हैं)



जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपलब्ध राजनयिक मंचों पर वैश्विक दक्षिण के मुद्दों की वकालत करने के बजाय लगातार भारत के दक्षिण का दौरा कर रहे हैं। एक कारण यह है कि दक्षिण में उनकी पार्टी की उपस्थिति कमजोर दिख रही है। इससे पहले, एक रणनीतिक विकल्प के रूप में, पीएम मोदी ने मौजूदा कार्यकाल में अपनी आखिरी विदेश यात्रा के दौरान एक मुस्लिम देश में एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने का फैसला किया था। ऐसा करते हुए भी, नीतियों और दृष्टिकोण की निरंतरता के बारे में बयान सूक्ष्मता से दिए गए जब पीएम मोदी ने आत्मविश्वास से अपने दर्शकों को बताया कि उनके पास पहले से ही 2024 के मध्य और उत्तरार्ध के लिए कई विदेशी सरकारों से निमंत्रण है, जो उनके संभावित तीसरे कार्यकाल में विश्वास का संकेत देता है।

मोदी के तीसरे कार्यकाल में कई मुद्दों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, विदेश नीति का तो जिक्र ही नहीं, भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और आत्मविश्वास को देखते हुए, यह वैश्विक मामलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन जाएगा। पीएम मोदी के अगले कार्यकाल में भारत के अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है, जिसके कंधे पर कुछ सितारे लगाने के अलावा, जिम्मेदारियों का भारी बोझ भी होगा।

श्री मोदी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक, विशेष रूप से उनके दूसरे कार्यकाल के दौरान, भारत-अमेरिका संबंधों को ऊपर उठाना और इसे भारत-प्रशांत संदर्भ में स्थापित करना है। जबकि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय अब तक के इतिहास में सबसे मजबूत है, दोनों देश कई बहुपक्षीय प्लेटफार्मों के माध्यम से काम करने में कामयाब रहे हैं, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण क्वाड (अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान का एक समूह) है। भारत-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी और हित रखते हुए, इस क्षेत्र में ड्रैगन से सावधान रहने के साथ-साथ, अपने मुखर एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किसी भी प्रकट या गुप्त साधन का उपयोग करने से कभी नहीं चूकता।



जबकि दुनिया के कुछ बेहतरीन राजनयिक, नीति निर्माता और थिंक टैंक पिछले सप्ताह वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहे थे, विदेश मंत्री जयशंकर को क्वाड की प्रासंगिकता और आगे की राह पर नीति रणनीतिकारों के एक पूरे समूह से बात करने के लिए कुछ समय मिला। विदेश मंत्री ने पिछले दशक में भारत की विदेश नीति के दृष्टिकोण की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला जब उन्होंने तीन क्वाड भागीदारों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय बदलाव का उल्लेख किया। अमेरिका के साथ, हमने इतिहास की वैचारिक झिझक को पीछे छोड़ दिया है। जापान के साथ हमने लंबे समय से चली आ रही सद्भावना को और अधिक व्यावहारिक आकार दिया। और ऑस्ट्रेलिया के साथ, हमने वास्तव में गंभीरता से एक वास्तविक शुरुआत की।

भले ही पिछले साल मई के बाद से क्वाड नेताओं का शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है, लेकिन क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर चर्चा के लिए सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के बीच पर्दे के पीछे की बैठकें बंद नहीं हुई हैं। राजनीतिक मजबूरियों को देखते हुए, भारत के लिए इस साल क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि जब तक नई भारत सरकार बनेगी तब तक अमेरिकी चुनाव बहुत करीब होंगे। हालाँकि, भारत का लक्ष्य क्वाड समूह के माध्यम से जिन महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करना है, जैसा कि रेखांकित किया है, अर्थात, यह एक बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दो, यह गठबंधन के बाद और शीत युद्ध के बाद की सोच है। तीन, यह प्रभाव क्षेत्र के विरुद्ध है। चौथा, यह वैश्विक स्थान के लोकतंत्रीकरण और एकपक्षीय नहीं बल्कि सहयोगात्मक दृष्टिकोण को व्यक्त करता है। और पांचवां, यह एक कथन है कि इस दिन और युग में, अन्य लोग हमारी पसंद पर वीटो नहीं कर सकते, फोकस में रहेगा। यह नीतियों की निरंतरता का संदेश है जिसे भारत सरकार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने ऐसे समय में उजागर कर रही है जब अस्थिरता दुनिया के शक्तिशाली देशों सहित अधिकांश के लिए आदर्श है।

भारत ने क्षेत्र में सभी सदस्यों के साझा हितों के साथ, नाटो के विपरीत, एक गैर-सैन्य व्यवस्था के रूप में क्वाड को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है। जयशंकर ने अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला, हमारे रणनीतिक दृष्टिकोणों में मजबूत सहमति को देखते हुए क्वाड देशों के बीच एक-दूसरे के साथ काम करने में सहजता बढ़ रही है। इन तीन क्वाड देशों में से प्रत्येक के साथ भारत की द्विपक्षीय साझेदारी भी हाल के वर्षों में बदल गई है।

संदेश स्पष्ट है: भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उचित हिस्सेदारी के साथ बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था पर जोर देना जारी रखेगा।

## आप की बात

### रेल पटरियों पर मौतें

**दिल्ली** में हर सप्ताह रेल की पटरियों पर होने वाले हादसों में 11 लोग अपनी जान गंवा देते हैं। अक्सर रेलवे ट्रैक पर होने वाली इन मौतो की सबसे बड़ी वजह शॉर्टकट की कोशिश में फुट ओवर ब्रिज इस्तेमाल करने के बजाय रेल पटरी पर से रास्ता पार करना है। कई हादसे तो मोबाइल पर बात करते हुए या इयरफोन लगाकर ट्रैक पार करते हुए भी हुए हैं। ऐसे हादसे कम करने के लिए पुलिस रेलवे की मदद से जागरूकता अभियान चलाती रहती है। रेलवे कोशिश करती है कि भीड़भाड़ वाली जगह पर रेलवे ट्रैक पार करने के लिए फुटओवर ब्रिज अवश्य बनाया जाए। ट्रेन की चपेट में आने वाले अधिकतर लोग रेलवे ट्रैक के पास बसी झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले होते हैं जो अक्सर ट्रैक के दूसरी तरफ आते-जाते रहते हैं। रेलवे के अनुसार, पिछले वर्ष ट्रेन की चपेट में आने से 688 लोगों की मौत हुई थी। ऐसे हादसे केवल दिल्ली ही नहीं है देश के दूसरे स्थानों पर भी हुए हैं। अक्सर फुटओवर ब्रिज रहते हुए भी हर शहर में रेलवे स्टेशनों पर अनेक आम राहगीर पटरी पार करने का आसान रास्ता अपनाते हैं। रेल पटरियों पर होने वाली मौतें रोकने में आम लोगों को भी पूरा सहयोग देना चाहिए। किसी को भी अपनी जान सस्ती नहीं समझनी चाहिए क्योंकि उसके बच्चे, पत्नी, माता-पिता भी उससे जुड़े होते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### यूक्रेन की पीड़ा

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की ने रुसी घुसपैठ के दो वर्ष पूरे होने पर संवाददाताओं को बताया कि यूक्रेन ने इस युद्ध में 31 हज़ार से अधिक सैनिकों को खोया है। युद्ध में इससे अधिक सिविल नागरिकों की जान गई है। नाटो के कुछ देशों ने यूक्रेन में सैनिक भेजने की बात शुरुआत में कही थी, लेकिन उनको अधिकांश सदस्य देशों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि जब पुतिन ने अपने टैंकों को यूक्रेन में घुसने का आदेश दिया तब उन्होंने सोचा था कि दुनिया झुक जाएगी, मगर यूक्रेन के लोग बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन एकजुट एवं टिकाऊ है। वर्तमान समय में यूक्रेन के अन्य क्षेत्रों पर भी रूस कब्जा करता जा रहा है जिससे यूक्रेन में हताशा का माहौल है। यूक्रेन का लगभग पांचवां भाग रूस के कब्जे में है और उसकी अर्थव्यवस्था भयानक संकट का सामना कर रही है। पुतिन ने धमकी दी है कि यदि यूक्रेन में नाटो सैनिक पहुंचे तो तीसरा विश्वयुद्ध होकर रहेगा। यूक्रेन का भविष्य इस वर्ष के अंत में होने वाले अमेरिकी चुनावों पर भी टिका है। यदि येन-केन-प्रकारेण ट्रंप फिर राष्ट्रपति बन जाते हैं तो यूक्रेन की संप्रभुता गंभीर संकट में पड़ जाएगी। यूक्रेन की पीड़ा असहनीय है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### पेपर लीक समस्या

**प्रतियोगी परीक्षाओं** के ठेकेदार देश के सुनहरे भविष्य के लिए आस्तीन के सांप हैं। यह अपराध परीक्षा व्यवस्था को हानि पहुंचाने के साथ युवाओं के सपनों को भी तोड़ देता है। पेपर लीक मामलों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई के लिए भेजना चाहिए। कोचिंग संस्थानों को संलिप्तता मिलने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हमें युवाओं को शिक्षित करने और उन्हें नकल व शार्टकट अपनाने से बचाने की भी जरुरत है जो अंतत: उनकी क्षमता और प्रगति प्रभावित करती है। शिक्षा संस्थानों में आदर्शों की शिक्षा देने के साथ ही युवाओं को उपयुक्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए ताकि वे स्वयं को दृढ़ और समर्थ बना सकें। परीक्षा आयोगों को भी पेपर की सुरक्षा के लिए नवाचारी तकनीकों का उपयोग करना चाहिए ताकि पेपर लीक की संभावना कम से कम हो सके। देश में कुछ संस्थानों ने पेपर लीक जैसी समस्याओं के समाधान के लिए तकनीक प्रयोग के कई प्रयास किए हैं। उद्योगपतियों के सहयोग से निजी क्षेत्र में भी नौकरियों व रोजगार के अवसरों को सबके लिए आकर्षक बनाने के प्रयास होने चाहिए ताकि सरकारी नौकरियों की ओर अंधी दौड़ व उसके लिए पेपर लीक जैसे अनुचित साधनों के प्रयोग की जड़ पर ही प्रहार किया जा सके।

**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### दलबदल की प्रवृत्ति

**हाल ही में** संपन्न राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश में क्रास वोटिंग देखने को मिली। चुनाव सुधारों के दृष्टिकोण से बुद्धिजीवियों को इस पर जरूर विचार करना चाहिए। उत्तर प्रदेश में सपा और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के विधायकों ने क्रास वोटिंग की है। राज्यसभा चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि देश की राजनीति में दलबदल-विरोधी कानून की धज्जियां उड़ाने में राजनीतिक दल पीछे नहीं रहना चाहते हैं। हालांकि, पालाबदल के अनेक अन्य कारण भी हो सकते हैं, लेकिन दलबदल पर रोक लगाना समय की आवश्यकता बन गई है। क्रास वोटिंग को राजनीतिक अतिवाद की संज्ञा देनी चाहिए और इसे रोकने के सभी प्रयास करने चाहिए। यह स्थिति देश की राजनीति के लिए बिल्कुल उचित नहीं है क्योंकि राजनितिक अनिश्चितता का माहौल लोकतंत्र की जड़ों को खोखला कर रहा है। जनता को भी दलबदल के खिलाफ अपनी राय स्पष्ट रूप से देनी चाहिए। विडंबना है कि कई बार दलबदल करने वाले नेताओं को उसी क्षेत्र की जनता फिर नई पार्टी से भारी मतों से विजय दिला देती है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भारी बहुमत से जीतेगी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**विधायक** एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा के संयोजक सुभाष सुधा ने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। इस पार्टी की नीतियों से आज प्रदेश का हर वर्ग खुश है और उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने के लिए तैयार है।

विधायक सुभाष सुधा पिपली रोड पर थानेसर विधानसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आनलाइन प्रणाली से हरियाणा प्रदेश की सभी 90 विधानसभा चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया और कार्यकर्ताओं को पूरे जोश और खरोश के साथ चुनावों की तैयारी करने के लिए कहा है। विधायक ने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने हजारों करोड रुपए के विकास कार्य करवाएं है। इस भाजपा सरकार ने आमजन मानस की सुख सुविधाओं को देखते हुए ही विकास कार्य करवाएं है। लोकसभा संयोजक सुधा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे मजबूत संगठन है। इसलिए इस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने टेलीफोन एक्सचेंज के पास आन लाईन प्रणाली से थानेसर विधान सभा कार्यालय का उदघाटन किया है। इस मौके पर थानेसर लोकसभा विस्तारक नरेन्द्र डावला, विधान सभा संयोजक रविन्द्र सांगवान, महिला मोर्चा अध्यक्ष परमजीत कश्यप, प्रदेश सचिव राहुल राणा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, हरियाणा पशुधन एवं डेयरी बोर्ड चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, जिला महामंत्री जसविन्द्र सैनी, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, मंडल अध्यक्ष हरीश अरोडा, मंडल अध्यक्ष रमेश सैनी, पूर्व प्रवक्ता डॉ. शकुंतला शर्मा, जिला सचिव रेणू खुंगर, जिला उपाध्यक्ष अनु मालयान, भाजपा युवा नेता विशाल सिंगला, थानेसर विधानसभा सह संयोजक देवीदयाल शर्मा, थानेसर विस्तारक मेनपाल आदि मौजूद रहे।

## विनोद भगत भाजपा एससी मोर्चा मंडल 12 के अध्यक्ष नियुक्त

**जालंधर।** भारतीय जनता पार्टी जालंधर वेस्ट हलके के मंडल 12 के अध्यक्ष राकेश भगत राणा की अध्यक्षता में जिला एस सी मोर्चा के अध्यक्ष अजमेर सिंह बादल जी से विचार विमर्श करके विनोद भगत जी को बीजेपी एस. सी. मोर्चा मंडल 12 के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार (प्रभारी एस सी मोर्चा जिला जालंधर और जिला उप प्रधान दविंदर भारद्वाज, मंडल महामंत्री अश्वनी बबल जी विशेष रूप से उपस्थित हुए। मंडल कार्यकारिणी में मंडल महामंत्री राम सरूप और जॉनी कुमार को नियुक्त किया गया। रवि कुमार, मेहर सिंह, और विपिन कुमार को मंडल उप प्रधान एवं रमेश भगत, जनक राज को सचिव, परशोतम लाल को कैशियर, गौतम और संदीप भगत को मीडिया इंचार्ज, प्रेम अरूप , सनी, तेजिंदर सिंह और हैरी को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

# रोहतक में बारिश और ओलावृष्टि से दर्जनों गांव के किसानों की फसलों में भारी हानि

## किसानों ने की मुआवजे की मांग

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



ओला वृष्टि से ढकी जमीन

**जिले** में एक दर्जन से अधिक गांव में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इस बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से गांव खरावड़, खेड़ी साध, गांधरा, भैसरू कलां, गिझी में सबसे ज्यादा नुकसान देखने को मिला है। सबसे ज्यादा नुकसान इस ओलावृष्टि से गांव खरावड़ में देखने को मिला है। जहां पर लगभग 500 से 600 एकड़ फसलों में भारी नुक्सान हुआ है।

बता दें कि शुक्रवार सुबह से ही मौसम में बदलाव देखने को मिला है और इस बदलाव की वजह से ही शुक्रवार शाम के समय बरसात हुई लेकिन शनिवार को दिन में बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि भी हो गई, जिसकी वजह से सबसे ज्यादा नुकसान इस ओलावृष्टि से सरसों , गेहूं एवं सब्जी की फसलों पर देखने पर मिला है।

किसानों का कहना है कि यह बेमौसमी बरसात के साथ-साथ जहां पर ओलावृष्टि हुई हुई है। उसने किसानों की कमर को तोड़ कर रख दिया है। किसान बड़ी मुश्किल से मेहनत करके फसल को तैयार करता है और जब कुदरत की मार पड़ती है तो वह बिल्कुल टूट जाता है। किसानों का कहना है कि इस ओलावृष्टि से उनकी सब्जी की काफी फैसले बर्बाद हो गई हैं। जिसकी भरपाई करना बड़ा मुश्किल है। उन्होंने सरकार से भी मांग की कि उनको उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वह दूसरी फसल उगा सकें। किसान नेता संदीप हुड्डा ने कहा कि इस बरसात के साथ-साथ जिन गांवों में भारी ओलावृष्टि हुई है, वहां पर किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। वह सरकार से मांग करते हैं कि इसकी उचित गिरदावरी करवा करके किसानों को मुआवजा दिया जाए। ताकि किसान अगली फसल को उगा सकें, क्योंकि किसान बड़ी मेहनत और लागत से फसल को उगाता है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी बीजेपी, गढ़ी सापंला किलोई विधानसभा क्षेत्र में खोला चुनाव कार्यालय



सांपला में चुनावी कार्यालय का रिबन काटकर शुभारंभ करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

### गढ़ी सांपला किलोई में भी कमल खिलाने के लिए पसीना बहाएगी भाजपा

**भारतीय** जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। रोहतक लोकसभा चुनाव के लिए गढ़ी सांपला किलोई में चुनावी कार्यालय खोलकर भाजपा ने चुनावी अभियान की शुरूआत कर दी है। कार्यालय की शुरूआत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने रिबन काटकर की । चुनावी कार्यालय की शुरूआत करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सतीश नांदल ने कहा कि सांपला में चुनावी कार्यालय की शुरूआत कर दी गई है हालांकि अभी तक बीजेपी ने रोहत लोकसभा सीट के प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। बीजेपी प्रत्याशियों के ऐलान को लेकर सवाल किया गया. नाम फाइनल नहीं होने पर भी कार्यालय खोलने सवाल पर सतीश नांदल ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के लिए यह तो तय है कि सभी 10 लोकसभा सीटों में कमल का निशान चुनाव लड़ने वाला है, इसलिए कार्यालय खुल रहे हैं. हमारी कार्यशैली भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि, जहां अन्य दलों की राजनीति व्यक्ति केंद्रित होती है, वहीं भाजपा की राजनीति राष्ट्र केंद्रित होती है।

प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने बताया है कि इन नए लोकसभा चुनाव कार्यालय में पदाधिकारियों द्वारा समय समय पर कार्यकर्ताओं की चुनाव संबंधी बैठक ली जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा, मोदी जी की गारंटी के हर एक पहलू को लेकर हमें जनता के बीच जाना है. जिस तरह से पिछले लोकसभा में रोहतक सहित सभी सीटे भाजपा ने जीती है उसी तरह अबकी बार भी सभी दस सीटें जिताने का काम करना है। उन्होंनें कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में गढ़ी सांपला से लोकसभा प्रत्याशी को कम वोट मिले थे लेकिन अब की बार लोकसभा प्रत्याशी अन्य हलको से ज्यादा मतों से गढ़ी सांपला किलोई से जितेगा। उन्होंनें कहा कि एक बार फिर से रोहतक से कांग्रेस प्रत्याशी को हराकर और कांग्रेस सफाया करने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया जा रहा है। केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार बनाने के लिए पार्टी चुनावी रणनीति तैयार कर रही है। बीजेपी अपने एक-एक कार्यकर्ता को अभी से चुनावी काम में लगा रही है. बीजेपी कार्यकर्ता केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचने में जुटे हैं. घर-घर में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बूथ स्तर पर चुनावी तैयारी शुरू होने वाली है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृष्णमुर्ति हुड्डा, सरिता नारायण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व विधान सभा संयोजक अभिनंदन भारद्वाज,जितेंद्र ठेकेदार, सुरेंद्र सिंह, सुमित पहलवान, डाक्टर सतबीर कौशिक सहित भारी संख्या में भाजपा समर्थक उपस्थित रहे।

# कान शरीर का बहुत जरूरी अंग है, इसके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल : डॉ. गोयल

पायनियर समाचार सेवा। जींद



**जिला** नागरिक अस्पताल में वर्ल्ड हियरिंग-डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. गोपाल गोयल, उप सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल, डा. बिजेंद्र ढांडा, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश भोला, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. अरविंद, डॉ. बृजेंद्र घणघस, डॉ . संकल्प, ऑडियोलॉजिस्ट अपूर्वा शर्मा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुनीता, इंद्रो, मेडिकल सोशल वर्कर सुनील सैनी मौजूद रहे।

खुशी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कागसर की छात्राओं ने नर्सिंग ट्यूटर स्वीटी, अन्नू, शीतल के निर्देशन में हियरिंग एड शीर्षक नाटक का मंचन किया। जिसमें कानों के रखरखाव बारे आवश्यक बातों को नाटक के माध्यम से बताया गया। इसके अलावा चौधरी बीरेंद्र सिंह नर्सिंग कॉलेज उचाना की छात्राओं ने भी नर्सिंग ट्यूटर अंजू के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में वार्ड सहायक अमित, मनजीत, विनोद, भूपेंद्र भी उपस्थित रहे। सीएमओ डॉ. गोपाल गोयल ने कहा कि कान हमारे शरीर का सबसे जरूरी अंग है, जिसके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि बावजूद इसके लोग अपने कानों का ख्याल नहीं रखते हैं। ऐसे में इसे लेकर जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल वर्ल्ड हियरिंग-डे मनाया जाता है। यह दिन हियरिंग लॉस और बहरेपन को रोकने के बारे में जागरूकता बढ़ाना और विश्व स्तर पर कान और उनकी देखभाल को बढ़ावा देने के लिए है। डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला ने कहा कि आज के बदलते परिवेश और तकनीकीकरण में कई चीजें व्यक्ति के कानों को प्रभावित करती हैं। युवाओं के फैशन के बदलते दौर में इयरफोन का उपयोग चरम पर है। देर तक कानों में इयरफोन का इस्तेमाल करने से टिंपैनिक मेम्ब्रेन कमजोर हो जाता है और कानों में कम सुनाई देने या बहरेपन की समस्या हो जाती है।

## कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान तथा कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता रविवार को सांय चार बजे जिला कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने बताया कि इस बैठक में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होंगे। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने बताया कि इंडिया गठबंधन ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा चौधरी उदयभान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में जुट जाने का निर्देश देंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता को भारी बहुमत से विजय बनाने के लिए तन मन धन से कार्य करेंगे।

## एनआईटी कुरुक्षेत्र ने एनआईटी रायपुर को 2-0 से हराया



**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र में आल इंडिया इंटर एनआईटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा को देख कर दर्शकों का जोश दोगुना हो गया।

एनआईटी कुरुक्षेत्र ने एनआईटी रायपुर 2-0 से जीत हासिल की और अन्य मैचों में एनआईटी राउरकेला ने एनआईटी वारंगल 2-1 से हराया। वहीं दूसरी ओर एनआईटी पुदुचेरी ने एनआईटी सिलचर 2-0, एनआईटी सूरत ने एनआईटी पटना 2-1 से, एनआईटी रायपुर ने एनआईटी उत्तराखंड से विजेता रहीं।

लड़कियों के वर्ग में एनआईटी भोपाल ने एनआईटी कालीकट 2-0 जीत हासिल किया और एनआईटी त्रिची ने एनआईटी सूरत को 2-1 जीत हासिल किया, एनआईटी कुरुक्षेत्र ने एनआईटी रायपुर और एनआईटी दुगार्पुर पर शानदार जीत हासिल किया। दूसरी ओर एनआईटी सूरत, एनआईटी पुदुचेरी, एनआईटी भोपाल विजेता रहीं।

## जीएनए यूनिवर्सिटी में रक्तदान शिविर



पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**जीएनए** यूनिवर्सिटी की एनएसएस विंग ने हिंदुस्तान वेलफेयर ब्लड डोनर्स क्लब, फगवाड़ा के सहयोग से युवाओं को रक्तदान करने और रक्त की आवश्यकता वाले किसी भी व्यक्ति की मदद करने के लिए जागरूकता पैदा करने और प्रेरित करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में रक्तदान अभियान का आयोजन किया।

विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक गुरुमीत सिंह के नेतृत्व में इस परोपकारी कार्य के लिए कई स्वयंसेवक रक्तदान करने के लिए आगे आए, इस सामाजिक सेवा कार्य के लिए छात्रों और कर्मचारियों के बीच एक आंदोलन पैदा हुआ। विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों ने इस नेक काम के लिए उत्साहपूर्वक दान दिया।

इस रक्तदान शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों ने मानवता की भावना जागृत करने में एक बड़ी छलांग लगाई। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चांसलर गुरदीप सिंह सीहरा ने किया और समाज सेवा के इस महान प्रयास के लिए युवाओं की सराहना की।

उन्होंने कहा, %रक्तदान मानवता के नाम पर सेवा का एक रूप है और मैं विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के बीच इस भावना को देखकर बहुत खुश हूं। विश्वविद्यालय के प्रो-कुलपति डॉ. हेमंत शर्मा ने कहा, मुझे छात्रों का समाज की सेवा करने का रवैया देखकर खुशी हुई। कई छात्रों और यहां तक कि संकाय सदस्यों ने भी रक्तदान किया और इस सामाजिक जागरूकता अभियान का हिस्सा बने।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** अपशिष्ट बीनने वाला दिवस के अवसर पर टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज में आईपीसीए सेंटर फॉर वेस्ट मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने इंडिया डेवलपमेंट सर्विस, यूएसए के सहयोग से ''स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन'' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। चिकित्सा सेवाओं, गैर सरकारी संगठनों, शहरी स्थानीय निकायों और कचरा प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपशिष्ट प्रबंधन में महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए एकत्र हुए।

अपने मुख्य भाषण के दौरान, भारत में डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि एवं सम्मलेन की मुख्य अतिथि पेडेन ने कहा कचरा से होने वाली समस्याओं के निस्तारण केवल स्वास्थ्य क्षेत्र के दृश्टिकोण से ही नहीं वरन सामुदायिक और व्यवहारिक रूप से हम सभी का इसमें योगदान देना आवश्यक है।

टेरी एसएएस के कुलपति प्रोफेसर अरूण कंसल ने प्रदूषण नियंत्रण और सामुदायिक स्वास्थ्य लक्ष्यों के साथ अपशिष्ट प्रबंधन उद्देश्यों के संरेखण पर जोर दिया। उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन के मानवीय पहलू पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वास्थ्य संबंधी विचार भी बुनियादी ढांचे की तरह ही महत्वपूर्ण हैं। कोलोराडो विश्वविद्यालय के डॉ. प्रसाद ने ठोस अपशिष्ट आपूर्ति श्रृंखलाओं के भीतर स्वास्थ्य सेवाओं पर एक आकर्षक केस अध्ययन प्रस्तुत किया, जबकि कार्लस्टेड विश्वविद्यालय, स्वीडन के डॉ. वेंकटेश ने भारत में कचरा बीनने वालों पर व्यापक शोध सांझा किया। प्रतिभागी सामुदायिक स्वास्थ्य और अपशिष्ट प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन नीतियों और विनियमों के लिए विकसित अनिवार्यताओं, वित्तीय उपायों और हितधारक भूमिकाओं सहित विषयों पर चर्चा में लगे रहे। आईपीसीए के संस्थापक निदेशक आशीष जैन ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए अपशिष्ट प्रबंधन को नगर निकायों में इंजीनियरों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

सम्मेलन ने सामुदायिक स्वास्थ्य और भलाई को प्राथमिकता देने वाले टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं की दिशा में सहयोगात्मक प्रयासों के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। संवाद और ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा देकर, इस कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ते अपशिष्ट उत्पादन से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए नवीन समाधानों और नीतिगत रूपरेखाओं को उत्प्रेरित करना है।

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 9 करोड़ के पार पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/पानीपत



**नेशनल** स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 29 फरवरी, 2024 को 9 करोड (90 मिलियन) के पार पहुंच गई। एक्सचेंज के साथ पंजीकृत ग्राहक कोड की कुल संख्या 16.9 करोड़ (169 मिलियन) है (इसमें आज तक किए गए सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं, ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकरण कर सकते हैं।)

एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्री श्रीराम कृष्णन ने कहा, ''यह देखना उत्साहजनक है कि पांच महीने के सबसे कम समय में नवीनतम 1 करोड नए निवेशक एक्सचेंज में शामिल हुए हैं। इक्विटी, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), आरईआईटी, इनविट, सरकारी बॉण्ड, कॉरपोरेट बॉण्ड आदि जैसे विभिन्न एक्सचेंज ट्रेडेड वित्तीय उपकरणों में भागीदारी लगातार बढ रही है। पिछले कुछ वर्षों में केवाईसी प्रक्रिया को भी सरल किया गया है और इस तरह के उपायों से भी निवेशकों की संख्या में जबरदस्त बढोतरी हुई है। निवेशक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सभी हितधारकों द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रदान की गई और लंबी अवधि में सकारात्मक बाजार धारणा कायम रही।'' हाल के कुछ वर्षों में एनएसई में निवेशक पंजीकरण में तेजी के बाद यह आंकड़ा पार हुआ है। 6 से 7 करोड (60 से 70 मिलियन) निवेशकों तक पहुंचने में लगभग नौ महीने लगे, अगले करोड (10 मिलियन) निवेशक आठ महीनों में आए, और 8 से 9 करोड (80 से 90 मिलियन) तक पहुंचने में केवल पांच महीने लगे। इस अवधि के दौरान, दैनिक नए पंजीकरण अक्टूबर 2023 औसत 47,000 से लेकर इस वर्ष जनवरी में 78,000 के बीच रहे हैं। डिजिटलीकरण में तेजी से वृद्धि, बढती निवेशक जागरूकता, वित्तीय समावेशन और मजबूत बाजार प्रदर्शन के कारण पिछले पांच वर्षों में निवेशक आधार में 3 गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024 की शुरूआत से 29 फरवरी, 2024 तक, निफ्टी 50 ने 27 प्रतिशत रिटर्न के साथ वापसी की, जबकि निफ्टी 500 ने 38 प्रतिशत रिटर्न दिया।

# बीयर कैफे ने फरीदाबाद में अपने पहले आउटलेट की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** की सबसे बड़ी एल्को-पेय श्रृंखला, द बीयर कैफे, फरीदाबाद में अपने पहले आउटलेट के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित है। यह नवीनतम आउटलेट ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट पर शुरू किया गया है। यह ब्रैंड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि यह पहली बार अपने प्रसिद्ध आतिथ्य और अद्वितीय बियर की पेशकश जिंदादिल शहर फरीदाबाद में कर रहा है।

बीयर कैफे ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट के केंद्र में स्थित है, जिसका लक्ष्य शहर वासियों, प्रोफेशनल्स और खरीदारों की विविध रूचियों को पूरा करना है। यह आउटलेट आधुनिक माहौल और आकर्षक आतिथ्य के साथ, बीयर के प्रति विशेष रूझान रखने वाले लोगों के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बनने का वादा करता है और साथ ही बेमिसाल भोजन अनुभव प्रदान करता है। श्री राहुल सिंह, फाउंडर और सीईओ, द बीयर कैफे, ने कहा, हम भारत में बीयर कल्चर को नया आकार देने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, फरीदाबाद में अपने आउटलेट को लॉन्च करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फरीदाबाद की सबसे व्यापक ड्राफ्ट वॉल 16 नलों से सुसज्जित है, साथ ही यह आउटलेट स्वादिष्ट भोजन की अद्वितीय पेशकश भी शामिल करता है। ऐसे में, हमें विश्वास है कि यह आउटलेट प्रीमियम और अद्वितीय सर्विस की तलाश करने वाले मेहमानों के लिए खुद को सबसे पसंदीदा आउटलेट के रूप में स्थापित करेगा। फरीदाबाद में शुरू किया गया बीयर कैफे 50 से अधिक बीयर किस्मों की एक प्रभावशाली श्रृंखला प्रदर्शित करेगा, जिसमें लोकप्रिय स्थानीय इंटरनेशनल पसंदीदा पेय शामिल हैं। इस मेनू को इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह विविध स्वादों की गहनता से पेशकश करे।

क्रिस्प लेजर्स से लेकर शानदार एल्स तक, मेहमान अपने पेय अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सावधानीपूर्वक चुने गए स्वादों की समृद्ध टेपेस्ट्री का आनंद ले सकते हैं। शानदार बियर के चयन को बेहतर बनाने के लिए एक विविध भोजन मेनू भी इस आउटलेट में शामिल है, जिसे संपूर्णता से तैयार किया गया।

## सरकार जेल में बंद आंदोलनकारी किसानों को जल्द रिहा करे, नहीं तो किसान जेल जाने को तैयार



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) क प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि किसान आंदोलन के दौरान बेकसूर किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लिए जाएं और जेलों में बंद आंदोलनकारी किसानों को जल्द रिहा किया जाए, नहीं तो किसानों के जत्थे जेल जाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि गत दिवस जींद स्थित किसान भवन में आयोजित की गई प्रदेश स्तरीय किसान पंचायत में यह निर्णय लिया जा चुका है। जिसको लेकर करनाल के अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में जेल भरों आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की गई।

रतन मान कहा कि आने वाली 11 मार्च को सीएम सिटी में सैकड़ों किसानों का जत्था गिरफ्तारी देगा। उन्होंने जेल भरों आंदोलन का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि 11 मार्च को करनाल के 12 सेक्टर स्थित जाट भवन में किसान एकत्रित होकर गिरफ्तारी देने के लिए जिला सचिवालय की ओर कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि जेल भरों आंदोलन एक दिवसीय होगा। आगे की रणनीति दिल्ली कूच के बाद तय की जाएगी। इस गिरफ्तारी जत्थे में प्रदेश भर से भाकियू कार्यकर्ता शामिल होंगे। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय आयोजित बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने की। किसान पंचायत को प्रमुख तौर पर प्रदेशाध्यक्ष रतन मान, प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह लाडी, चेयरमैन यशपाल राणा, जिला संरक्षक बाबू राम डाबरथला, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट किया।

# मुख्यमंत्री 7 मार्च को वर्चुअल मोड में करेंगे परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

## समारोह की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई समीक्षात्मक बैठक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल वीडियो कांफ्रेंस में जिला उपायुक्तों की बैठक लेते हुए।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सात मार्च को प्रदेश स्तरीय समारोह के दौरान वर्चुअल मोड में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। उपायुक्त मनोज कुमार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि समारोह के सफल आयोजन के लिए हर प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री के सौगाती समारोह की तैयारियों के दृष्टिगत शनिवार को दोपहर बार वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने समीक्षात्मक बैठक ली, जिसमें सभी उपायुक्तों व संबंधित अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. अमित अग्रवाल ने विस्तार से कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान सूचना, जन संपर्क, भाषा तथा सांस्कृतिक विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह के आयोजन को लेकर हर प्रकार की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए मुख्य सचिव ने विशेष दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसी एक जिला में राज्य स्तरीय समारोह में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण सोनीपत में किया जाएगा।

प्रदेश स्तरीय समारोह में सोनीपत की विकास परियोजनाएं भी शामिल रहेंगी, जिनका लोकार्पण व आधारशिला रखने का काम किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह का आयोजन लघु सचिवालय में किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सोनीपत में विशेष रूप से सिंचाई विभाग तथा नगर निगम की विकास परियोजनाएं शामिल हैं। साथ में आंगनवाड़ियों को प्ले स्कूल में बदलने के कार्य और अमृत सरोवरों की सौगात भी इसमें शामिल रहेगी।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में लिटल एंजल्स के बॉक्सर्स ने जीते तीन पदक



**सोनीपत।** गंगटोक, सिक्किम में खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी सोनीपत के बॉक्सरों ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण व दो कांस्य पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया।

बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि 51 किलोभार वर्ग में आशीष दहिया ने अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में शिवाजी को, सेमीफाइनल मुकाबले में विशेष को व फाइनल मुकाबले में अविनाश चांदेल को हराकर स्वर्ण, इसी भार वर्ग में विशेष दहिया ने अपने क्वार्टर फ़ाइनल मुकाबले में रामनरेश को हराकर कांस्य व 75 किलो भार वर्ग में अभिमन्यु सिवाच ने अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में कुणाल को हराकर कांस्य पदक जीते। बच्चों की इस जीत से सभी अभिभावक बहुत खुश थे ओर उन्होंने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन व बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार को दिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी पदक विजेता बॉक्सरों को बधाई दी और उनको भविष्य में ओर भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# नई तकनीकों के प्रयोग से शिक्षण रोचक और प्रभावी : कौशिक



**कुरुक्षेत्र।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा है कि नई शिक्षा नीति से जहां शिक्षा का परिदृश्य बदल रहा है, वहीं शिक्षण की नई तकनीक प्रयोग में लाई जा रही हैं। इन नई तकनीकों के प्रयोग से शिक्षण रोचक व प्रभावी होगा और बेहतर परिणाम आएंगे। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल थानेसर में की-रिसोर्सपर्सन्स की पांच दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर डीईईओ विनोद कौशिक ने कहा कि शिक्षकों को इन नई तकनीकों का प्रयोग खुलकर करना चाहिए। पिछले साल बच्चों को साक्षरता व संख्या ज्ञान की राष्ट्रीय पहल निपुण मिशन के तहत पहली से तीसरी कक्षा में एफएलएन कार्यक्रम शुरू किया गया था, जिसके आश्चर्यजनक परिणाम सामने आए हैं। आगामी शैक्षिक सत्र 2024-25 से कक्षा चौथी व पांचवीं को भी निपुण मिशन हरियाणा के तहत एफएलएन कार्यक्रम के दायरे में लाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस प्रकार की 5 प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। जिनमें से 3 बैच कुरुक्षेत्र व 2 बैच करनाल के नीलोखेड़ी में सम्पन्न होंगे। निदेशालय से आए उदयन सान्याल व टीम प्रशिक्षण कार्यक्रम पर बारीकी से निरीक्षण कर रही है। प्रशिक्षु अध्यापकों के छह बैच बनाए गए हैं, जिन्हें विभाग के मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# नाबालिग से जबरन वेश्यावृत्ति करवाने वाली दो महिलाओं को तीन साल का कारावास

## लड़की की भाभी ही उसे भगाकर ले गई थी श्री गंगानगर

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



**एडीजे** डॉ. गगनदीप कौर सिंह की अदालत ने एक नाबालिग को बंदी बनाकर वेश्यावृत्ति करवाने के आरोप में दो महिलाओं को तीन-तीन साल की कैद और एक एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस बारे में पीड़ित लड़की के पिता ने थाना शहर में 25 दिसंबर 2019 को आईपीसी की धारा 363, 366-ए के तहत एफआईआर नंबर 553 दर्ज करवाई थी।

लड़की के बरामद होने के बाद पुलिस ने इसमें आईपीसी की धारा 120-बी, 328, 365, 368, 370-ए, 372, 373, 376 और पोक्सो की धारा 4,5,6 तथा इम्मोरल ट्रेफिक एक्ट की धाराएं जोड़ दी थी। स्टेट की ओर से केस की पैरवी डीडीए मुकेश कुमार ने की। इस मामले में अदालत ने दो आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। बरी होने वाले आरोपी पुष्पेंद्र की पैरवी एडवोकेट अर्पित गुप्ता ने की तथा संदीप का केस एडवोकेट मंदीप सिंह ने लड़ा। धारा 161 के बयानों में पुष्पेन्द्र पर रेप का आरोप था तथा संदीप को स्पा सेंटर का मालिक बताया गया था। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता की 16 साल की नाबालिग बेटी 20 नवंबर 2019 को घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिवार वालों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। शिकायतकर्ता ने शक जताया कि कोई युवक उसकी लड़की का अपहरण कर कर ले गया है। लड़की द्वारा पुलिस को दिए गए बयान में बताया गया कि उसकी भाभी अंजलि ने उसे घर से भगाया और श्रीगंगानगर ले गई। वहां पर अंजलि ने उसे 5 लाख रुपए में प्रीति के हाथों बेच दिया। पहले अंजलि और बाद में प्रीति उससे गलत काम करवाती रही। उसे एक कमरे में बंद रखा जाता और खाना भी बहुत कम दिया जाता। वह घर का काम करती और रात में अलग-अलग आदमियों के पास उसे भेजा जाता या वहीं घर पर लोग आते थे और उसके साथ दुष्कर्म करते। उसे संदीप द्वारा संचालित स्पा सेंटर में भी भेजा जाता। इस बीच पीड़ित लड़की गर्भवती हो गई लेकिन आरोपियों ने उसका गर्भपात करवा दिया। किसी तरह से पुलिस ने पीड़ित लड़की को उनके चंगुल से निकालकर उसके घर पहुंचाया। लड़की ने सारी बात अपने माता-पिता को बताई।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों अंजलि, प्रीति, पुष्पेंद्र और संदीप के खिलाफ केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चालान तैयार करके अदालत में पेश किया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 25 तथा बचाव पक्ष की ओर से 15 गवाह पेश किए गए। एडीजे डा. गगनदीप कौर सिंह ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पुष्पेंद्र और संदीप को बरी कर दिया तथा प्रीति उर्फ पूजा और अंजलि उर्फ अंजल को तीन-तीन साल कैद और एक एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# राजनीति में वैश्य समाज की भागीदारी तय करेगा स्वाभिमान सम्मेलन : सिंगला

## अग्रवाल वैश्य समाज 10 को अंबाला में करेगा स्वाभिमान सम्मेलन



**कैथल।** आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने समाज की राजनीतिक भागीदारी के लिए कमर कस ली है। कैथल के सनातन धर्म मंदिर में समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज दो लोकसभा व 16 विधानसभा की टिकटों के साथ अपनी दावेदारी पेश करेगा। संगठन की रणनीति बारे राजेश सिंगला ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व में आगामी 10 मार्च को अंबाला में प्रदेशस्तरीय वैश्य स्वाभिमान सम्मेलन के माध्यम से समाज चुनावों में अपनी टिकटों की मांग को राजनीतिक दलों के सामने रखेगा।

स्वाभिमान सम्मेलन के साथ में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों को भी जोड़ा जा रहा है। राजेश सिंगला ने बताया कि स्वाभिमान सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं जिसके तहत प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला लोकसभा स्तर पर वैश्य समाज की चौपाल के माध्यम से वैश्य समाज की एकजुटता, अनिवार्य मतदान और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का संदेश देते हुए सम्मेलन को सफल बनाने का न्यौता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज राजनीतिक स्तर पर वैश्य समाज की अनदेखी की जा रही है।

सिंगला ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक देश की तरक्की में वैश्य समाज का सबसे बड़ा योगदान रहा है। इसमें महात्मा गाधी, लाला लाजपत राय, डा. राम मनोहर लोहिया तथा देशबंधु गुप्ता सहित वैश्य समाज के अन्य लोगों ने देश की प्रगति और देश की आजादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस मौके पर प्रदेश संगठन सचिव मुनीष मित्तल, कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सिंगला, वरूण जैन, डा विनय गुप्ता, लाजपत राय सिंगला, मांगे राम गुप्ता, मुकेश सिंगला व लाल चन्द इत्यादि भी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री की काम करने की विकासात्मक शैली से विपक्षी दलों के हौसले पस्त : जैन

रणबीर सिंह। सोनीपत



सोनीपत विधानसभा कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर मौजूद पूर्व मंत्री व अन्य

**पूर्व** कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व ही देश की जनता तथा विपक्ष ने मान लिया है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और भाजपा अकेले दो तिहाई बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी।

प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सानिध्य में खोले गए सोनीपत विधानसभा कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कविता जैन के साथ मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कार्यकर्ता के साथ रिबन काटकर उद्घाटन किया और लड्डू वितरित किये। कार्यकर्ताओं ने जोश से लबरेज होकर फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के जोरदार नारे लगाये। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री की काम करने की विकासात्मक शैली और सभी वर्गों के कल्याण की सोच के सामने विपक्षी दलों के हौसले पस्त हो चुके हैं, और इंडी एलायंस टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर रहा है। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सभी को सुझाव देने के लिए नमो ऐप तथा फोन नम्बर 9090902024 डायल कर सकते हैं। इस अवसर पर पार्षद इंदु वलेचा, महेश लूथरा, मुकेश सैनी, अतुल जैन, मुकेश बत्रा, सुरेंद्र मदान, नीरज अत्रे, संजीव वलेचा, पवन स्वामी, कृष्ण भाटिया, मनोज गुप्ता, अनिल ठाकुर, सतपाल कौशिक, वेद प्रधान, कृष्ण, किरण बाला, सुनीता लोहचब, मीनू सैनी, रेखा गर्ग, पुष्पा बैरागी, भावना शर्मा, प्रेमो देवी, भैरवदत्त पालीवाल, अमित जैन आदि उपस्थित रहे।

# गांव ईशरगढ़ में ब्रह्माकुमारीज के नए सेवा केंद्र का किया उद्घाटन



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र की प्रभारी बीके सरोज बहन ने शनिवार को निकटवर्ती गांव ईशरगढ़ में ब्रह्माकुमारीज के नए सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया और शिव ध्वज लहराया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके की गई।

दीप प्रज्वलन में लाडवा सेवा केंद्र की इन्चार्ज बी.के. ज्योति बहन, सेक्टर-13 सेवा केंद्र की इंचार्ज बीके शकुंतला बहन, पिपली सेवा केंद्र की इंचार्ज बीके प्रेरणा बहन व बीके रेखा बहन ने उनका सहयोग किया। बीके सरोज बहन ने महाशिवरात्रि पर्व वारे बताया कि परमपिता परमात्मा शिव जिन्हें भोलानाथ भी कहते हैं, वे इतने भोले हैं कि हम से कोई वस्तु, वैभव नही लेते, अपितु हमारे अंदर की कड़वाहट, बुराइयों व कमियों को लेकर हमें सुख शान्ति का जीवन प्रदान करते हैं। हमें अपनी कमियों, बुराइयों को छोडने का व्रत लेना है। मन की सच्चाई, बुद्धि की सफाई, ऐसे ही इस शिव रात्रि पर हमें सच्चाई के साथ मन बुद्धि की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाना है। इस दौरान बी.के. ज्योति और बीके शकुंतला बहन ने भी महाशिवरात्रि पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कई गूढ़ रहस्यों से पर्दा उठाया। बी.के प्रेरणा बहन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी आई हुई बहनों का स्वागत किया। कुमारी निशा व बीके देश राज ने शिव के गीत से सब को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बीके मधु बहन, बीके लता बहन, बीके रीना बहन, बीके सीमा बहन, बीके सिमरन व बीके सन्तोष बहन के अलावा कुरुक्षेत्र, लाडवा व पिपली सेवा केंद्र के भाई-बहन भी मौजूद रहे। सभी ने बुराई छोड़ने का संकल्प करवाया।

# सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव के पहले दिन 621 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

## उत्तराखंड से आए आचार्यों ने मंत्रों उच्चारण के साथ शिव स्तोत्र यज्ञ आरंभ किया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



मंगल कलश यात्रा के दौरान मातृशक्तियां

**सिद्धपीठ** सतकुंभा धाम तीर्थ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज के परम सानिध्य में शनिवार को सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव कलश यात्रा एवं शिव स्तोत्र महायज्ञ प्रारंभ हुआ। हरियाणा के अलावा, उत्तराखंड, दिल्ली, चंडीगढ, उत्तरप्रदेश आदि से भारी संख्या में प्रभु भक्त शामिल हुए।

सतकुंभा उत्सव के पहले दिन खंड़ी गुज्जर, अहीर माजरा, बिलंदपुर के हजारों भक्त सतकुंभा तीर्थ की कृपा के पात्र बने। इस मौके पर 621 मातृ शक्तियों ने कलश यात्रा में शिरकत की। महंत राजेश स्वरुप महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी ने जनमानस के लिए अपने संदेश में कहा यह परमधाम सप्तऋषियों की तपस्थली है, इस क्षेत्र का परम सौभाग्य है की 68 तीर्थ में शामिल सतकुंभा धाम पर श्रीराम कथा एवं शिव स्तोत्र महायज्ञ करवाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या में करवाई गई है। भारत वर्ष में रामचरित्र मानस के कोटि-कोटि अनुष्ठान हो रहे हैं। सिद्धपीठ सतकुंभा धाम युगों -युगों से धर्म ज्ञान की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि सतकुंभा तीर्थ की पावन धरती पर आलौकिक आनंद की अनुभूति हो रही है। हमारी सप्तऋषि जिन्होंने जीवन जीने की कला सिखाई। भगवान राम ने मानव जीवन के लिए मर्यादाओं को स्थापित किया और वर्तमान में पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरुप महाराज द्वारा सनातन शिक्षाओं को व्यवहारिकता के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है। सप्तऋषियों की पावन भूमि पर सुख प्राप्त होता है। वृंदावन से वह पूरी अपनी टीम के साथ में पहुंचे व्यास गद्दी पर विराजमान कथावाचक पवन देव चतुर्वेदी राम कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की शिक्षाओं का संदेश दें रहे हैं। नगर शोभा यात्रा में गांव खेडी गुज्जर एवं तीर्थ की परिक्रमा में 621 मातृ शक्तियों ने श्रीकलश उठाकर मंगल श्रीरराम की धुन पर नृत्य कर मंगलमय कर दिया।

यज्ञ आचार्य आनंद भट्ट, ब्रह्मा रामचंद्र जोशी, सतवीर शास्त्री, शिवम शास्त्री, राजीव शास्त्री, जसप्रीत शास्त्री, सचिन शास्त्री, पीठाधीश्वर श्रीमहन्त राजेश स्वरुप महाराज ने यज्ञशाला में मंत्रों का उच्चारण शिव स्तोत्र यज्ञ आरंभ करवाया।

# संक्षिप्त समाचार

## एनसी मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों का अच्छा रहा परिणाम



**पानीपत।** एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल इसराना 2019 बैच के एमबीबीएस के छात्रों का रिजल्ट अव्वल रहा । कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एनके महेंद्रू प्रेस वार्ता में बताया कि कोरोना काल के टाइम भी हमारे कॉलेज के एमबीबीएस के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। डॉ. महेंद्रू ने बताया कि कॉलेज में डेजी प्रथम, छवि अरोड़ा द्वितीय, सीमा तृतीया प्रिया चौथे, मांशवी रामपाल पांचवे, मयंक छठे, कोमल गर्ग सातवें, दीपक शर्मा आठवें, अश्वनी पटेल नौवें, चित्रा भारती दसवें स्थान पर रहे। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष भूषण गुप्ता ने कहा एनसी मेडिकल कॉलेज हमारे पूजनीय पिता स्वर्गीय लाल नेमीचंद के नाम है जो स्वतंत्रता सेनानी थे। जिनका सपना था ग्रामीण अंचल को बेहतरीन व सस्ती स्वास्थ्य सेवा व शिक्षा देना। उनका सपना साकार करते हुए उनके पुत्र व पौत्र के मार्गदर्शन में इसराना में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पातल चल रहे हैं। उन्होंने बताया जल्द ही हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच पर आयुष पद्धति पर कोर्स व पैरामेडिकल के कोर्स शुरू करने जा रहे हैं, ताकि इस क्षेत्र को शिक्षा रोजगार और स्वास्थ्य सेवा का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्रदान कर सकें। इस अवसर पर डॉक्टर संतलाल वर्मा एडिशनल एमएस, डॉ. अतुल महाजन, ओटी मास्टर जितेंद्र, ललित कादियान आदि मौजूद रहे।

## सोनीपत में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि



**सोनीपत।** जिल में पिछले दो दिन से बिगड़ रहे मौसमी मिजाज के बीच विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार दोपहर को यकायक बूंदाबांदी के बीच जबरदस्त ओलावृष्टि हुई। ओलों से कुछ ही देर में धरती सफेद हो गई। सोनीपत शहर में हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। फिर अचानक तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई। जिले में कई जगह गरज के साथ बंदाबांदी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में ओलावृष्टि होने से गेहूं व सरसों की फसल में नुकसान माना जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार दोपहर बाद बूंदाबादी के साथ गांव कुछ अन्य स्थानों पर भी ओलावृष्टि के समाचार मिल रहे हैं। क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ अचानक मौसम में बदलाव आ गया।

## बेरोजगारी की चक्की में पिस रहे युवा, सफाईकर्मी बनने को तैयार



**करनाल।** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिलोचन सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी और हरियाणा की खट्टर-दुष्यंत सरकार के डबल इंजन ने पढ़े-लिखे युवाओं को बेरोजगारों की ऐसी कतार में बदल दिया है, जो हर जगह खड़ी मिलती है। हैरानी की बात ये है कि बेरोजगारों की इस भीड़ में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और एमएससी से लेकर एमटेक पास नौजवान भी मौजूद थे। बेरोजगारी की चक्की में पिस रहे ये युवा सफाई कर्मी तक बनने को तैयार हैं। हरियाणा के सरकारी विभागों में दो लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन उन पर पक्की भर्तियां करने की बजाय खट्टर-दुष्यंत सरकार हरियाणवी प्रतिभाओं को ऐसे कामों में झोंक रही है, जहां उनकी योग्यता और कौशल का पूरा इस्तेमाल ही संभव नहीं है। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कौशल निगम के जरिए हो रही कच्ची भर्तियां भी ऐसा ही दलदल है। असल में कौशल निगम के तहत युवाओं को जो काम मिल रहा है, उसे न भर्ती कहा जा सकता है और न ही रोजगार, क्योंकि खुद सरकार द्वारा जारी कौशल निगम की पूरी पॉलिसी में रोजगार या नौकरी जैसे किसी भी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया। न ही इसमें कहीं सैलरी का कोई जिक्र है। ये ठीक ऐसा ही है, जैसा हर शहर में एक लेबर चौक होता है। कौशल निगम भी एक डिजिटल लेबर चौक है, जिसमें पढ़े-लिखे योग्य युवाओं को दिहाड़ी पर रखा जाता है।

## खेलों से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं: लैलर



**कैथल।** राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल की पीटीआई सोनिया एवं अशोक ने बच्चों को अलग अलग खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के एमडी लाभ सिंह लैलर और स्कूल की प्रधानाचार्य मीनू ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेलों का सभी के लिए बहुत महत्व है। सभी बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए। इससे अपने जीवन को कामयाब बनाने का एक अच्छा अवसर मिलता है। साथ ही हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि हर एक बच्चे को खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार से और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा लें। खेल में जीतने वाले के मनोबल में वृद्धि होती है और उत्साहवर्धन होता है। स्कूल स्टाफ ने विजयी बच्चों को बधाई दी और साथ में अव्वल है छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। खेलों के परिणाम इस प्रकार से रहे। 200 मीटर रिले दौड़ में विवेकानंद हाउस प्रथम, राधा कृष्ण हाउस द्वितीय तथा अंबेडकर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। बाधा दौड़ में अमित प्रथम, अभिषेक द्वितीय, गुरुसेवक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकस्सी में विवेकानंद हाउस प्रथम, द्वितीय टैगोर हाउस रहा।

## सीएम विंडो के लगाए आरोपों का ठेकेदारों ने किया विरोध

**कुरुक्षेत्र।** सीएम विंडो के एक ऐमिनेंट पर्सन द्वारा नगर परिषद के ठेकेदारों पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर नगर परिषद के ठेकेदारों ने एकजुट होकर इसका विरोध जताया है। रेलवे रोड स्थित एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ठेकेदार विशाल भाटिया ने कहा कि सीएम विंडो के ऐमिनेंट पर्सन ऐसे आरोप लगा कर एक तरफ़ सरकार को गुमराह कर रहे है, दूसरी तरफ अपने पद का भी दुरुपयोग कर रहे है। पिछले दिनों सीएम विंडो के ऐमिनेंट पर्सन ने सेक्टर-3 में मीडिया के समक्ष कहा था कि नगर परिषद के ठेकेदार और जेई ने मिल कर जमीन की खरीद की है, जोकि नियमों के खिलाफ है। यह सीधे तौर पर नगर परिषद थानेसर में चल रहे भ्रष्टाचार का जीता जागता सबूत है। इस पर ठेकेदार विशाल भाटिया ने कहा कि किसी व्यक्ति के किसी के साथ आपस में किसी भी तरह के संबंध हो सकते है, जिसके तहत वह आपस में मिल कर जमीन की खरीद-फरोख्त कर सकते है। ऐसे में इसको भ्रष्टाचार कहना गलत है। ठेकेदार विशाल ने कहा कि सीएम विंडो के ऐमिनेंट पर्सन द्वारा उनकी निजता का हनन किया जा रहा है। वे इसके लिए मानहानि का दावा ठोकेंगे। इस अवसर पर ठेकेदार कुलदीप शर्मा गोल्डी, प्रवीण ढींगरा आदि मौजूद रहे।

# आने वाले वर्षों में होगा एक हजार से अधिक अमृत भारत ट्रेन का निर्माण: वैष्णव



**एजेंसी।** नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नई पीढ़ी की कम से कम 1000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा और 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने एक विशेष साक्षात्कार में यह भी कहा कि रेलवे ने पहले ही वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम करना शुरू कर दिया है और आने वाले पांच वर्षों में देश द्वारा पहला निर्यात किए जाने की उम्मीद है।नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे द्वारा की गई परिवर्तनकारी पहलों पर उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल - चिनाब पुल - और कोलकाता मेट्रो के लिए नदी के नीचे पहली जल सुरंग रेल क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है। वैष्णव ने कहा, रेलवे का एक बड़ा सामाजिक दायित्व है। हर साल लगभग 700 करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। व्यावहारिक रूप से हर दिन ढाई करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। किराया संरचना ऐसी है कि यदि एक व्यक्ति को ले जाने की लागत 100 रुपये है, तो हम 45 रुपए लेते हैं। इसलिए हम रेलवे से यात्रा करने वाले हर व्यक्ति को औसतन 55 प्रतिशत की छूट देते हैं। मंत्री ने कहा, हमने अमृत भारत डिजाइन किया है, जो एक विश्व स्तरीय ट्रेन है। इसके जरिए केवल 454 रुपये के खर्च पर 1000 किलोमीटर की यात्रा की जा सकती है। वैष्णव ने कहा, वंदे भारत युवाओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। व्यावहारिक रूप से, हर हफ्ते एक वंदे भारत को सेवा में शामिल किया जा रहा है। हम आने वाले कुछ वर्षों में कम से कम 400 से 500 ऐसी ट्रेन का निर्माण करेंगे।



## उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में युवक का शव स्कूल के दरवाजे से लटका हुआ मिला

**एजेंसी।** प्रतापगढ़



**उत्तर** प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक युवक का शव स्कूल के दरवाजे पर फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक, घटना जिला मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर रानीगंज थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में स्थित एक स्कूल की है।

अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह नें बताया कि नरहरपुर गांव स्थित जनता जूनियर हाई स्कूल के दरवाजे पर युवक का शव लटका हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान प्रकाश (38 वर्ष) के रूप में हुई, जो गांव में ही किराए के कमरे में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता था और एक दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता था।

पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद मृतक की पत्नी व बच्चे लापता हैं।अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी व बच्चों की तलाश की जा रही है।

# बिहार में राजग सरकार ने वंशवादी शासन को हाशिए पर धकेला : पीएम मोदी

### पीएम ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर कटाक्ष किए



**एजेंसी।** औरंगाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बिहार में कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गठबंधन पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने वंशवादी शासन में शामिल और लोगों के मन में डर पैदा करने वालों को हाशिए पर धकेल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने औरंगाबाद जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी गारंटी है कि बिहार में विकास हो, कानून का शासन हो और यहां की महिलाएं भय से मुक्त रहें और अपने तीसरे कार्यकाल में भी वह इस दिशा में काम करना जारी रखेंगे। भाजपा नीत राजग में शामिल होने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए मोदी ने कहा, बिहार में अब फिर से डबल इंजन की सरकार है। राजग ने बिहार में राजनीतिक परिवारवाद को हाशिए पर धकेल दिया है। मोदी ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा, बिहार की पिछली पीढ़ी भय में जीने को मजबूर थी। इतने सारे युवा पलायन करने को मजबूर हो गए। हमें उस दौर को फिर से वापस नहीं आने देना चाहिए। रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, बिहार का विकास मोदी की गारंटी है। कानून का शासन मोदी की गारंटी है। हमारी बेटियों और बहनों का सम्मान बरकरार रहे, यही मोदी की गारंटी है। हम अपने तीसरे कार्यकाल में भी इस दिशा में काम करना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष के शीर्ष नेता आगामी लोकसभा चुनाव का सामना करने से डरे हुए हैं और संसद में प्रवेश के लिए राज्यसभा का रास्ता तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जाना पूरे बिहार के लिए सम्मान की बात है।

### मैं हमेशा राजग के साथ रहूंगा : नीतिश कुमार

**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आश्वासन दिया कि वह हमेशा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ बने रहेंगे। औरंगाबाद जिले में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 21,400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के अनावरण समारोह के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, मुझे विश्वास है कि राजग गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगा। मैं आपको (प्रधानमंत्री) भरोसा दिलाता हूं कि अब मैं हमेशा राजग में रहूंगा।
सीएम कुमार ने पिछले महीने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले महागठबंधन को छोड़ अपने पुराने सहयोगी भाजपा नीत राजग में लौट आए थे। कुमार ने कहा, हम बिहार में आपका (प्रधानमंत्री मोदी) स्वागत करते हैं।

## मोदी सरकार ने 1550 से ज्यादा गैर जरूरी कानून समाप्त किए : कानून मंत्री मेघवाल

**एजेंसी।** उज्जैन



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने ऐसे 1,550 से ज्यादा गैरजरूरी कानून समाप्त कर दिए हैं, जो मौजूदा दौर में नागरिकों और उद्योगपतियों के लिए परेशानी का सबब बन चुके थे।

मेघवाल ने उज्जैन में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन के समापन सत्र में कहा, मोदी सरकार ने ऐसे 1,550 से ज्यादा अनावश्यक कानूनों को समाप्त कर दिया है, जिनसे नागरिकों और उद्योगपतियों को परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि किसी जमाने में औद्योगिक इकाइयों में संभवत: मजदूरों को बीमारियों से बचाने के लिए सफेद पुताई का कानून था और सरकार ने मौजूदा वक्त में अपनी प्रासंगिकता खो चुके इस तरह के कानूनों को समाप्त कर दिया है। कानून मंत्री ने कहा कि सरकार ने उद्योग-व्यापार जगत की मांग के मुताबिक अलग से वाणिज्यिक अदालतों का गठन किया है और मध्यस्थता केंद्र भी खोले हैं।उन्होंने कहा कि सरकार ने संबंधित प्रावधानों में बदलाव करके मध्यस्थों को कानूनी ताकत प्रदान की है। मेघवाल ने कहा कि पुराने नियम-कानूनों के अनावश्यक अनुपालन का बोझ घटाने के लिए जन विश्वास विधेयक संसद में पारित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम के दौरान कानून मंत्री की मौजूदगी में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा की रिमोट का बटन दबाकर शुरुआत की। अधिकारियों ने बताया कि इस सेवा के जरिए सूबे के दूर-दराज के इलाकों के गंभीर रूप से बीमार लोगों और भीषण हादसों में घायल लोगों को हेलिकॉप्टर के जरिए बचाकर बड़े शहरों के अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा।

## जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**पूर्व** मंत्री और हजारीबाग से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जयंत सिन्हा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है और इसी के साथ वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वाले नेताओं में शामिल हो गए हैं।

सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे। कहा जा रहा है कि भाजपा कई नए नेताओं को टिकट देने पर विचार कर रही है और कुछ अन्य मौजूदा सांसदों ने भी पार्टी से कहा है कि वे अन्य संगठनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहेंगे। इससे पहले दिन में भाजपा के पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने भी कहा कि उन्होंने पार्टी से उन्हें राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने के लिए कहा है ताकि वह अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

सिन्हा ने आगामी लोकसभा चुनाव न लड़ने की इच्छा जताई और कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे पिछले दस वर्षों में भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला। इसके अलावा मुझे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, माननीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा नेतृत्व ने कई अवसर दिए। सभी का हृदय से आभार। जय हिन्द।

## पाकिस्तान ने चुनाव में कथित धांधली की जांच कराने का अमेरिका का सुझाव खारिज किया



**एजेंसी।** वाशिंगटन

**पाकिस्तान** ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में अनियमितताओं की जांच कराने के अमेरिका के सुझाव को खारिज करते हुए कहा कि वह किसी बाहरी देश के आदेश के आगे नहीं झुकेगा। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने शुक्रवार को अपने साप्ताहिक प्रेस संबोधन में कहा, कोई भी देश स्वतंत्र और संप्रभु देश पाकिस्तान को निर्देश नहीं दे सकता। डॉन न्यूज ने बलूच के हवाले से कहा, हम पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के बारे में फैसला करने के अपने संप्रभु अधिकार में यकीन रखते हैं। बलूच ने विवादों से घिरे आम चुनाव में कदाचार के आरोपों के संबंध में अपने अमेरिकी समकक्ष की टिप्पणियों के जवाब में यह बयान दिया।

इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि हस्तक्षेप या धोखाधड़ी के किसी भी दावे की पाकिस्तानी कानून और प्रक्रियाओं के अनुसार पूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से जांच की जानी चाहिए। मिलर ने यह भी कहा था, कथित अनियमितताओं की जांच के संबंध में, हम उन जांच को आगे बढ़ते देखना और जल्द से जल्द खत्म होते देखना चाहते हैं। यह टिप्पणी उन आरोपों पर आई जिनमें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने चुनाव नतीजों में छेड़छाड़ की शिकायत की है।

पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा अभूतपूर्व देरी के बाद चुनाव नतीजों की घोषणा की गई थी।

### ऋषि सुनक ने ब्रिटिश लोकतंत्र की रक्षा के लिए भावुक अपील की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील करते हुए आगाह किया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और उसकी बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने पर तुली हैं। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए ब्रिटिश भारतीय नेता ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन के स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों को स्वीकार करने के हैं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि चरमपंथी ताकतें शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर काबिज न हो जाएं। सुनक ने प्रधानमंत्री कार्यालय सह आधिकारिक निवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर एक भाषण में कहा, जो प्रवासी यहां आए हैं।

## मेरे खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों पर चांदीवाल आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए: अनिल देशमुख

**एजेंसी।** नासिक



**महाराष्ट्र** के पूर्व गृह मंत्री और राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता अनिल देशमुख ने शनिवार को कहा कि उनके खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच करने वाले चांदीवाल आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

देशमख ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि एकनाथ शिंदे सरकार दो साल पहले सौंपी गई रिपोर्ट को दबा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर रिपोर्ट के निष्कर्षों को सार्वजनिक करने की उनकी मांग स्वीकार नहीं की गई तो वह अदालत जाएंगे। देशमुख ने दावा किया कि बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि उन पर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप अफवाहों पर आधारित था और इसके कोई सबूत नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस आदेश को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था। देशमुख ने कहा कि राज्य के गृह मंत्री के रूप में, उन्होंने एंटीलिया बम कांड और मनसुख हिरन हत्या मामले में कथित संलिप्तता के लिए तत्कालीन मुंबई पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और पुलिस अधिकारी सचिन वाजे सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की थी, जिसके बाद भाजपा ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। देशमुख ने यह भी दावा किया कि उस समय एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने उन पर रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद अपने एक दूत के साथ एक हलफनामा भेजा था। राज्य के पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि अगर उन्होंने इस हलफनामे पर हस्ताक्षर किए तो उन पर प्रवर्तन निदेशालय या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा छापा नहीं मारा जाएगा।देशमुख ने संवाददाताओं से कहा, हलफनामे की सामग्री चौंकाने वाली थी। मैं उन्हें उचित समय पर सार्वजनिक करूंगा।

## ठाणे जिले में ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**एजेंसी।** मुंबई



**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले में रेलवे यार्ड में खड़ी एक ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लग गई। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई से करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर बदलापुर के रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन के डिब्बे में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर आग लगी।

उन्होंने बताया कि रेल करजात जाने वाली पटरी पर खड़ी हुई थी। प्रवक्ता ने बताया, रेल का डिब्बा आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है। मध्य रेलवे ने सहायक अधिकारियों की समिति से मामले की जांच कराने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि आग पर एक घंटे के भीतर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद बदलापुर और वांगनी स्टेशन के बीच ओवरहेड तार में बिजली की आपूर्ति को रोक दिया गया। इस बीच, यात्रियों ने दावा किया कि आग के कारण देर रात चलने वाली कई स्थानीय ट्रेन को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया।

## पीपीपी के सरफराज बुगती को बलूचिस्तान का मुख्यमंत्री चुना गया

**एजेंसी।** कराची



**पाकिस्तान** पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का नया मुख्यमंत्री निर्विरोध चुन लिया गया। बुगती ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीपीपी के टिकट पर प्रांतीय विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। बुगती ने शुक्रवार को असेंबली के सचिव ताहिर शाह को अपना नामांकन पत्र सौंपा था। उन्हें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का भी समर्थन प्राप्त है। शुक्रवार शाम पांच बजे तक किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया जिसके बाद बुगती को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया।

बुगती को नए मुख्यमंत्री के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि यह प्रांत अक्सर आतंकवाद और अलगाववादी हिंसा की चपेट में रहता है। आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद पीपीपी बलूचिस्तान में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और प्रांत में पीएमएल-एन तथा बलूच आवामी पार्टी के साथ गठबंधन सरकार बनाई। बलूचिस्तान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की अगुवाई वाली सरकार में 2018 से 2022 तक बलूचिस्तान में सूचना मंत्री भी रहे।

## सेंट पीटर्सबर्ग में हुए ड्रोन हमले में एक इमारत क्षतिग्रस्त: रूसी मीडिया



**मॉस्को।** रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार सेंट पीटर्सबर्ग में हुए एक ड्रोन हमले में इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। एजेंसी ने शहर की स्वास्थ्य देखभाल कमेटी की प्रेस सेवा का हवाला देते हुए कहा कि विस्फोट से इमारत के क्षतिग्रस्त होने के बाद छह लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। द मैश समाचार वेबसाइट ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने इमारत पर हमला किया। एसोसिएटेड प्रेस इस दावे की पुष्टि नहीं कर सका है। वेबसाइट ने वीडियो प्रसारित की हैं, जो इमारत पर हमले के समय की लग रही हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने घटना पर टिप्पणी नहीं की है।

# बेंगलुरु विस्फोट मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया

**एजेंसी।** बेंगलुरु

बेंगलुरु के एक रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता वाले बम विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि इस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं, जिनकी मदद से उसे पकड़ना आसान होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारी धारवाड़, हुब्बल्लि और बेंगलुरु से हिरासत में लिए गए चार लोगों से विस्तार से पूछताछ कर रहे हैं। बेंगलुरु शहर के आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को रामेश्वरम कैफे में हुए आईईडी विस्फोट के संबंध में जांच तेजी से जारी है। दयानंद ने कहा, कई दल अब तक मिले विभिन्न सुरागों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मामले की संवेदनशीलता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए मीडिया से अपील की जाती है कि वह अटकलें न लगाए और सहयोग करे। इस बीच, पूरे राज्य में, खासकर केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

बृहद बेंगलुरु होटल एसोसिएशन ने शनिवार को कहा कि वह शहर भर के सभी होटल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की योजना तैयार करेगा और सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित बनाने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों पर चर्चा करेगा। बेंगलुरु पुलिस ने शुक्रवार को हुए विस्फोट के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सिद्धरमैया ने कहा, विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से रवा इडली खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट



किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने शुक्रवार को घटनास्थल का दौरा किया था और शनिवार को उन्होंने भी कैफे का दौरा किया और उस अस्पताल भी गए, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धरमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा, हम अपराधी को तलाश लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें है। हम उसे जल्द से जल्द तलाश लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धरमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था? मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा, जांच जारी है। जांच में जो कुछ भी सामने आएगा, हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने भी कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है। परमेश्वर ने कहा कि जांचकर्ताओं ने सीसीटीवी फुटेज से कुछ जानकारी एकत्र की है। उन्होंने कहा कि अपराधी को पकड़ने के लिए जांच के तहत शहर की सार्वजनिक परिवहन बसों की फुटेज का भी विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, जांच के लिए कई दलों का गठन किया गया है। गहन जांच जारी है। कुछ सुराग मिले हैं। सीसीटीवी फुटेज से कुछ जानकारी मिली है। उस समय उस मार्ग से 26 बस गुजरी थीं। ऐसी जानकारी है कि वह (संदिग्ध) बस से आया था। गृह मंत्री ने कहा कि फिलहाल यह बताना संभव नहीं है कि इस घटना में कोई संगठन शामिल है या कोई एक व्यक्ति। इस बात का भी संदेह व्यक्त किया गया है कि किसी ने कैफे की सफलता एवं लोकप्रियता के कारण जलन में यह कदम उठाया हो। उन्होंने कहा, हम सभी पहलुओं पर गौर करेंगे। चाहे कोई भी पहलू हो, हम उनका सत्यापन करेंगे और विस्फोट करने वाले दोषियों को पकड़ेंगे। भाजपा ने इस घटना को लेकर गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। इस संबंध में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने कहा कि हर बात के लिए इस्तीफा मांगना, उन्होंने चलन बना लिया है। कर्नाटक पुलिस ने यहां एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता के बम विस्फोट के मामले में जांच तेज कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ब्रुकफील्ड क्षेत्र के रामेश्वरम कैफे और आसपास के सीसीटीवी कैमरों से संदिग्ध आरोपी की गतिविधियों की तस्वीरें मिली हैं। एक अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि जो सुराग मिले हैं, उनकी मदद से हम अपराधी को पकड़ लेंगे। सूत्रों ने बताया कि जांच दल शुक्रवार को हुए विस्फोट और नवंबर 2022 में मंगलुरु कुकर विस्फोट के बीच समानताओं पर गौर कर रहा है।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने जांच शुरू कर दी है और इसके लिए सात से आठ दलों का गठन किया गया है। पुलिस के अनुसार, रेस्तरां में एक ग्राहक ने हाथ धोने की जगह के पास एक बैग छोड़ा, जिसमें टाइमर लगे आईईडी में विस्फोट हुआ। बेंगलुरु के रेस्तरां में कम तीव्रता का बम विस्फोट होने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए, जिनमें रेस्तरां कर्मचारी एवं ग्राहक शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायल लोग खतरे से बाहर हैं।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 03 मार्च, 2024



# गौतमबुद्धनगर से भाजपा ने दिया महेश शर्मा को टिकट

● पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं, डॉ महेश शर्मा, हैट्रिक लगाने को तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



भारतीय जनता पारटी ने नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट पर एक बार फिर अपमने वर्तमान सांसद डॉ. महेश शर्मा को टिकट दे दिया है। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट पर अनक कागजी नेता भारतीय जनता पार्टी के टिकट की दावेदीर कर रहे थे।

बीजेपी ने नोएडा से एक बार फिर डॉ. महेश शर्मा को प्रत्याशी बनाने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही यह तय हो गया है कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर) में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शह की पहली पसंद नोएडा के दो बार के सांसद डॉ. महेश शर्मा ही है। बीजेपी की तरफ डॉ. महेश शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने के साथ ही नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) लोकसभा सीट पर चुनाव शुरू हो गया है। अगले एक दो दिनों में समाजवादी पार्टी भी नोएडा सीट पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर सकती है। कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी के गठबंधन में नोएडा की सीट समाजवादी पार्टी के खाते में आई है।

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट बीएपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती की घरेलू सीट रही है। इस कारण बसपा से भी जल्दी ही प्रत्याशी घोषणा हो जाएगी। आपको बता दें कि नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) लोकसभा सीट से कई नेता भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा का टिकट मांग रहे थे।

टिकट मांगने वालों में अनेक कागजी नेता भी शामिल थे। इन कागजी नेताओं ने नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में यह अफवाह फैला रखी थी कि भारतीय जनता पार्टी से इस बार डॉ. महेश शर्मा का टिकट कट जाएगा और उन्हे टिकट मिलेगा। लोकसभा प्रत्याशियों की भारतीय जनता पार्टी की पहली लिस्ट में ही नोएडा के वर्तमान सांसद डॉ. महेश शर्मा का नाम आ गाया है। डॉ. महेश शर्मा के प्रत्याशी बनते ही तमाम कागजी नेताओं के सपनों पर पानी फिर गया है।

नोएडा के टिकट मांगने वाले कागजी नेताओ में नोएडा में डीएम रहे आईएएस अधिकारी बीएम सिंह तथा किशन गोपाल अग्रवाल जैसे नाम शामिल थे। कहा जा रहा था कि इन नामों को आगे करके जेवर क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र सिंह भी टिकट मांग रहे है।

नोएडा सीट पर गुर्जर समाज से किसी नेता को प्रत्याशी बनाया जाए। इस मांग को आगे करके भारतीय जनता पार्टी के पुराने नेता नवाब सिंह नागर , गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर पहली बार सांसद बने बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर लंबे अरसे से भारतीय जनता पार्टी की राजनिति कर रहे थे, बिजेंद्र सिंह भाटी साकीपुर भी टिकट मांग रहे थे। भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर अपने वर्तमान सांसद डॉ. महेश शर्मा को ही नोएड़ा (गौतमबुद्ध नगर) सीट से प्रत्याशी बनाया है।

# एलजी ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दी

● सुकेश रंजन की शिकायत पर वसूली से जुड़ा मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत में पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है। जैन, जो अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार में जेल मंत्री थे, पर तिहाड़ जेल से एक हाई प्रोफाइल जबरन वसूली रैकेट चलाने और सुकेश चन्द्रशेखर से 'सुरक्षा राशि' के रूप में 10 करोड़ रुपये की मांग करने का आरोप है ताकि वह जेल में 'शांति और आराम से रह सकें। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे।

उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने भ्रष्टाचार निवारण (पीसी) अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन के खिलाफ सीबीआई जांच के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए जैन को तिहाड़ जेल में भी रखा गया था, जहां उन्होंने जेल अधिकारियों को शरीर की मालिश और अन्य वीआईपी उपचार प्रदान करने के लिए प्रभावित किया था। सक्सेना ने मामले में आवश्यक कार्रवाई के लिए सीबीआई जांच को मंजूरी देते हुए मामले को गृह मंत्रालय के पास भी भेज दिया। गौरतलब है कि 09 फरवरी 2024 को एलजी ने जैन और तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल के इशारे पर पैसे वसूलने के आरोप में तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ भी सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी थी। यह मामला सुकाश चन्द्रशेखर द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है कि जैन ने 2018-21 के दौरान व्यक्तिगत रूप से या अपने सहयोगियों के माध्यम से विभिन्न किश्तों में संरक्षण राशि के रूप में उनसे 10 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे, ताकि वह दिल्ली की अलग-अलग जेलों (तिहाड़, रोहिणी और मंडोली) में शांति से रह सकें। जैन इस दौरान आप सरकार में मंत्री (जेल) थे। मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है और अभियोजन मंजूरी का अनुरोध दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय (डीओवी) के माध्यम से एलजी के पास आया था, जो इस मामले में सक्षम प्राधिकारी हैं।

सुकेश ने सत्येन्द्र जैन और राज कुमार के अलावा संदीप गोयल और मुकेश प्रसाद पर भी 2019-22 के दौरान विभिन्न किस्तों में 12.50 करोड़ रुपये की उगाही करने का आरोप लगाया था।

जैन, गोयल, प्रसाद और कुमार पर मूल्यवान प्रतिफल के बदले सुकाश चन्द्रशेखर और दिल्ली जेलों में अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए लोक सेवक के रूप में अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग करने का आरोप है। उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में सुकेश ने आरोप लगाया था कि चंद्रशेखर को दक्षिण क्षेत्र में पार्टी में एक महत्वपूर्ण पद देने और उन्हें राज्यसभा में नामांकित करने में मदद करने के लिए 50 करोड़ रुपये से अधिक दिए गए थे। सुकेश ने आरोप लगाया कि 2017 में दो पत्ती प्रतीक भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्हें तिहाड़ जेल में बंद कर दिया गया था। तब जेल मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले जैन ने उनसे मुलाकात की थी और उनसे पूछा था कि क्या उन्होंने जांच एजेंसी को इससे संबंधित कुछ भी बताया है।

उन्होंने आरोप लगाया, इसके बाद 2019 में फिर से जेल में सत्येन्द्र जैन और उनके सचिव और उनके करीबी दोस्त सुशील ने मुझसे मुलाकात की, और मुझसे जेल में सुरक्षित रहने और यहां तक कि बुनियादी सुविधाएं पाने के लिए सुरक्षा राशि के रूप में उन्हें हर महीने दो करोड़ रुपये देने के लिए कहा।

दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने एलजी के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि जल्द ही जांच से टीम अरविंद केजरीवाल का एक और नापाक चेहरा बेनकाब होगा. उन्होंने कहा, जल्द ही हम इसे अच्छी तरह से स्थापित होते देखेंगे कि जेल मंत्री रहते हुए सत्येन्द्र जैन ने तिहाड़ और दिल्ली की अन्य जेलों में बंद अपराधियों से जबरन वसूली का रैकेट कैसे चलाया।

## कोरियर में ड्रग्स का डर दिखाकर महिला से ठगी

**नोएडा।** नोएडा में ठगी का मामला नोएडा से सामने आया है, जिसमें कोरियर पार्सल में ड्रग्स और आपत्तिजनक सामान होने का डर दिखाकर साइबर ठगों ने एक महिला से 375278 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

नोएडा के इन साइबर ठगों ने मोबाइल फोन पर महिला को इस कदर भयभीत कर दिया कि वह परिजनों तक से बात नहीं कर पाई और उसने डर की वजह से पैसे ट्रांसफर कर दिए। महिला के पति ने नोएडा थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज कराया है। चिराग वासने ने बताया कि बीते दिनों उनकी पत्नी के पास फ़ेडेक्स कोरियर सर्विस से एक कॉल आई।

# विकास पर 1300 करोड़ खर्च करेगा ग्रेनो प्राधिकरण

● चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लगी मोहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा शहर में विकास कार्यों में तेजी आने वाली है। 2024 में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा शहर के विकास पर 1300 करोड़ रुपये खर्च करेगा। शुक्रवार को हुई ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड की बैठक में प्राधिकरण का वर्ष 2024-25 का बजट पास कर दिया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वर्ष-2024 में 1200 करोड़ रुपये क्षेत्र के किसानों को देने की घोषणा की है।

आपको बता दें कि शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 134 में बोर्ड बैठक संपन्न हुई, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम, यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम व सौम्य श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण और बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। इस बोर्ड बैठक में प्रमुख रूप से वित्तीय वर्ष 2024.25 के लिए प्रस्तावित बजट पर चर्चा की गई। बोर्ड ने बजट प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है। वर्ष 2023.24 में पूर्व में चले आ रहे ऋणों के भुगतान के मद में माह 31 जनवरी 2024 तक 1272 करोड़ का भुगतान किया गया है। 31 जनवरी 2024 तक 1317 करोड़ की प्राप्तियां हुई हैं।

वित्तीय वर्ष 2023.24 के आय.व्ययक के सापेक्ष 31 जनवरीए 2024 तक 1448 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। वहीं 2024.25 में आवंटनों की किश्तों से और नई प्रस्तावित योजनाओं एवं डिफाल्ट धनराशि की वसूली से 5860 करोड़ के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024.25 में भू.अधिग्रहण, अतिरिक्त प्रतिकर के भुगतान, जेवर हवाई अड्डा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अंशदान, मेट्रो रेल एवं आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं के विकास आदि के लिए 1500 करोड़ रुपए का भुगतान का प्रस्तावित है।

# हसन ने दिलशाद गार्डन में फ्लैट के प्रस्ताव को ठुकराया



● रैट-होल खनिक का घर 29 फरवरी को डीडीए ने गिराया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रैट-होल खनिक वकील हसन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान में अपना घर खोने के बाद दिलशाद गार्डन में एक एमआईजी फ्लैट की अधिकारियों की तरफ से एक और पेशकश को अस्वीकार कर दिया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने शनिवार को कहा कि हसन ने अब दिलशाद गार्डन में दो बेडरूम और एक लिविंग रूम डीडीए एमआईजी फ्लैट लेने से भी इनकार कर दिया है।

हसन ने कहा, शुक्रवार की रात, एक एसडीएम सहित चार सरकारी अधिकारी आए और मुझे दिलशाद गार्डन में एक घर की पेशकश की, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया क्योंकि वे चाहते थे कि मैं अस्थायी आधार पर वहां स्थानांतरित हो जाऊं। हसन ने कहा, यह लिखित में भी नहीं था। वह घर एक एनजीओ का है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को जब उत्तराखंड में सिल्क्यारा-बारकोट सुरंग में फंसे श्रमिकों के बचाव अभियान में उनकी बहुप्रशंसित भूमिका के बारे में पता चला, तो उन्होंने एक विशेष उपाय के रूप में डीडीए से उन्हें मुफ्त में वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने के लिए कहा।

उपराज्यपाल ने ऐसा इस तथ्य के बावजूद किया था कि उनकी जो संरचना ढहाई गई थी, वह अवैध और अनधिकृत थी और डीडीए ने उस सार्वजनिक भूमि पर दावा करने के लिए पूरी तरह से कानूनी तरीके से काम किया था, जिस पर वह स्थित थी। डीडीए ने तुरंत उन्हें 29 फरवरी को नरेला में रहने के लिए तैयार फ्लैट की पेशकश की थी। हालाँकि, हसन ने नरेला के स्थान के बारे में कुछ अशोभनीय टिप्पणियों के साथ इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, जहाँ तीन हजार से अधिक परिवार पहले से ही रह रहे हैं, और अपने पहले के अनधिकृत निवास स्थान के करीब एक आवास के लिए जोर दिया। यह पता चलने पर, उपराज्यपाल ने दिलशाद गार्डन में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वामित्व वाले 2 बीएचके डीडीए फ्लैट को फिर से उन्हें देने का आदेश दिया था।

## डीआईओएस ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षकराजेश श्रीवास द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। आज सुबह की पाली में इंटर की संगीत गायन, वादन की परीक्षा हुई। डीआईओएस ने निरीक्षण के दौरान स्टाफको निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी 24 घंटे संचालित रहें इसका विशेष ध्यान रखा जाए, लगातार इसकी मॉनीटिरिंग होती रहे कि कहीं कोई लापरवाही न होने पाएं। साथ ही अगर किसी परीक्षा केन्द्र पर कोई कमी दिखती है तो तत्काल सम्बंधित केन्द्र व्यवस्थापक को जानकारी देकर ठीक कराई जाए। इस अवसर पर कंट्रोल रूम प्रभारी पवन कुमार भाटी भी मौजूद रहे।

# पालतू पिटबुल के हमले में बच्ची घायल

● शाहदरा के जगतपुरी इलाके घर के बाहर खेल रही थी मासूम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कुत्तों के हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब शाहदरा के जगतपुरी इलाके में एक पालतू पिटबुल के हमले में सात वर्षीय लड़की घायल हो गई है।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि लड़की शुक्रवार शाम को अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटकर ले जाने लगा। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। उन्होंने बताया कि लड़की की मां उसे एक अस्पताल लेकर गई और उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बच्ची की मां का बयान दर्ज कर लिया है और घटनाक्रम का पता लगाने के लिए इलाके की सीसीटीवी फुटेज की मदद ली जा रही है। पुलिस ने बताया कि कुत्ते के मालिक शिवानंद भास्कर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 289 (पशुओं के संबंध मे लापरवाहीपूर्ण कृत्य) और 337 (अन्य लोगों की जान या निजी सुरक्षा खतरे में डालकर नुकसान पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में कुत्तों के काटने की कई घटनाएं सामने आई हैं। गत सप्ताह, मध्य दिल्ली के तुगलक रोड इलाके में कथित तौर पर आवारा कुत्तों के हमले में दो वर्षीय लड़की की मौत हो गई थी। 15 फरवरी को एक व्यक्ति ने एक ऑटो रिक्शा चालक पर हमला कर दिया था तथा अपने कुत्ते से उसके कई बार कटवाया था। ऑटो रिक्शा चालक ने आरोपी से कथित तौर पर केवल अपने कुत्ते को पट्टे में बांधकर रखने को कहा था। उत्तरपूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर में 22 जनवरी को कथित तौर पर एक पालतू कुत्ते ने दो वर्षीय लड़की पर हमला कर दिया था।

# वेतन की मांग को लेकर ओप्पो कंपनी में कर्मियों का हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी ओप्पो के ग्रेटर नोएडा स्थित कंपनी में कर्मचारियों ने शनिवार को जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें ओप्पो कंपनी में नौकरी के लिए ठेके पर रखा गया है। कर्मचारियों ने बताया कि कंपनी का ठेकेदार पूरा वेतन नहीं दे रहा है। वेतन की मांग करने पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया जाता है।

ग्रेटर नोएडा में ओप्पो में कर्चारियों के हंगामे की सूचना मिलते ही थाना ईकोटेक फर्स्ट के थाना प्रभारी और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिन्होने कर्मचारियों को समझाबुझा शांत करने के साथ ओप्पो कंपनी के मैनेजमेंट से बात की है। हजारों की संख्या में सड़क पर हंगामा कर रहे ओप्पो कंपनी के कर्मचारियों ने कंपनी के मैनेजमेंट और ठेकेदारो पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हंगामा कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पूरी सैलरी नहीं दी जा रही है। अगर पूरी सैलरी की मांग करते हैं, तो डराया धमकाया जाता है और कंपनी से निकल भी दिया जाता है। कर्मचारियों का कहना है कि ठेकेदार के द्वारा यह काम काफी लम्बे समय से चलाया जा रहा है। शनिवार को जब ओप्पो कंपनी के कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट गया, तो उन्होंने काम को बीच में ही रोक कर हंगामा करना शुरू कर दिया। ओप्पो कंपनी के सभी कर्मचारियों ने वेतन की मांग को लेकर कंपनी के बाहर सड़कों पर आकर जमकर नारेबाजी की।

ओप्पो कंपनी के कर्मचारियों के हंगामा की सूचना मिलने के बाद थाना ईकोटेक फर्स्ट थाने के थाना प्रभारी के साथ पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों को समझने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारी अभी ओप्पो कंपनी के मैनेजमेंट से भी बातचीत कर रहे हैं। लेकिन वेतनकी मांग को लकर कर्मचारियों का हंगामा जारी है।

## संक्षिप्त समाचार



दिल्ली क्रिकेट हब की विजेता टीम।

### दिल्ली क्रिकेट हब ने खिताब जीता

**नई दिल्ली।** किमाती स्पोर्ट्स मैन ऑफ द मैच सोमबीर श्योकंद 72 रन, ऋषभ ड्राल 47 रन और मयंक अरोड़ा 3/35 की मदद से दिल्ली क्रिकेट हब ने दिल्ली कैपिटल को 5 विकेट से हराकर दूसरे बॉडी केयर एनसी बख्शी मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता मैच एसेक्स फार्म्स ग्राउंड में खेला गया। सोमबीर श्योकंद 72 रन, ऋषभ ड्राल 47 रन की पारी खेली। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज युगल सैनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मयंक अरोरा मैन ऑफ द सीरीज अंकित प्रताप सिंह सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर ध्रूव सिंह रहे। मुख्य अतिथि संजय डावर संस्थापक प्रबंध निदेशक बॉडी केयर क्रिएशन लिमिटेड अशोक शर्मा श्याम शर्मा निदेशक डीडीसीए डॉ. अहमद तमीम सह संयोजक डीडीसीए लीग कमेटी श्री राकेश कौशल टूर्नामेंट सचिव रहे।

### सुविधा शिविर में शिकायतों के निवारण



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव ने सुविधा शिविर का दौरा किया और विभिन्न विभागों के हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए जनता से बातचीत की और उनकी शिकायतें भी सुनीं। पालिका परिषद के 30 विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के हेल्प डेस्क की निगरानी उनके विभागाध्यक्ष करते रहे । इन सुविधा शिविरों के आयोजन के अलावा पालिका परिषद क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए संपर्क रहित शिकायत निवारण तंत्र के रूप में एक जन सुविधा पोर्टल भी लॉन्च किया हुआ है।

### समाज के सभी वर्गों के लिए समान: वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं से लाभार्थी मुस्लिम समाज के गणमान्य जनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सिया सुन्नी फ्रंट के राष्ट्रीय सचिव नज्मी नकवी एवं गुलहसन रिज्जवी, दिल्ली केमिस्ट एंड फार्मेसी एसोशिएशन सचिव दिनेश आनंद सहित अन्य शामिल हैं। इस मौके पर पूर्व महापौरआरती मेहरा, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीस अब्बासी, प्रदेश प्रवक्ताशुभेन्दू शेखर अवस्थी और अशोक ठाकुर उपस्थित थे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में स्वनिधि योजना एवं मुद्रा योजना के लाभार्थी मोहम्मद हैदर अली, अनिसुर रहमान, नैय्यर अब्बास, असलम खान, मुश्ताक अंसारी एवं नईमुद्दीन अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में लाभार्थियों के नाम शामिल हैं।

# रोज फेस्टिवल: 75 किस्मों के गुलाब बिखेरेंगे सुगंध

● पालिका परिषद अध्यक्ष ने भारत-अफ्रीका मैत्री गुलाब उद्यान किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



रोज फेस्टिवल के पहले बच्चों ने जमकर की मस्ती।

वसंत उत्सव की श्रृंखला के तहत एनडीएमसी ने रोज़ फेस्टिवल छह दिनों के लिए भारत-अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गार्डन, शांति पथ पर सभी के लिए खुला रहेगा। इसमें 75 से अधिक किस्मों के गुलाब प्रदर्शित किए गए हैं।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव ने डच दूतावास के कृषि सलाहकार माइकल वॉन एर्केल की उपस्थिति में गुलाब महोत्सव का आज उद्घाटन किया। पालिका परिषद अध्यक्षअमित यादव ने कहा कि ट्यूलिप महोत्सव के दौरान आयोजित ट्यूलिप फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता प्रेरणा,शम्पा मोइत्रा और गुकुलानंद नंदन रहे।

एनडीएमसी के अध्यक्ष ने गिव मी ट्रीज ट्रस्ट एनजीओ के इश्तियाक अहमद, जो ट्यूलिप वॉक के समन्वयक और मार्गदर्शक रहे और विक्रमजीत सिंह रूपराय, जो ट्यूलिप फोटोग्राफी प्रतियोगिता के निर्णायक रहे, को भी सम्मानित किया। एनडीएमसी रोज़ फेस्टिवल का उद्घाटन करने के बाद एनडीएमसी चेयरमैन ने कहा नई दिल्ली के दिल की सुंदरता और खुशबू को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की है।

## दिल्ली की बावलियों पर एक पुस्तक वाचन सत्र

**रोज फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में दिल्ली की बावलियां पर एक पुस्तक वाचन सत्र भी आयोजित किया गया। यह पुस्तक विक्रमजीत सिंह रूपराय द्वारा लिखी गई है और इसकी प्रस्तावना सोहेल हाशमी द्वारा लिखी गई। पुस्तक में जलाशय के रूप में जल संरक्षण के लिए दिल्ली की बावलियों की विरासत के गुणों और महत्व को दर्शाया गया है। रूपराय ने दिल्ली की बावली के इतिहास और पानी के स्थानीय स्त्रोत के साथ-साथ जलाशयों के रूप में उनकी सफलता की कहानियों के बारे में विस्तार से बताया।**

## बसपा नेता को माफिया के नाम की धमकी

**गाजियाबाद।** मुरादनगर निवासी अय्यूब खान ने बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र में काम कर रहे साजिद नामक ठेकेदार के खिलाफ में कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी अय्यूब खान ने पुलिस को बताया है उससे साजिद ठेकेदार ने अपनी साइट पर काम करवाया था। 80 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो जाने पर जब उसने आरोपित से अपनी मेहनत की रकम के 1 लाख 93 हजार रुपये मांगे तो उसने उन्हें अतीक अहमद के नाम से जान से मरवाने की धमकी देने के अलावा भुगत लेने की धमकी भी दे डाली। इस संदर्भ में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# जलवायु परिवर्तन से औसतन 60 फीसदी तक बढ़ सकता है समय से पहले जन्म का जोखिम

## भारत में औसतन हर घंटे 345 नवजातों का जन्म समय से पहले हो रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकता है।

**शोधकर्ताओं** ने अपने नए अध्ययन में खुलासा किया है कि बेहद अधिक तापमान के संपर्क में आने से बच्चे के समय से पहले जन्म यानी प्रीटर्म बर्थ का खतरा औसतन 60 फीसदी तक बढ़ सकता है।

फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी से जुड़े शोधकर्ताओं द्वारा किए इस अध्ययन के अनुसार जलवायु में आता बदलाव सीधे तौर पर बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा है। जलवायु में आते इन बदलावों की वजह से न केवल दुनिया में बच्चों के समय से पहले जन्म के मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही इसकी वजह से सांस संबंधी बीमारियां और उनकी वजह से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी बढ़ा है।

इनकी वजह से पहले से कहीं ज्यादा बच्चों को अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। देखा जाए तो जलवायु में आते बदलावों की यह ऐसी कड़वी हकीकत है, जिसका सामना दुनिया भर में बच्चे कर रहे हैं।

गौरतलब है कि समय से पहले जन्म (प्रीटर्म बर्थ) तब कहा जाता है जब गर्भस्थ शिशु का जन्म गर्भावस्था के 37 सप्ताह के पहले हो जाता है। वहीं यदि किसी बच्चे का जन्म गर्भावस्था के 40 सप्ताह के बाद होता है तो उस जन्म को सामान्य माना जाता है।



शोध में इस बात की भी चेतावनी दी गई है कि यदि इस समस्या से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर कार्रवाई न की गई तो यह गंभीर हकीकत आने वाली कई पीढ़ियों तक बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाएगी।

**कैसे बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है जलवायु परिवर्तन**

यह अध्ययन वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी और टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट से जुड़े शोधकर्ता डॉक्टर लुईस वीडा और फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी से जुड़े प्रोफेसर कोरी ब्रैडशॉ के नेतृत्व में किया गया है। इस अध्ययन के नतीजे जर्नल साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट में प्रकाशित हुए हैं। इस अध्ययन के जो नतीजे सामने आए हैं उनके मुताबिक अत्यधिक तापमान के संपर्क में आने से समय से पहले जन्म का खतरा औसतन 60 फीसदी तक बढ़ सकता है।

गौरतलब है कि अपने इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने दुनिया भर के अलग-अलग हिस्सों में प्रकाशित स्वास्थ्य से जुड़े 163 अध्ययनों का विश्लेषण किया है। शोधकर्ताओं का मानना है कि अध्ययन के जो निष्कर्ष सामने आए हैं वो सरकारों को भविष्य की पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के पड़ते नकारात्मक प्रभावों से निपटने की योजना बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता प्रोफेसर कोरी ब्रैडशॉ का कहना है कि, वैश्विक आंकड़ों से पता चला है कि समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों की दर में चिंताजनक रूप से बढ़ोतरी हुई है, जो लाखों बच्चों के लिए जीवन भर की जटिलताएं पैदा कर सकती है।

उनका आगे कहना है कि हमने यह जांचने के लिए कि भविष्य में मौसम से जुड़ी कुछ घटनाएं किस तरह बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इस दौरान हमें जलवायु परिवर्तन और बच्चों के स्वास्थ्य के बीच कई प्रत्यक्ष संबंधों का पता चला है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण संबन्ध अत्यधिक तापमान के कारण समय से पहले होने वाले जन्म के बीच देखने को मिला है, जिसके जोखिम में औसतन 60 फीसदी का इजाफा होने की आशंका है। उनके मुताबिक बच्चों के स्वास्थ्य पर विभिन्न वायु प्रदूषकों का प्रभाव तापमान की तुलना में कम था। हालांकि अधिकांश प्रदूषण स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, जो चिंताजनक है। शोध के मुताबिक बच्चों को जिन स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, वो मौसम की चरम सीमा पर निर्भर करते हैं। उदाहरण के लिए बेहद ठंड सांस सम्बन्धी बीमारियों को जन्म देती है। वहीं सूखा या भारी बारिश से बच्चों का विकास अवरुद्ध हो सकता है। गौरतलब है कि जर्नल प्लोस मेडिसिन में प्रकाशित एक अन्य रिसर्च से पता चला है कि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण के चलते हर साल करीब 59 लाख नवजातों का जन्म समय से पहले हो रहा है।इस बारे में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जो हाल ही में रिपोर्ट बर्न टू सून डिकेड ऑफ एक्शन ऑन प्रीटर्म बर्थ% जारी की गई उसके मुताबिक वैश्विक स्तर पर हर दो सेकेंड में एक नवजात का जन्म समय से पहले हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ हर 40 सेकंड में इनमें से एक शिशु की मौत हो जाती है। मतलब की दुनिया में जन्म लेने वाले हर दसवें बच्चे का जन्म समय से पहले हो जाता है।

यदि 2020 में इन बच्चों की कुल संख्या को देखें तो यह आंकड़ा 1.34 करोड़ दर्ज किया गया था। इनमें से 45 फीसदी जन्म पांच देशों भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया, चीन और इथियोपिया में दर्ज किए गए। भारत में भी हर साल समय से पहले जन्म ले रहे 30 लाख नवजात यदि भारत से जुड़े आंकड़ों को देखें तो देश में औसतन हर घंटे 345 नवजातों का जन्म समय से पहले हो रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2020 के दौरान भारत में 30 लाख से अधिक दुधमुहों का जन्म समय से पहले हो गया था।

वहीं यदि देश में प्रीटर्म बर्थ की दर को देखें तो वो 13 फीसदी दर्ज की गई है। इसका मतलब है कि भारत में जन्म लेने वाले हर 13वें बच्चे का जन्म समय से पहले हो रहा है। वहीं हैरान कर देने वाली बात है कि दुनिया में समय से पहले जन्म लेने वाला हर पांचवा बच्चा भारतीय होता है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि 2020 के दौरान वैश्विक स्तर पर समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों में 22 फीसदी से ज्यादा भारतीय थे।

शोधकर्ताओं ने यह भी जानकारी दी है कि विश्लेषण में शामिल अधिकांश अध्ययन समृद्ध देशों में किए गए थे। भले ही कमजोर देशों में बच्चों के पास स्वास्थ्य देखभाल, बुनियादी ढांचे और स्थिर खाद्य आपूर्ति तक पर्याप्त पहुंच के बिना जीवन व्यापन की सम्भावना कहीं अधिक है।रिसर्च में यह भी सामने आया है कि विकसित अर्थव्यवस्थाएं भी बच्चों के स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के पड़ते प्रभावों से नहीं बच सकेंगी। हालांकि शोधकर्ताओं के मुताबिक स्वास्थ्य पर मंडराता यह जोखिम अलग-अलग महाद्वीपों में अलग-अलग हो सकता है, जो वहां की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों पर निर्भर करता है।

उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में अत्यधिक तापमान के कारण उत्तर और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ पूर्वी तट पर प्रीटर्म बर्थ के मामलों में वृद्धि हुई है। वहीं क्वींसलैंड में सांस सम्बन्धी समस्याओं में इजाफा हुआ है, जबकि बढ़ते तापमान के कारण दक्षिण अफ्रीका में मृत्यु दर बढ़ी है। प्रोफेसर ब्रैडशॉ के मुताबिक जलवायु में आता बदलाव बच्चों को होने वाली बीमारियों को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में जैसे-जैसे जलवायु में आता बदलाव गंभीर रूप ले रहा है, इन बीमारियों का जोखिम भी बढ़ रहा है। उनके अनुसार इससे सामाजिक और वित्तीय दोनों लागतों में इजाफा होगा। नतीजन परिवार और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ जाएगा। उदाहरण के लिए भविष्य में फारेस्ट फायर के सीजन में अस्थमा पर होने वाला खर्च बढ़कर 150 करोड़ डॉलर तक जा सकता है।

शोधकर्ताओं ने जोर देकर कहा है कि बच्चों को जलवायु सम्बन्धी बीमारियों से बचाने के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है। शोध से यह भी पता चला है कि कहां जलवायु में आते इन बदलावों के प्रति बच्चे सबसे अधिक संवेदनशील हैं। ऐसे में वर्तमान और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए, हमें इन जलवायु संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों के विकास पर ध्यान देना होगा। साथ ही इंसानों की वजह से जलवायु में आते बदलावों को कम करने की दिशा में प्रयास करने होंगें। शोधकर्ताओं का यह भी कहना है कि समाधान खोजने और जलवायु अनुकूलन और शमन सम्बन्धी उपायों को लागू करने से न केवल बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद मिलेगी। इससे सतत विकास से जुड़े कई लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में भी प्रगति होगी। आज जलवायु में आते बदलावों से कोई सुरक्षित नहीं है। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य पर मंडराते इस खतरे के लिए समाज को तैयार रहना होगा।

## भीड़ का डर



प्रदीप कुमार अरोडा
एलएलबी, सीएस,
एम.कॉम, आईपी

कभी कभार
जब मैं अकेला होता हूँ
तो सोचता हूँ
कि इस दुनिया में
इतने बड़े-बड़े शायर है
मेरी क्या औकात है
मैं हूँ कौन
कही मैं इस भीड़ में
खो तो नहीं जाऊंगा
फिर सोचता हूँ
हर्ज ही क्या
कुछ अपनी कहने में
कुछ दूजों की सुनने में
कुछ अपनी सुनाने में
मेरा क्या नफ़ा नुकसान होगा
क्या मैं अपना, खो जाऊंगा?

मेरा, परवरदिगार तब
मुझे चेताता है
कुछ अच्छी बात समझाता है
कुछ भगवद गीता के श्लोक
कुरान की कुछ आयतें
गुरबाणी का पाठ
और बाइबल की
कुछ अच्छी बातें,
मुझे याद दिलाता है

फिर वो,
सबसे बड़ा शायर
कुछ अकेले में
मुझसे कहता है।

क्यों सोचता है तू, कि तू भीड़ में खो जाएगा
मेहनत करने से तू, दिल का सुकून तो पायेगा
अगर कुछ नहीं भी मिला तुझे, तो तेरा क्या खो जाएगा?
क्या तू ले के आया था, जिसके जाने का, तू शोक मनाएगा?
क्यों सोचता है तू, कि तू भीड़ में खो जाएगा

वो फिर कहता है।

मत सोच तू इतना
अगर कुछ कर सकता है
तो बस काम कर इतना
दिल पे ना ले
बोझ तू इतना

उसकी ऐसी बातें सुनकर
मेरा मन
हल्का हो जाता है।

और फिर
मेरा चंचल दिल मुझसे कहता है

कि ये नगमा तो पूरा हो गया
क्या अगला तू बना पायेगा
अरे पगले, कहीं भीड़ में तो नहीं खो नहीं जाएगा।

# खराब वायु गुणवत्ता वाले शहरों की संख्या हुई दोगुनी, दिल्ली में भी दमघोंटू हुई हवा



**देश** में जारी आंकड़ों के मुकाबले खराब वायु गुणवत्ता वाले शहरों की संख्या बढ़कर दोगुनी हो गई है। गौरतलब है कि जहां कल जारी आंकड़ों में आठ शहरों की हवा खराब बताई गई थी। वहीं आज यह आंकड़ा बढ़कर 16 पर पहुंच गया है। इसी तरह दिल्ली में भी वायु गुणवत्ता सूचकांक 61 अंक बढ़कर 208 पर पहुंच गया है। मतलब की दिल्ली में एक बार फिर हवा दमघोंटू हो गई है। इसी तरह देश में अगरतला, अंगुल, बद्दी, बहादुरगढ़, बल्लभगढ़, बारीपदा, भिवाड़ी, बुलंदशहर, गुरूग्राम, गुवाहाटी, मंडी गोबिंदगढ़, मुजफ्फरनगर, नंदेसरी, रूपनगर और वातवा में ही वायु गुणवत्ता का स्तर 200 के पार है।

वहीं देश में जानलेवा हवा वाले शहरों से जुड़े आंकड़ों को देखें तो कल के मुकाबले इनकी संख्या में इजाफा हुआ है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में बर्नीहाट (323) और श्रीगंगानगर (319) में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब बना हुआ है।

वहीं दूसरी तरफ देश में वाराणसी की हवा सबसे साफ है, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 34 दर्ज किया गया है। हालांकि कल के मुकाबले वहां भी वायु गुणवत्ता में गिरावट आई है। इसी तरह देश के छोटे बड़े 16 अन्य शहरों में भी हवा बेहतर बनी हुई है, जबकि साफ हवा वाले शहरों का यह आंकड़ा कल 13 दर्ज किया गया था। आंकड़ों से यह भी पता चला है कि देश में 97 शहरों में वायु गुणवत्ता संतोषजनक है। इन शहरों की संख्या में कल के मुकाबले गिरावट आई है। इसी तरह देश में 123 शहर ऐसा हैं जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 101 से 200 के बीच है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक मार्च 2024 को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 254 में से 16 शहरों में हवा बेहतर (0-50 के बीच) रही। वहीं 97 शहरों में वायु गुणवत्ता संतोषजनक (51-100 के बीच) थी, गौरतलब है कि 29 फरवरी 2024 यह आंकड़ा 119 दर्ज किया गया था। 123 शहरों में वायु गुणवत्ता मध्यम (101-200 के बीच) रही। गुवाहाटी-नंदेसरी सहित 16 शहरों में प्रदूषण का स्तर दमघोंटू (201-300 के बीच) रहा। वहीं बर्नीहाट (323) और श्रीगंगानगर (319) में स्थिति जानलेवा है। ।

यदि दिल्ली की बात करें तो यहां वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है, जहां एयर क्वालिटी इंडेक्स 61 अंक बढ़कर 208 पर पहुंच गया है। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद में इंडेक्स 157, गाजियाबाद में 159, गुरुग्राम में 227, नोएडा में 175, ग्रेटर नोएडा में 198 पर पहुंच गया है। देश के अन्य प्रमुख शहरों से जुड़े आंकड़ों को देखें तो मुंबई में वायु गुणवत्ता सूचकांक 118 दर्ज किया गया, जो प्रदूषण के मध्यम स्तर को दर्शाता है। जबकि लखनऊ में यह इंडेक्स 109, चेन्नई में 83, चंडीगढ़ में 181, हैदराबाद में 84, जयपुर में 114 और पटना में 160 दर्ज किया गया।

देश के इन शहरों की हवा रही सबसे साफ

देश के जिन 16 शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 50 या उससे नीचे यानी बेहतर रहा, उनमें बागलकोट 42, बिलासपुर 50, चामराजनगर 48, छाल 46, फिरोजाबाद 48, झांसी 38, कडपा 46, मडिकेरी 46, मानेसर 44, मिलुपारा 45, ऊटी 37, पालकालाइपेरुर 50, रामानगर 41, तुमकुरु 36, वाराणसी 34, और विजयपुरा 39 शामिल रहे।

# संरक्षित वन क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में नहीं होना चाहिए खनन : सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम** कोर्ट (एससी) ने 27 फरवरी, 2024 को दिए अपने आदेश में स्पष्ट कर दिया है कि पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) और संरक्षित वन क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में खनन सम्बन्धी गतिविधियां को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

इसी तरह जहां भी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र एक किलोमीटर से अधिक है वहां भी यह प्रतिबन्ध लागू होगा। गौरतलब है कि यह मामला उत्तराखंड में नंधौर वन्यजीव अभयारण्य के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र के भीतर चल रही खनन गतिविधियों और स्टोन क्रशर से संबंधित है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 26 अप्रैल, 2023 को दिए अपने एक आदेश में माना था कि पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों (ईएसजेड) सभी संरक्षित वन क्षेत्रों के लिए समान नहीं हो सकता और यह विशिष्ट संरक्षित वनों की सीमाओं के आधार पर अलग-अलग होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों (ईएसजेड) के रूप में अधिसूचित क्षेत्र के बावजूद संरक्षित वन क्षेत्र की सीमाओं से एक किलोमीटर के दायरे में खनन गतिविधियों पर प्रतिबन्ध होना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने एन बी मिनरल्स कॉर्पोरेशन को दिया पिथौरागढ में डोलोमाइट खनन न करने का निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने 27 फरवरी 2024 को एन बी मिनरल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को निर्देश दिया है कि वो डीडीहाट में मैग्नेसाइट या डोलोमाइट का खनन न करे, मामला उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले का है।



हालांकि कंपनी को डीडीहाट के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में अर्थमूविंग और निर्माण उपकरण का उपयोग करके एक रिटेनिंग अथवा सुरक्षा दीवार बनाने की अनुमति दी गई है। अदालत ने यह भी कहा है कि निर्माण से पहले और बाद की तस्वीरें रिकॉर्ड में रखी जानी चाहिए।

शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा दीवार के निर्माण के अलावा एन बी मिनरल्स कॉर्पोरेशन द्वारा कोई अन्य निर्माण नहीं किया जाना चाहिए।

2010-2011 से बंद होने के आदेश तक खनन गतिविधियों की वास्तविक स्थिति और प्रभाव को समझने के लिए, सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति वहां किए जा रहे मरम्मत कार्य की भी समीक्षा करेगी और इस पर अपनी राय देगी कि क्या खनन फिर से शुरू किया जाना चाहिए और उसके लिए क्या शर्तें लागू की जानी चाहिए। कोर्ट ने समिति को छह सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

**सुप्रीम कोर्ट का यह भी कहना है कि जहां पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र का दायरा एक किलोमीटर से अधिक है, वहां भी यह प्रतिबंध लागू होगा**

**हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं के लिए जिम्मेवार अवैध खनन और वन विनाश जैसे मुद्दों पर एनजीटी में हुई सुनवाई**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 29 फरवरी 2024 को हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं में योगदान देने वाले वन विनाश, गलत तरीके से किए जा रहे योजनाबद्ध निर्माण और अवैध खनन के मुद्दे पर सुनवाई की है। गौरतलब है कि आवेदन 25 नवंबर, 2023 को द हिंदू अखबार में छपी एक खबर के आधार पर दायर किया गया था।

बता दें कि 20 दिसंबर, 2023 को अपने पिछले आदेश में, ट्रिब्यूनल ने महाधिवक्ता की उस दलील पर ध्यान दिया था जिसमें कहा गया था कि अवैध खनन में शामिल इकाइयों की पहचान की गई है और उनका संचालन बंद कर दिया गया है। ट्रिब्यूनल ने प्रदूषक भुगतान सिद्धांत के आधार पर नियमों को तोड़ने वाली इन इकाइयों पर पर्यावरणीय मुआवजे की वसूली की भी बात कही थी। साथ ही, ट्रिब्यूनल ने वनों के अवैध विनाश और खनन को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर भी दिया था।


हिमाचल प्रदेश के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस मामले में अपने जवाब दाखिल किए हैं। ऐसे में राज्य की ओर से पेश वकील ने सभी प्रतिक्रियाओं की समीक्षा करने और अदालत के लिए एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने के लिए दो सप्ताह का समय देने का कोर्ट से अनुरोध किया है। एचपीपीसीबी ने उन उल्लंघनकर्ताओं के बारे में जानकारी का खुलासा करने के लिए भी समय मांगा है, जिन पर पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया था। इन सभी मुद्दों पर विचार करते हुए एनजीटी ने मामले को नौ मई, 2024 तक के लिए स्थगित कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका

**पेरिस।** स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन इसके बावजूद मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बाहर बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह लगातार दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में मैदान पर उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही। इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर अपनी कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है। पीएसजी ने इसके साथ ही फ्रांसीसी लीग में अपना अजेय अभियान 19 मैच तक पहुंचा दिया है।

### यूएस ओपन कप में नहीं खेलेंगे मेसी



**शिकागो।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के महत्वपूर्ण फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल आठ टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 96 टीम अपना भाग्य आजमाएंगी। ह्यूस्टन इस टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था। मेसी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए थे।

# ग्लेन फिलिप्स ने झटके पांच विकेट, न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य

## टेस्ट के तीसरे दिन 164 रन पर सिमटी आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी, कीवी टीम ने तीन विकेट खोकर बनाए 111 रन

एजेंसी। वेलिंगटन

**काम चलाऊ** ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी उम्मीद जगा दी।

पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल करने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में लचर प्रदर्शन के बावजूद न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 111 रन बनाए हैं और इस तरह से वह लक्ष्य से 258 रन पीछे है।



ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 13 रन से आगे बढ़ाई लेकिन चार घंटे से भी कम समय में उसने अपने बाकी बचे विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), पहली पारी में शतक बनाने वाले कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (00) और एलेक्स कैरी (03) के विकेट हासिल किए। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (नाबाद 56) और डेरिल मिशेल (नाबाद 12) पर टिका है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि अंतिम सत्र में केन विलियमसन (09) का महत्वपूर्ण विकेट लेकर न्यूजीलैंड को करारा झटका दिया। पहली पारी में खाता खोले बिना रन आउट होने वाले विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया जो मैच के परिणाम में अहम भूमिका निभा सकता है। स्मिथ ने इसके बाद हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच भी लिया। टॉम लैथम (08) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया। मैच के चौथे दिन बारिश होने की भविष्यवाणी की गई है और ऐसे में मैच ड्रॉ भी समाप्त हो सकता है।

# रिंग में उतरेंगे शिव, दीपक, निशांत

## पेरिस ओलंपिक में कोटा हासिल करने के लिए विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट आज से

एजेंसी। नई दिल्ली

**अनुभवी** मुक्केबाज शिव थापा, दीपक भोरिया और निशांत देव सहित नौ भारतीय मुक्केबाज रविवार से इटली के बस्टो अर्सिजियो में शुरू होने वाले पहले विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए रिंग में उतरेंगे।

भारत के सात पुरुष और दो महिला मुक्केबाज अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड द्वारा बनाई गई एक तदर्थ संस्था पेरिस 2024 मुक्केबाजी इकाई (पीबीयू) द्वारा आयोजित किए जा रहे क्वालीफायर में ओलंपिक स्थान हासिल करने का लक्ष्य बनाए होंगे। टूर्नामेंट में 49 कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे और एक मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर लेगा। लेकिन महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक स्थान तय करने के लिए सेमीफाइनल हारने वाली मुक्केबाजों के बीच बॉक्स ऑफ (मुकाबला) होगा क्योंकि केवल तीन स्थान दांव पर लगे हैं। कई मुक्केबाजों ने अपने संबंधित महाद्वीपीय टूर्नामेंट से कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं लेकिन कुछ विश्वस्तरीय मुक्केबाज इटली में ऐसा करना चाहेंगे।





भारतीय उम्मीदों की अगुआई 2023 विश्वचैम्पियनशिप के पदक विजेता भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और देव (71 किग्रा) की तिकड़ी करेगी। भोरिया और देव अपने भार वर्ग में मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के दो बार के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन घुटने की सर्जरी के बाद पिछले साल विश्वचैम्पियनशिप के बाद पहली बार रिंग में उतरेंगे। छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता थापा (63.5 किग्रा) के साथ पूर्व एशियाई चैम्पियन संजीत (92 किग्रा) से भी काफी उम्मीदें लगी होंगी।

सुपर हैवीवेट मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा) भी प्रबल दावेदार हैं। वह एशियाई महाद्वीप के मुक्केबाजों के लिए पहली क्वालीफाइंग प्रतियोगिता एशियाड में सभी भारतीय पुरुष मुक्केबाजों के बीच कोटा हासिल करने के सबसे करीब पहुंचे। महिलाओं में जैस्मीन लम्बोरिया को महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी। पूर्व युवा विश्वचैम्पियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) को अरुंधति चौधरी की जगह मौका दिया गया है।

दो बार की विश्वचैम्पियन निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पहले ही पेरिस के लिए कोटा हासिल कर चुकी हैं। हालांकि मुक्केबाजों को थाईलैंड में मई-जून में अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से भी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

### मुक्केबाजों का दल

**महिला:** जैस्मीन लम्बोरिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (66 किग्रा)।

**पुरुष:** दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा)।

# प्राग मास्टर्स: प्रज्ञानंदा, गुकेश विदित ने ड्रॉ बाजी खेलीं

एजेंसी। प्राग



**भारत** के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञाननंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली।


लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुएन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। ईरान के परहम माघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली।

चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह प्रज्ञाननंदा, नवारा, दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं।

### सैन डिएगो ओपन के सेमी में जेसिका

**सैन डिएगो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्वमें पांचवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से पराजित किया। तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## मैक्सिको ओपन: एलेक्स डी मिनौर और कैस्पर रूड में होगा खिताबी मुकाबला



**अकापुल्को ( मैक्सिको )।** गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने के कारण मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने दूसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

# टेस्ट क्रिकेट को बचाने के मसौदे को नजरअंदाज करने की खबरें गलत

## सीए के सीईओ हॉकल बोले- हम अभी विचार कर रहे हैं

एजेंसी। सिडनी

**क्रिकेट** ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए आईसीसी ने जो मसौदा पेश किया था उस पर तीन प्रमुख देशों भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ने गौर नहीं किया।

सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट के तीन शक्तिशाली बोर्ड ने उस दस्तावेज को नजरअंदाज कर दिया जिसे न्यूजीलैंड क्रिकेट के अध्यक्ष मार्टिन स्नेडेन ने तैयार किया था और जिसमें टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में बदलाव करने की सिफारिश की गई थी। हॉकले ने कहा, स्पष्ट रूप से मुझे लगता है कि इस बारे में गलत रिपोर्टिंग की गई है। निश्चित तौर पर अभी हम इस पर विचार कर रहे हैं कि क्रिकेट कैलेंडर को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है और विश्वभर में क्रिकेट को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है।




क्रिकेट में बदलाव के लिए जो मसौदा तैयार किया गया है, उसमें इंडियन प्रीमियर लीग की तरह अन्य टी-20 लीग के लिए भी अतिरिक्त विंडो रखने, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक प्रणाली में बदलाव करने, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ओवरों की संख्या घटाकर 40 करने, टी-20 क्रिकेट से जुड़ी आशंकाएं आदि शामिल हैं। हॉकले ने कहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया खेल के तीनों प्रारूपों को आगे बढ़ाने में आईसीसी की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अनुभव के साथ नेगेटिव चीजों से दूर रहना सीखा

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश शनिवार को कहा कि उन्होंने अनुभव के साथ नकारात्मक विचारों से दूर रहना सीख लिया है, जिससे उन्हें बड़े मैचों में गोल पोस्ट पर मुस्तैत रहने में मदद मिलती है।

पेरिस ओलंपिक की तैयारी कर रहे श्रीजेश का इशारा गोलकीपर के मुश्किल काम के लिए कम सराहना मिलने की ओर था। प्राइम वॉलीबॉल लीग फ्रेंचाइजी बेंगलुरु टॉरपीडोज के मुख्य कोच डेविड ली के साथ बातचीत के दौरान श्रीजेश ने कहा, कभी-कभी यह ऐसी जिम्मेदारी होती है जिसकी सराहना नहीं की जाती है।



मैंने अगर 10 गोल बचाए और एक गोल खाया, तो हर किसी को वह एक गलती याद रहेगी। मैंने हालांकि इन चीजों को स्वीकार कर लिया है और मैं इसके साथ आगे बढ़ गया हूं। उन्होंने कहा, इस पेशे ने मुझे निजी जीवन में दबाव और आलोचना से निपटने में भी मदद की है। ली अपने खेल के दिनों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ियों में रहे है। उन्होंने तीन ओलंपिक में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हुए एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया है। इस बातचीत में श्रीजेश ने कहा, गोलकीपर का काम मानसिक होता है।

# आईपीएल: सीएसके का अभ्यास शिविर शुरू

## दीपक चाहर सहित कई खिलाड़ियों का पहला जत्था चेन्नई पहुंचा

एजेंसी। चेन्नई

**आईपीएल** के आगामी सत्र की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को यहां तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ।

चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के एक अधिकारी ने बताया, स्थानीय (भारतीय) खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंच गया है। अगले कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है।

चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले शुक्रवार को शहर में खिलाड़ियों के पहले बैच के आगमन की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) का नाम शामिल था। चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के बीच से हट गए थे ।



उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को पूरी तरह से फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं। प्रशंसकों के पसंदीदा और टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें शुक्रवार को जामनगर में पत्नी साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी के शादी पूर्व कार्यक्रम में देखा गया था। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को आरसीबी के खिलाफ करेगी।

